राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिपः साइना जीती

पाकिस्तान की अदालत ने 14 अरब रुपयों के धन शोधन मामले... 12

वर्ष : 12 | अंक : 347 | नई दिल्ली, गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, त्रेयोदशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C

बिहार और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में लू चल रही है।

**पोल**

**महंगाई से बचने के लिए क्या राज्य सरकारों को तेल के वैट टैक्स कम करना चाहिए?**

| | |
|---|---|
| हां | 90% |
| नहीं | 05% |
| कह नहीं सकते | 05% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 53,315 |
| चांदी | 65,000 |
| सेंसेक्स | 56,819 |
| निफ्टी | 17,038 |

## संक्षिप्त खबर

### हम बंगाल को हाथरस या उन्नाव नहीं बनने देंगेः ममता बनर्जी

कोलकाता। कोलकाता में राणाघाट ज़िला पुलिस के साथ वर्चुअल बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आत्महत्या को दुष्कर्म का मामला बनाया गया। भाजपा और सीपीएम दोनों मिलकर बंगाल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम बंगाल को हाथरस या उन्नाव नहीं बनने देंगे। हांसखाली की घटना कैसे घटी ? IC ने क्यों सही खबर नहीं रखी, IC की लापरवाही से ये घटना घटी है। आपके ज़िले में कितने लोगों की मृत्यु हुई इसकी खबर तो रखनी होगी। पंचायत सर्टिफिकेट देती है हम जान भी नहीं पाते हैं।

### गाजियाबादः अब रहना होगा और महंगा, डीएम सर्किल रेट के आधार पर लगेगा संपत्ति कर

गाजियाबाद। नगर निगम ने डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर लगाने की तैयारी की है। इससे गाजियाबाद शहर में रहना अब और महंगा होगा। नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले 5.70 लाख संपत्ति करदाताओं की जेब पर भार बढ़ सकता है। इसका प्रस्ताव तैयार हो चुका है, शुक्रवार को होने वाली नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में इस प्रस्ताव को पेश किया जाएगा। कार्यकारिणी की मंजूरी के बाद प्रस्ताव को सदन में रखा जाएगा, सदन की अनुमति मिलने पर शहर में संपत्ति कर डीएम सर्किल रेट के आधार पर वसूलना शुरू किया जाएगा। वर्तमान में नगर निगम द्वारा सवा रुपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से संपत्ति कर का निर्धारण कर वसूला जा रहा है। डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर की वसूली का प्रस्ताव पास होने पर करदाताओं पर तीन से चार गुना तक भार बढ़ जाएगा। पाश एरिया में चार रुपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से संपत्ति कर वसूला जाएगा।

### हेमंत के मसले पर पीएम मोदी और अमित शाह से मिले राज्यपाल रमेश बैस

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में घिरने के बाद झारखंड का सियासी पारा चढ़ गया है। राज्यपाल रमेश बैस ने इस सिलसिले में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने झारखंड की राजनीतिक गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही पत्थर खदान लीज मामले में राजभवन द्वारा की गई अबतक की गई कार्रवाई की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल रमेश बैस ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को बताया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अनियमितता से संबंधित दस्तावेज उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त हैं। इधर, दिल्ली में राज्यपाल के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिलने के बाद राज्य की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# यूक्रेन में संघर्ष से निपटने का सर्वश्रेष्ठ तरीका लड़ाई रोकना और वार्ता करनी होगी : जयशंकर

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन में संघर्ष से निपटने का सर्वश्रेष्ठ तरीका लड़ाई रोकने और वार्ता करने पर जोर देना होगा। साथ ही, संकट पर भारत का रुख इस तरह की किसी पहल को आगे बढ़ाना है।

भारत की विदेश नीति एवं भू-आर्थिक सम्मेलन रायसीना डायलॉग में एक परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह कहा। जयशंकर ने यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई पर भारत के रुख की आलोचना का मंगलवार को विरोध करते हुए कहा था कि पश्चिमी शक्तियां पिछले साल अफगानिस्तान में हुए घटनाक्रम सहित एशिया की मुख्य चुनौतियों से बेपरवाह रही हैं।

उन्होंने कहा, हमने यूक्रेन मुद्दे पर कल काफी वक्त बिताया और मैंने न सिर्फ यह विस्तार से बताने की कोशिश की कि हमारे विचार क्या हैं, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि हमें लगता है कि आगे की सर्वश्रेष्ठ राह लड़ाई रोकने, वार्ता करने



और आगे बढ़ने के रास्ते तलाशने पर

**यूक्रेन-रशिया**

- विदेश मंत्री ने कहा, हम कौन हैं, इस बारे में हमें आश्वस्त रहना होगा। मुझे लगता है कि हम कौन हैं... इस आधार पर विश्व के देशों से बात करना बेहतर होगा

जोर देना होगा। हमें लगता है कि हमारी सोच, हमारा रुख उस दिशा में आगे बढ़ने का सही तरीका है। भारत ने यूक्रेन पर हुए हमले की अब तक सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की है और वार्ता एवं कूटनीति के जरिये संघर्ष का समाधान करने की अपील करता रहा है। जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत की आजादी के बाद के 75 वर्षों के संघर्ष के बारे में चर्चा की और इस बात को रेखांकित किया कि देश ने दक्षिण एशिया में लोकतंत्र को बढ़ावा देने में किस तरह से भूमिका निभाई है। विदेश मंत्री ने मानव संसाधन और विनिर्माण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिये जाने का जिक्र किया और कहा कि विदेश नीति के तहत बाहरी सुरक्षा खतरों पर शायद ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। जयशंकर ने इस सवाल पर कि अगले 25 वर्षों की प्राथमिकताएं क्या होनी चाहिए, कहा कि सभी संभावित क्षेत्रों में क्षमता निर्माण पर मुख्य रूप से जोर होना चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा, हम कौन हैं, इस बारे में हमें आश्वस्त रहना होगा। मुझे लगता है कि हम कौन हैं.. इस आधार पर विश्व के देशों से बात करना बेहतर होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत अपनी प्रतिबद्धताओं, जिम्मेदारियों और अगले 25 वर्षों में अपनी भूमिकाओं के संदर्भ में अत्यधिक अंतरराष्ट्रीय होगा।

### कोरोना पर मीटिंग, विपक्ष पर निशानाः मोदी ने कहा–

# तेल पर टैक्स घटाएं

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

देश में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें महामारी ओर यूक्रेन-रूस जंग के कारण देश की आर्थिक स्थिति पर हुए असर को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम ने राज्यों से उनके हिस्से का टैक्स घटाने की अपील की है, ताकि जनता पर महंगाई का बोझ कम किया जा सके।

पीएम ने इस दौरान पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोधी राज्य सरकारों पर निशाना भी साधा। उन्होंने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों का अंतर गिनाया। कहा- मुंबई में 120 रुपए लीटर पेट्रोल है, जबकि पड़ोस के ही केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव में यह 102 रुपए है। इसी तरह तमिलनाडु में 111 रुपए तो जयपुर में 118 रुपए लीटर है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि ये सच नहीं है कि राज्य के कारण पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ है। मुंबई में एक लीटर डीजल पर टैक्स का हिस्सा केंद्र के लिए 24.38 रुपए और राज्य के लिए 22.37 रुपए है। पेट्रोल टैक्स का हिस्सा केंद्रीय कर के रूप में 31.58 रुपए और राज्य कर के रूप में 32.55 रुपए है। जनता को राहत देने के लिए राज्य पहले ही प्राकृतिक गैस में टैक्स राहत दे चुका है। प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने के लिए इस पर वैट की दर 13.5% से घटाकर 3% कर दी गई है।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा- पीएम ने हेल्थ के बजाय पेट्रोल-डीजल पर ज्यादा बात की, जिससे ये राजनीतिक बैठक बन गई। पीएम मोदी इनको GST के तहत लाएं और देश के लिए एक नीति बनाएं। इसके पहले उन्होंने कहा- मैं सभी कोरोना वॉरियर्स की प्रशंसा करता हूं, जिस तरह उन्होंने अब तक अपना काम किया है। कुछ राज्यों में कोरोना के केस बढ़ते रहे हैं, लेकिन कोरोना की चुनौती टली नहीं है। इसकी गंभीर हालत हो सकती है। ये यूरोप में देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई देशों में केस सामने आए हैं। हमने हालात को नियंत्रण में रखा है। पिछले दो हफ्तों में केस बढ़ने से यह समझ आया है कि हमें अलर्ट रहना है। हमारे पास कुछ महीने पहले जो लहर आई, उससे हमने बहुत कुछ सीखा। सभी ओमिक्रॉन से सफलता से निपटे, मुकाबला किया। दो साल के भीतर देश ने हेल्थ इंफ्रस्ट्रक्चर से लेकर ऑक्सीजन तक पर काम किया।



**तीसरी लहर से सबक सीखा, आगे सतर्कता रखनी होगी**

सभी एलिजिबल बच्चों का जल्द से जल्द टीकाकरण हमारी प्राथमिकता है। पहले की तरह स्कूलों में विशेष अभियान चलाने की जरूरत होगी। टीचर्स-पेरेंट्स और बाकी एलिजिबल लोग भी प्रिकॉशन डोज ले सकते हैं। उन्हें हमें जागरूक करते रहना होगा। तीसरी लहर के दौरान हमने हर दिन तीन लाख से ज्यादा केस देखे। हमने इसे हैंडल किया। यही बैलेंस हमारी आगे की स्ट्रैटेजी का हिस्सा होना चाहिए। इन्फेक्शंस को शुरूआत में ही रोकना है। हमारी प्राथमिकता पहले भी यही थी और अभी भी यही है।

**बैठक**

- कुछ राज्य पेट्रोल-डीजल पर टैक्स नहीं घटा रहे इससे जनता पर बोझ बढ़ा

**वैक्सीनेशन ने तीसरी लहर से बचाया**

तीसरी लहर में हालात नहीं बिगड़े। इससे वैक्सीनेशन को मदद मिली। हर राज्य में वैक्सीन जन जन तक पहुंची। हर भारतीय के लिए गौरव की बात है आज कि 96 प्रतिशत आबादी को पहली डोज, 15 साल से ऊपर 85 प्रतिशत को दूसरी डोज लग चुकी है। आप समझते हैं कि वैक्सीन ही सबसे बड़ा कवच है। देश में लंबे समय बाद स्कूल खुले हैं ऐसे में केस बढ़ने से चिंता बढ़ रही है। मार्च में हमने 12 से 14 के लिए, कल 6 से 12 के लिए कोवैक्सिन की परमिशन मिल गई है।

अस्पतालों में भर्ती मरीजों में जो गंभीर इंफ्लूएंजा के मरीज हैं उनका शत-प्रतिशत RT-PCR टेस्ट हों। पॉजिटिव आने पर उसके सैम्पल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजिए।

### अलवर मंदिर विवादः300 साल पुराना मंदिर तोड़ा गया

# साधु-संतों और बीजेपी नेताओं ने आक्रोश रैली निकाली

**अलवर, एजेंसी**

अलवर में 300 साल पुराने मंदिर पर बुलडोजर चलाए जाने के 10 दिन बाद हिंदू संगठनों और साधु-संतों ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली की अगुवाई कर रहे अलवर सांसद बालक नाथ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान सरकार को तुष्टीकरण की राजनीति करने से रोकने के लिए यह मार्च निकाल रहे हैं। जिन अधिकारियों ने मंदिर तोड़ा है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और दोबारा मंदिर बनाया जाए।फिलहाल साधु-संतों और कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते के बीच बातचीत का दौर चल रहा है। इसमें समाज के कई साधु, संत भी मौजूद हैं। वे अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं।अलवर के राजगढ़ में प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान 300 साल पुराना मंदिर तोड़ दिया था, इसके बाद से ही भाजपा राज्य सरकार पर हमलावर है और मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर रही है।

साधु-संतों के विरोध की शुरूआत कंपनी बाग के शहीद स्मारक से हुई। साधु-संतों के साथ-साथ बड़ी



- तख्ता पलट करने तक संघर्ष चलेगा-बालक नाथ

संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी रैली में पहुंच गए। इसके बाद अलवर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आक्रोश रैली में हिस्सा लेने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश समेत राजस्थान के विभिन्न जिलों से साधु संतों की टोलियां अलवर पहुंची।

सांसद बालक नाथ के साथ अन्य समाज के साधु-संतों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार देवी-देवताओं का अपमान कर रही है। सांसद बालक नाथ के साथ अन्य समाज के साधु-संतों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार देवी-देवताओं का अपमान कर रही है। गौरतलब है कि अलवर में सड़क का रास्ता साफ करने के लिए अलवर में 86 दुकानें व घर बुलडोजर से तोड़े गए थे, इसी में 300 साल पुराना मंदिर भी था। एक दिन पहले ही गहलोत सरकार ने रउद्ध और नगर पालिका के एड समेत चेयरमैन को भी सस्पेंड कर दिया है। सांसद बाबा बालकनाथ ने कहा कि यह मामला शांत नहीं होगा। गहलोत सरकार ने देवी देवताओं का उसी तरह अपमान किया है, जैसे ढाई सौ साल पहले मुगलों ने सनातन धर्म का अपमान किया था। हिंदू समाज उसे भी नहीं भूला है और गहलोत सरकार के इस काम को भी याद रखेगा। गहलोत सरकार ने मुगलिया शासन की याद ताजा की है। सरकार का तख्ता पलट करने तक ये संघर्ष चलेगा।

# कैबिनेट के फैसले : बढ़ाई गई पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि की मियाद

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में निर्णय लिया गया है कि पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को अब दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से चलाई जा रही स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत अब तक विभिन्न योजनाओं से 16.7 लाख



लाभार्थियों को फायदा मिला है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में बेहतर इंटरनेट और डेटा सेवाओं में सुधार के

- उर्वरकों पर 60,939 करोड़ की सब्सिडी को मंजूरी

लिए 2जी मोबाइल सेवाओं को 4जी में अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए यूनिवर्सल सर्विस आब्लिगेशन फंड परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस पर 2,426.39 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिन 2जी टावरों को 4जी में बदला जाना है वे सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं। इनमें भारत में बने 4जी कोर नेटवर्क, रेडियो नेटवर्क एवं टेलीकाम नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाएगा।

# मंदिर की रथयात्रा के दौरान हादसा, 11 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु के तंजावुर जिले में एक मंदिर की रथयात्रा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। बुधवार तड़के रथ के बिजली के तार की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राज्य के CM एमके स्टालिन ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 5 लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। वे आज तंजावुर पहुंचेंगे, जहां वे हालात का जायजा लेंगे और घायलों से मिलेंगे। राज्य सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी ने विधानसभा



में बताया कि हादसे की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी की अध्यक्षता रेवेन्यू सेक्रेटरी कुमार जयंत करेंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने घटना पर शोक व्यक्त किया है और घायलों के जल्द ही स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। वहीं, प्रधानमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को पीएम नेशनल रिलीफ फंड से 2-2 लाख रुपए देने का ऐलान किया है। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। हादसे पर दुख जताते हुए घटना पर तमिलनाडु विधानसभा में 2 मिनट का मौन रखा गया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। तंजावुर के कालीमेडु मंदिर में 94वां अप्पर गुरुपूजा उत्सव मनाया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए मंगलवार रात से ही लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। रथयात्रा एक मोड़ से गुजर रही थी, इस दौरान रथ पर खड़े लोग एक हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। 9 फुट ऊंचे रथ को फूलों और लाइट्स से सजाया गया था। रथ की लाइट्स को बिजली देने के लिए एक जेनरेटर भी जुड़ा था।

**जागरूकता** नवीनतम तकनीक और सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं से जुड़े किसान समृद्ध हुए

# किसानों की आय दो से दस गुना बढ़ीः तोमर

**नई दिल्ली, प्रात :किरण संवाददाता**

कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने किसानों की आय में दो से दस गुना तक की वृद्धि होने का आज दावा करते हुए कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसानों को गांव गांव में जा कर खेती कर रहे लोगों को जागरुक करना चाहिए जिससे वे भी समृद्ध बने ।

तोमर ने किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी कार्यक्रम के तहत फसल बीमा पाठशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवीनतम तकनीक और सरकार की कृषि सम्बन्धी योजनाओं से जुड़े किसान समृद्ध हुए हैं और उनके परिवार में तरक्की हुयी है। पिछले पांच छह साल के दौरान ऐसे किसानों की आय दो से दस गुना तक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ये किसान कृषि राजदूत बन कर गांव-गांव में जायें तो खेती की अर्थ व्यवस्था मजबूत हो जायेगी । कृषि मंत्री ने कहा कि आज किसानों को उनके उत्पादों का बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अच्छी कीमत मिल रही है। गेहूं और



सरसों का बेहतर मूल्य मिल रहा है तथा सरसों तेल में मिलावट को रोका गया है जिससे किसान बहुत खुश हैं । सरकार इस प्रकार के अन्य कदम भी उठायेगी जो किसानों के हित में हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिसमें से आठ हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इससे भंडारण तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया जायेगा। इस मामले में बैंकों का योगदान सराहनीय रहा है। तोमर

- अभी 38 लाख हेक्टेयर जमीन पर जैविक खेती की जा रही है जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है

ने प्राकृतिक खेती को मिशन मोड में लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे कृषि लागत कम होगी तथा किसानों के उत्पादों को अच्छा मूल्य मिलेगा। अभी 38 लाख हेक्टेयर जमीन पर जैविक खेती की जा रही है जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से तालमेल बिगड़ने से अनेक समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। रासायनिक खाद के लिए हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं और यदि वे ये उर्वरक देने से मना कर दें तो समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि एक समय देश में खाद्यान्न का अभाव था जिसके लिए हरित क्रांति की शुरूआत की गयी और इसके लिए रासायनिक उर्वरकों का सहारा लिया गया। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश ने हरित क्रांति को सफल बनाने में भारी योगदान दिया था। अब देश में जरुरत से अधिक अनाजों की पैदावार होती है और बागवानी फसलों का रिकार्ड उत्पादन हो रहा है। देश से चार लाख करोड़ रुपये मूल्य से अधिक के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है जिसके लिए किसान बधाई के पात्र हैं ।तोमर ने कहा कि किसानों को साहूकारों से छूटकारा दिलाने को लेकर पिछले सात साल से देश में किसान क्रेडिट कार्ड अभियान चलाया जा रहा है और इससे पशुपालन को भी जोड़ा गया है। इसके तहत किसानों को 15 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। इस ऋण पर किसान चार प्रतिशत की दर से ब्याज देते हैं। उन्होंने कृषि बीमा योजना से किसानों को होने वाले फायदों की चर्चा करते हुए कहा कि बीमा प्रीमियम के रुप में किसानों ने 21000 करोड़ रुपये जमा किये थे और उनके 115000 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया है । इसी प्रकार से किसान सम्मान निधि योजना के तहत साढे ग्यारह करोड़ किसानों को पंजीकृत किया गया है और उनके खातों में 182000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

### हाई कोर्ट में आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई में नया मोड़

# जस्टिस राजीव सिंह ने खुद को केस से किया अलग

**लखनऊ, एजेंसी**

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत दिए जाने की अर्जी पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन इस केस के जस्टिस राजीव सिंह ने अपने को सुनवाई से अलग कर लिया। अब मुख्य न्यायाधीश सुनवाई के लिए नए जज को नियुक्त करेंगे। फिलहाल बेल याचिका पर सुनवाई को टाल दिया गया है। अब बेल याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा मुख्य आरोपी बनाए गए हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने उनको जमानत दिए जाने पर कड़ी टिप्पणी की थी और जमानत को खारिज कर दिया गया था। उन्हें एक सप्ताह के भीतर



सरेंडर करने आदेश दिया गया था। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से कहा था कि जमानत देने के फैसले पर फिर से और ठीक से सुनकर करें। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अप्रैल को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपित आशीष मिश्र की जमानत रद करते हुए एक सप्ताह के भीतर समर्पण करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट को वापस भेजते हुए आशीष की जमानत पर नए सिरे से विचार करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आशीष मिश्रा ने लखीमपुर जेल पहुंच कर 24 अप्रैल को सरेंडर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने दोबारा इस मामले में जमानत याचिका दायर की। आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन जस्टिस राजीव सिंह ने अपने को सुनवाई से अलग कर लिया। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र का पुत्र आशीष लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य आरोपित है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 10 फरवरी को आशीष को जमानत दे दी थी। जिसके खिलाफ पीड़ित परिजन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और हाई कोर्ट का जमानत आदेश रद करने की मांग की। चीफ जस्टिस एनवी रमणा, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने आशीष को जमानत देने का आदेश रद करते हुए कहा था कि हाई कोर्ट ने जमानत देने में जल्दबाजी की। जमानत देते समय पीड़ितों का पक्ष नहीं सुना।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# गाजियाबाद नगर निगम और एग्रोटेक इंडिया की टीम क्लीन्स ने अपशिष्ट जल प्रशोधन परियोजना की शुरू

गाजियाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



गाजियाबाद नगर निगम और एग्रोटेक इंडिया की टीम क्लीन्स ने अपनी नई गाजियाबाद अपशिष्ट जल प्रशोधन परियोजना चलाने के लिये भागीदारी की है। इसके पीछे पानी को साफ करने वाली अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए 10-12 किलोमीटर लंबे साहिबाबाद ड्रेन/ बृज विहार नाले के सभी विकेन्द्रित सीवेज सिस्टम्स को ठीक और नवीकृत करने का विचार है।

बृज विहार नाला अत्यंत प्रदूषित है, जहाँ विभिन्न कैंसरकारी अपशिष्ट उत्पाद हैं, जैसे भारी धातुएं और आर्सेनिक, जो खतरनाक पेथोजन्स और बीमारियों का संवहन करते हैं, पानी की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं और जलाशय के भीतर तथा आस-पास के वन्यजीवन के लिये खतरा हैं। इस नाले की खराब स्थिति का कारण इससे लगे हुए इलाकों, जैसे श्री दुर्गा माता मंदिर और पास के बाजार एवं दुकानों, अलकनंदा अपार्टमेंट, पाइप मार्केट, से कचरे का अवैध रूप से आना और भोपुरा क्षेत्र से आने वाले प्रवाह को नियंत्रित करने में जे-पॉइंट पम्पिंग स्टेशन की विफलता है। इस परियोजना के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम और टीम क्लीन्स ने तीन बड़ी समस्याएं हल करने की कोशिश की है: औद्योगिक एवं नगर निगम स्रोतों से आने वाले ठोस और घुले हुए प्रदूषकों से जल का प्रदूषण; बृज विहार नाले में जमा कीचड़ और तलछट; और मानसून के दौरान पानी के ओवरफ्लो का जोखिम, जिससे बाढ़ आ सकती है और आस-पास के इलाकों में संपत्ति को नुकसान हो सकता है। इस परियोजना के 2 फेज हैं। फेज 1 में टीमों ने पानी की सतह पर तैर रहे कचरे को हटाने के लिये मेकैनिकल डिस्टिलिंग और ट्रेश बेरियर्स का इस्तेमाल किया है और जियोट्यूब टेक्नोलॉजी से पानी की गुणवत्ता को ठीक किया गया है, जिसके लिये हाइड्रोलिक प्रेशर का इस्तेमाल हुआ है, ताकि रेत को पानी से निकालकर जमीन पर पहुँचाया जा सके। टीमें अब तक लगभग 5 किलोमीटर नाले को कवर कर चुकी हैं (जे-पॉइंट से पुलिस स्टेशन लिंक रोड एरिया और भोपुरा से शहीदनगर मेट्रो स्टेशन) और लगभग 20,000 टन कीचड़ और तैरता कचरा निकालने में सफल हुई हैं। डिस्टिलिंग की प्रक्रिया में पानी की बोतलें, पशुओं के कंकाल, पौधों की शाखाएं, आदि जैसे कचरे को निकालना, पत्थर, ईंट, निर्माण सामग्री जैसा कीचड़ निकालना, जाली का उपयोग कर तैरता कीचड़ निकालना और मजदूरों द्वारा नाले के दोनों किनारों की सफाई शामिल थी। इसके अलावा, टीमें इस पर जागरूकता रैलियों और आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों की प्रतिपुष्टि और सुझावों द्वारा सार्वजनिक जागरूकता भी निर्मित कर रही हैं। टीम पहले से साफ हो चुके क्षेत्रों में कचरा एकत्र करने के लिये बैटरी से चलने वाले रोबोट्स का इस्तेमाल भी करेंगी। फेज 2 के तहत गाजियाबाद नगर निगम और टीम क्लीन्स ईस्टर्न यूरोप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही हैं, ताकि बायोलॉजीकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) और केमिकल ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी) को कम करते हुए पानी को ठीक किया जा सके, जिसके बाद नाले का पूरा फिल्ट्रेशन (छानन) और सौंदर्यीकरण होगा। यह एक जारी परियोजना है, जिसके अगले 10-12 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। एग्रोटेक इंडिया के सह-संस्थापक श्री अखिलेश जैन ने कहा, ह्लगाजियाबाद नगर निगम ने गाजियाबाद के निवासियों के जीवन को खतरे से मुक्त करने के लिये जो महान पहल की है, उसका हिस्सा बनकर हम सम्मानित हैं। घरेलू कचरे और अवैध औद्योगिक निकासी के कारण बृज विहार नाला बहुत प्रदूषित है, जिससे लोगों तथा पर्यावरण को खतरा है। टीम क्लीन्स में हम अपनी यात्रा में 35% प्रगति कर चुके हैं और हमें आने वाले महीनों में इस इलाके को साफ और आरोग्यकर बनाने का भरोसा है। इसके अलावा, इस परियोजना के तहत, गाजियाबाद नगर निगम अवैध निकासी करने वाले उद्योगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही भी करेगा, जोकि प्रदूषण का मुख्य कारण है।

**परियोजना**

- पानी को ठीक करने के लिये ईस्टर्न यूरोप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है

# लोनी: पुलिस ने दो हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त छुरी भी बरामद की

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता



थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के अंतर्गत तिलकराम कॉलोनी में विगत 23 अप्रैल की रात दो व्यक्तियों द्वारा एक युवक के पेट में चाकू घोंपकर हत्या कर देने के मामले का खुलासा कर पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त छुरी भी बरामद कर ली है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया की 23 अप्रैल की रात तिलकराम कालोनी में स्थित दादा जगबीर फार्म हाउस में एक शादी समारोह था इसी दौरान रात के लगभग 1:30 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने जब बरात घर में घुसने का प्रयास किया तो बारातियों ने उनका विरोध किया और दो युवक उन्हें फार्म हाउस दरवाजे से बाहर निकालने लगे, इसी बात से गुस्साए दोनों अज्ञात व्यक्ति आग बबूला हो गए और एक व्यक्ति ने फार्म हाउस से बाहर निकाल रहे सूरज नामक युवक के पेट में छुरी घोप दी। घटना की सूचना पुलिस को करते हुए लहूलुहान हालत में सूरज को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के मामले में मृतक पक्ष की ओर से दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।

थाना प्रभारी सचिन कुमार ने घटना को गंभीरता से लिया और एक टीम गठित कर वह तभी से हत्यारों की तलाश को लेकर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो, फोन लोकेशन एवं सीडीआर आदि का बारीकी से विश्लेषण करने के साथ-साथ मुखबिरयान की मदद ले रहे थे। जिसमें आज सुबह लगभग 10 बजे उस समय कामयाबी हासिल हुई जब मुखबिर की निशानदेही अनुसार दोनों हत्यारों को बस स्टैंड के निकट से धर दबोचा, जो कहीं फरार होने की नियत से किसी वाहन की इंतजार कर रहे थे। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त त्रिशूल नुमा छुरी बरामद कर ली गई है। जिन्होंने अपने नाम विशाल पुत्र हरिप्रसाद व खेमपाल पुत्र नेमचंद निवासी तिलकराम कॉलोनी बताया है। दोनों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**घटना**

- घटना के मामले में मृतक पक्ष की ओर से दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था

## संक्षिप्त खबरें

### हिमाचल: रेलवे स्टेशन के पास दिखे दो बड़े तेंदुए, लोगों में दहशत का माहौल

सोलन। रेलवे स्टेशन के पास दो बड़े तेंदुए देखे जाने का मामला सामने आया है। घटना सोलन जिले के परवाणू की है। परवाणू के समीप गुम्मा रेलवे स्टेशन के पास पेड़ पर दो बड़े तेंदुए देखे गए। रेलवे स्टेशन अधीक्षक संजीव शर्मा सुबह करीब छह बजे परिवार के साथ सैर के लिए निकले थे। तभी उनकी नजर ऊपर पहाड़ी पर पेड़ पर बैठे दो तेंदुओं पर पड़ी। दोनों तेंदुए काफी बड़े हैं। काफी देर पेड़ की शाखाओं पर इधर-उधर हलचल करते रहे। वहीं संजीव शर्मा ने इस पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया। उन्होंने वन विभाग को भी सूचना दी। लेकिन वन कर्मियों के पहुंचने से पहले दोनों तेंदुए भाग गए। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि रेलवे ट्रैक के आसपास घूमने से बचें। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि दोनों नर और मादा तेंदुआ भी हो सकते हैं।

# आम नागरिकों का सिरदर्द बनी है गली-मोहल्लों की अवैध पार्किंग

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता



फोर व्हीलर एवं दुपहिया गाड़ियों की बाढ़ के बीच लोनी की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की हो गई है। लोग मनमाने तरीके से शहर के मुख्य रास्तों के साथ ही कॉलोनियों की गली-मोहल्लो के मुख्य रास्तों पर भी अपनी गाड़ी पार्किंग करने लगे हैं। नतीजन पहले से कम चौड़ाई वाली गलियां और संकरी हो जाती है जो आम नागरिकों के लिए एक बड़ी परेशानी का सबब बन गई है।

ऐसे में यदि कोई नागरिक उक्त अवैध पार्किंग का विरोध करता है तो गाड़ी मालिक समस्या के समाधान की बात करने की बजाय उल्टा गाली-गलौज पर उतारू हो जाते हैं। अफसोस तो इस बात का है कि नपा क्षेत्र की शायद ही कोई ऐसी कॉलोनी होगी जहां ऐसी अवैध पार्किंग के चलते आम नागरिको को भारी दिक्कतों का सामना न करना पड़ रहा हो। मगर संबंधित विभाग है कि न जाने क्यों वह इस ओर से जानबूझकर अंधा और बहरा बना बैठा है। लगभग 17 लाख से भी अधिक आबादी वाले लोनी क्षेत्र में छोटी हो या बड़ी, तमाम कॉलोनी ऐसी है जो अवैध पार्किंग की शिकार न हो। कॉलोनियों में वाहन स्वामियों की एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करके अपने चमचमाते मकान तो खड़े कर लेते हैं मगर अपने निजी वाहन को खड़ा करने की व्यवस्था बनाना जरूरी नहीं समझते। बल्कि पहले मकान के बाहर गैर कानूनी रूप से चौतरा निर्माण कर अतिक्रमण करते हैं और फिर उसके आगे अवैध रूप से अपनी गाड़ी पार्किंग करने में अपनी शान समझते हैं, मानो उन्होंने उक्त आम रास्ते की रजिस्ट्री करा रखी हो। जिन्हें वहां से आने जाने वाले आम नागरिकों की दिक्कतों से कोई लेना-देना नहीं होता है। हाल यह है कि संकरी गलियों में सड़क पर ही बड़ी-बड़ी गाड़ियां खड़ी कर लोग घंटो गायब रहते हैं। इस पर कई बार आम लोगों के साथ मनमाने ढंग से गाड़ी पार्क करने वालों की नोकझोंक भी होती है, लेकिन सरकारी मशीनरी की लापरवाही के चलते थोड़ी ही देर में मामला शांत हो जाता है और सबकुछ पहले जैसा ही चलने लगता है। बात इतने में ही समाप्त नहीं हो जाती, लोग अवैध रूप से फुटपाथों और मुख्य मार्गों के कुछ हिस्से पर कब्जा करके आवागमन में बाधा पैदा कर रहे हैं। कई बार तो ऐसी शिकायतें भी सुनने को मिल जाती हैं कि उनकी गली में एक गाड़ी महीनों से खड़ी हुई है। धूल की चादर ओढ़े उस गाड़ी के काफी दिनों से खड़े रहने से टायरों की हवा भी निकल गई है, लेकिन उसका मालिक उसे वहां से हटा नहीं रहा है। जबकि इससे अन्य गाड़ियों के वहां से निकलने में काफी दिक्कतें हो रही हैं।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने काटी गेंहू की फसल

**देहरादून।** उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य बुधवार को विकासनगर से देहरादून आते समय केदारवाला में महिला किसानों को खेत में गेहूं काटते देख, अपने वाहन को रोक खेत मे गेहूं काट रहीं महिला किसानों के बीच जा पहुंची। इतना ही नहीं, महिलाओं के साथ गेहूं की फसल को काटने में उनका सहयोग किया। कैबिनेट मंत्री ने गेहूं की कटाई के साथ ही, थ्रेसर पर गेहूँ की मडाई भी की। साथ ही, महिला किसान के खेत मे काम कर रही अन्य महिलाओं से खेत की बुवाई से लेकर क्रय केंद्रों पर गेहूं व अन्य अनाज के विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने महिला किसानों से खेती में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से सुना। वहीं महिलाओं से राशन की दुकानों से सरकार की योजनाओं के तहत मिलने वाले राशन की भी जानकारी ली। इतना ही नहीं, उन्होंने मौजूद महिला किसानों को सम्मानित भी किया। आर्या ने कहा कि उनकी सरकार सदैव किसानों और महिलाओं के साथ खड़ी है। उनका प्रयास रहेगा कि महिलाओं को हरसम्भव सशक्त करने की दिशा में काम किया जाएगा।

# सांसद प्रतिभा वीरभद्र सिंह बनीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

शिमला, एजेंसी

कुलदीप राठौर का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी प्रतिभा वीरभद्र सिंह को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का 32वां अध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार देर शाम को कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश कांग्रेस में बड़ा फेरबदल किया है। नए अध्यक्ष के साथ चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सुखविंद्र सुक्खू को चुनाव प्रचार कमेटी की कमान सौंपी गई है। मुकेश अग्निहोत्री नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। विधायक हर्षवर्द्धन चौहान को उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। विधायक जगत सिंह नेगी को मुख्य सचेतक का पदभार दिया गया। चुनावी वर्ष में क्षेत्रीय संतुलन साधते हुए चंबा से पूर्व मंत्री हर्ष महाजन, कांगड़ा से विधायक पवन काजल, हमीरपुर से विधायक राजेंद्र राणा और सिरमौर से विधायक विनय कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि हाईकमान यह पहले ही तय कर चुका है कि प्रदेश में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की जाएगी। मंडी उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को चारों खाने चित करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी सांसद प्रतिभा सिंह के सहारे पार्टी हाईकमान ने सत्ता में वापसी की योजना बनाई है।

बीते कई विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ही चुनाव प्रचार कमेटी के अध्यक्ष रहे। अब उनके देहांत के बाद प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उनके वैचारिक तौर पर प्रतिद्वंद्वी रहे सुखविंद्र सिंह सुक्खू को प्रचार कमेटी का अध्यक्ष बनाकर दोनों धड़ों को हाईकमान ने अधिमान दिया है। सुक्खू को स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य भी चुना गया है। यह कमेटी टिकट तय करती है।

## मोदी की बैठक के बाद धामी ने दिये कोविड एप्रोप्रियेट विहेवियर के निर्देश

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोविड-19 के दृष्टिगत देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इसके ठीक बाद सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए धामी ने निर्देश दिये कि कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पूर्णतः अनुपालन करवाया जाए। धामी ने अधिकारियों को अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोरोना की संभावित लहर के दृष्टिगत अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं हों और पर्याप्त मेनपॉवर हो। टेस्ट, ट्रैक एवं ट्रीट पर विशेष फोकस रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में टीकाकरण अभियान में और तेजी लाई जाए। साथ ही 12 से 14 वर्ष के आयु के बच्चों में टीकाकरण की गति में और तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाय। उन्होंने कहा कि हमें सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ कोविड पर नियंत्रण रखना होगा।

# उत्तराखंड में जियोफाइबर के रिकॉर्ड 1.25 लाख ब्रॉडबैंड कनेक्शन

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड में जियोफाइबर ने महज तीन वर्ष दो माह में सवा लाख से अधिक घर और दफ्तरों को अपने ब्रॉडबैंड नेटवर्क से कनेक्ट कर लिया है। राज्य में सवा लाख ब्रॉडबैंड कनेक्शन का आंकड़ा छूने वाली जियो पहली कंपनी है।

कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नंबर वन ब्रॉडबैंड नेटवर्क की अपनी पोजीशन को जियोफाइबर ने और मजबूत किया है। इसके लिये राज्य के सभी प्रमुख शहरों में इसकी सेवाएं उपलब्ध हैं। इनमें राजधानी देहरादून समेत हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश, मसूरी, रुद्रपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, काशीपुर, जशपुर, कोटद्वार, किच्छा, सितारगंज, विकास नगर, सेलाकी, हर्बर्टपुर, रायपुर, डोईवाला आदि शामिल हैं। जियोफाइबर ने अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए एंटरटेनमेंट बोनांजा प्लान लॉन्च किया है। इसके तहत नया पोस्टपेड कनेक्शन लेने पर ग्राहकों को फ्री इंटरनेट बॉक्स और फ्री सेट टॉप बॉक्स मिलेगा।

दावा किया गया है कि सिक्योरिटी डिपॉजिट और इंस्टालेशन चार्ज भी नही देना होगा। बेसिक इंटरनेट प्लान्स के साथ 100 से 200 रू प्रतिमाह अतिरिक्त भुगतान करके ग्राहक अपने प्लान के अनुसार 6 से 14 तक ओटीटी एप्स और 550 से अधिक ऑन डिमांड चैनल फ्री में देख सकेंगे। 14 एंटरटेनमेंट एप्स में डिज्नी, हॉटस्टार, जी-5, वूट और सोनी-लिव जैसे कई लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स मौजूद हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, वन जीबीपीएस तक की अल्ट्रा हाई स्पीड वाले जियोफाइबर नेटवर्क पर इंटरनेट, स्मार्ट फोन फिक्स्ड लाइन और ओवर द टॉप एप्लिकेशन्स यानी ओटीटी ऐप्स जैसी ट्रिपल-प्ले-कॉम्बिनेशन सर्विस मिलती हैं। फिक्स्ड लाइन स्मार्ट फोन से देश में कहीं भी किसी भी नेटवर्क पर फ्री कॉलिंग की जा सकती है। अल्ट्रा एचडी सेट टॉप बॉक्स पर ओटीटी एप्स का इस्तेमाल कर सामान्य टीवी को स्मार्ट टीवी में बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि जियोफाइबर पर जियोमीट एप के जरिए मल्टीपार्टी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी की जा सकती है। जिस पर आप वर्चुअल बिजनेस, सामाजिक बैठकें और स्कूल क्लास ले सकते हैं।

अपने वैल्यू-फॉर-मनी प्लान्स की बदौलत जियोफाइबर के पास प्रदेश में सबसे अधिक ब्रॉडबैंड कनेक्शन हैं। सरकारी कार्यालयों, छोटे, मझौले और लघु उद्योगों, अधिकांश कॉरपोरेट्स और प्रदेश की जानी मानी हस्तियों सहित आम नागरिकों के लिए जियोफाइबर सबसे पसंदीदा नेटवर्क बना हुआ है।

# देश को वैकल्पिक एजेंडे की जरूरत है: के. चंद्रशेखर राव

हैदराबाद, एजेंसी

- तेलंगाना अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल के रूप में उभरा है: मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव

सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को कहा कि देश को वैकल्पिक एजेंडे की जरूरत है, राजनीतिक मोर्चों या राजनीतिक पुनर्गठन की नहीं और यही कारण था कि उन्होंने कम्युनिस्ट दलों के नेताओं के केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार को हटाने के विचार को ना कह दिया था।

तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के 21वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में राव ने कहा कि तेलंगाना अन्य राज्यों के लिए एक मिसाल के रूप में उभरा है, हालांकि राज्य को इससे कहीं अधिक हासिल करने की जरूरत है। कार्यक्रम में पार्टी के करीब 3000 लोगों ने शिरकत की। राव ने कहा कि देश को वैकल्पिक एजेंडे की जरूरत है, राजनीतिक मोर्चों या राजनीतिक पुनर्गठन की नहीं। ऐसा कहा जाता है कि राव, भाजपा विरोधी गुट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद देश में जल युद्ध, बिजली क्षेत्र के संकट पर चिंता व्यक्त की। राव ने कहा कि उन्होंने केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को हटाने के कम्युनिस्ट दलों के नेताओं के विचार को ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि मकसद किसी भी पार्टी को नीचा दिखाना नहीं होना चाहिए। राज्य में 2014 से सत्ता पर आसीन राव ने दावा किया कि तेलंगाना ने देश से बेहतर प्रदर्शन किया है।

# पॉक्सो पर प्रकाशित पुस्तक के विमोचन के साथ पॉक्सो वारियर्स सम्मानित

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने बुधवार को यहां संयुक्त रूप से राज्य बाल संरक्षण आयोग द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम,(पॉक्सो) पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान, उन्होंने पॉक्सो एक्ट पर केंद्रित एक पुस्तक का विमोचन किया और पॉक्सो वारियर्स को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए धामी ने कहा कि आज बच्चों में रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता बढ़ाने की जरूरत है। बच्चों के भविष्य को सुनहरा बनाने में उनके माता, पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नोनिहालों से जुड़ी इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन नियमित होने चाहिए। जिन बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छी परवरिश नहीं मिलती, उनके लिए समाज को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सबके जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

धामी ने कहा कि बच्चों को भयमुक्त वातावरण मिलेगा तो उनका भविष्य सकारात्मक दिशा में जाएगा। राज्य सरकार द्वारा बाल कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों के लिए जो कानून बने हैं, उनका सख़्ती से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां जागरूकता बढ़ेगी वहीं विशेषज्ञों के मंथन से हमारे भविष्य हमारे बच्चों को रचनात्मक बनाने में कारगर सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के ध्येय वाक्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएँ। बाल अधिकारों की आम जन तक जागरूकता के लिए इस संबंध में समय-समय पर विधिक शिविर भी आयोजित किए जाएँ। कार्यशाला में बतौर विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा आर्य ने कहा कि नौनिहालों के साथ सरकार हर तरीके से खड़ी है। कोरोना काल में अपने परिजनों को गवा चुके बच्चों को वात्सल्य योजना के जरिए सरकार सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वात्सल्य योजना देश में सबसे लोकप्रिय योजनाओं में से एक है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने पोक्सो एक्ट संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर गीता खन्ना ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन, विधि विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# लोनी में बालू माफियाओं के अवैध खनन का खेला

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता



लोनी क्षेत्र में बालू माफियाओं द्वारा सभी नियमों को खूंटी पर टांगकर यमुना का सीना चीरकर अवैध रूप से बालू खनन का एक बड़ा खेला खेला जा रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बालू माफियाओं द्वारा सरकार को लाखों रूपए रोज की चपत लगाए जाने वाले उक्त गोरखधंधे की कई बार शिकायत करने के बावजूद न जाने क्यों संबंधित अधिकारी इसकी अनदेखी करते आ रहे हैं। कमाल की बात तो यह है कि क्षेत्रीय विकास करने व अपने को पाक-साफ और जनता हितैषी होने के दावे ठोकने वाले क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी इस अवैध धंधे के बारे में सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हैं जो वास्तव में उनकी कार्यप्रणाली को भी संदिग्ध बनाता है।

**उपजिलाधिकारी के एक्शन की बाट जोहते नागरिक:**

गौरतलब हो कि पूर्व में भी यमुना पर चल रही अवैध बालू खनन की सूचना पाकर तत्कालीन उप जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया था। एसडीएम ने वहां नियमों के विरुद्ध यमुना के बीच से रेत निकालते हुए तीन पोपलेन मशीनों को रंगे हाथों पकड़ उन्हें कब्जे में ले लिया था तथा अवैध बालू खनन का काम बंद करा उसके स्वामी पर 15 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। तत्पश्चात एक बार फिर बालू खनन का कार्य शुरू हुआ, मगर बात नियमों व मानकों की करें तो उसकी अनदेखी एक बार फिर ज्यों की त्यों बनी हुई है।

अब ऐसे में खनन माफियाओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ किस आधार पर क्या समन्वय बैठाया है, यह बात समझ से परे है। क्षेत्र वासियों ने एक बार फिर मौजूदा उप जिलाधिकारी से उक्त गंभीर प्रकरण में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कराए जाने की अपेक्षा जताई है ताकि उक्त अवैध बालू खनन पर अंकुश लग सके।

**बालू से ऑवरलोड वाहन बने मुसीबत का सबब :**

यमुना से सैकड़ों की तादाद में रेत लादकर आने वाले वाहनों की ऑवरलोडिंग देखकर आमजन कोई भी अपने को दांतो तले उंगली दबाने से रोक नहीं पाता हैं। मगर मजे की बात तो यह है कि इसके बावजूद किसी भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की नजर उस पर नहीं पडती, या यह मान लिया जाए कि वह जानबूझकर इस ओर से अपनी नजर तिरछी कर निकल जाते हैं.? बिना तिरपाल के ढके अपने विस्तार व तय वजन से भी कई गुना अधिक रेत लादकर सड़क पर दौड़ने वाले इन वाहनों के कारण जहां सरकार द्वारा सड़क निर्माण में खर्च किए गए करोड़ों रुपयो का पलिता लग चुका है वही उनसे गिरने वाले रेत के कारण आम यात्रियों के लिए भी वह किसी मुसीबत से कम नहीं है। ऐसे वाहनों के कारण सड़क की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि वहां से आने-जाने वाले अन्य वाहनों के लिए वह एक बड़ी परेशानी का सबब बन गए हैं। जबकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता।

अब देखना है उक्त अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही कराए जाने को लेकर आखिर संबंधित अधिकारियो की नींद कब टूटेगी। हालांकि संदर्भ को लेकर जब उप जिलाधिकारी लोनी संतोष राय से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उनकी व्यस्तता के चलते उनसे बातचीत हो पाना संभव नहीं हो सका।

**अवैध**

- पोकलेन मशीन से यमुना का सीना चीरकर निकाला जा रहा रेत
- अधिकारियों की चुप्पी बनाती है उनकी कार्य प्रणाली को संदिग्ध

## दाऊद के धन से महाराष्ट्र को अशांत करने की साजिश : संजय राऊत

**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता तथा राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने कहा कि अंडरवर्ल्ड डान दाऊद इब्राहिम के पैसे से महाराष्ट्र को अशांत करने की साजिश रची गई है। इसी साजिश के तहत डी कंपनी के बदमाश युसुफ लकड़ावाला से 80 लाख रुपये लेने वाली अमरावती की सांसद नवनीत राणा तथा उनके पति विधायक रवि राणा से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ नहीं की। राऊत ने भारतीय जनता पार्टी पर डी कंपनी से जुड़ी देश विरोधी शक्तियों को बचाने का आरोप लगाया है। संजय राऊत ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि डी कंपनी से जुड़े बदमाश युसुफ लकड़ावाला को ईडी ने 200 करोड़ रुपये मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने युसुफ लकड़ावाला की हर ट्रांजेक्शन की जांच की,लेकिन सांसद नवनीत राणा तथा विधायक रवि राणा को किए गए 80 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन की जांच नहीं की। उसे इस जांच के लिए किसने बचाया, यह अपने आपमें बड़ा सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में भाजपा का एक नेता के इशारे पर ईडी की कार्रवाई होती है।

# उत्तराखंड: हिंदू महापंचायत को रोकने के लिए धारा 144 लागू

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड के रुड़की के निकट डाडा जलालपुर गांव में हिंदू महापंचायत को रोकने के लिए धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है और कार्यक्रम से जुड़े 33 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कार्यक्रम आज यानी बुधवार को होना था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डाडा जलालपुर गांव में 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गयी शोभायात्रा पर पथराव के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया था।

निषेधाज्ञा लागू करने का कदम तब उठाया गया जब एक दिन पहले मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह अदालत में सार्वजनिक रूप से यह कहें कि रुड़की में निर्धारित धर्म संसद में कोई अप्रिय बयान नहीं दिया जाएगा और चेतावनी दी कि अगर कोई घृणा भाषण दिया जाएगा तो वह शीर्ष अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराएगा। हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट विनय शंकर पांडे ने कहा कि निषेधाज्ञा डाडा जलालपुर गांव में और उसके पांच किलोमीटर के दायरे में मंगलवार शाम लागू की गयी है,ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हिंदू महापंचायत नहीं हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह रावत ने कहा, महापंचायत को रोकने के लिए कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े 33 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें काली सेना के राज्य संयोजक दिनेशानंद भारती भी शामिल हैं। इन्होंने ही आयोजन की पहल की थी और उनके छह समर्थकों को भी हिरासत में लिया गया है। रावत के अनुसार, लोगों को किसी भी कीमत पर इकट्ठा नहीं होने दिया जाएगा। जो कोई भी धारा 144 का उल्लंघन करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लिथुआनिया में भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लिथुआनिया में एक नए भारतीय मिशन को खोलने की मंजूरी दी है। लिथुआनिया में भारतीय मिशन के खुलने से भारत की राजनयिक उपस्थिति का विस्तार करने; राजनीतिक संबंधों और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने; द्विपक्षीय व्यापार, निवेश व आर्थिक संपर्क में वृद्धि को सक्षम करने; लोगों से लोगों के बीच परस्पर संपर्क को और मजबूत करने के लिए सुविधा प्रदान करने; बहुपक्षीय मंचों पर राजनीतिक आउटरीच को अधिक निरंतरता प्रदान करने की अनुमति देने तथा भारतीय विदेश नीति के उद्देश्यों के लिए समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी। लिथुआनिया में भारतीय मिशन भारतीय समुदाय को बेहतर सहायता करेगा और उनके हितों की रक्षा करेगा। लिथुआनिया में एक नया भारतीय मिशन खोलने का निर्णय, विकास की हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता व सबका साथ सबका विकास की दिशा में एक अग्रगामी कदम है। भारत की राजनयिक उपस्थिति को बढ़ाने, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय कंपनियों के लिए बाजार तक पहुंच प्रदान करेगी और वस्तुओं व सेवाओं के भारतीय निर्यात को बढ़ावा देगी।

# कृष्ण गुराना साथियों संग आप के श्रमिक विकास संगठन से जुड़े

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण गुराना आज अपने साथियों के साथ आम आदमी पार्टी के श्रमिक विकास संगठन से जुड़ गए और उन्होंने संगठन को नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। ह्यआपह्न के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता ने सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की तरफ से हरियाणा परिवहन कर्मचारियों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई जा रही है। श्रमिक विकास संगठन, हरियाणा परिवहन के कर्मचारियों के हितों की पूरी रक्षा करेगा और हर तरह से मदद करेगा। वहीं, संघ के अध्यक्ष कृष्ण गुराना ने कहा कि हरियाणा सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है। हम हड़ताल पर भी गए, लेकिन हमारी मांगें नहीं मानी गई। दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने डीटसी कर्मचारियों के लिए जो काम किया है। इससे प्रभावित होकर हमने अपने संघ को श्रमिक विकास संगठन के साथ संबद्ध करने का निर्णय लिया है।

आम आदमी पार्टी मुख्यालय में आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ह्यआपह्न के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण गुराना और उनके कार्यकारिणी के सभी साथी अनिल कुमार लोहारी, महेंद्र सोनी, शिव कुमार, प्रवीण जमावड़ी, विक्रम सिंह, विनोद कुमार, लवकेश कुमार जांगड़ा, कुलदीप लोहारी, बिल्लू मोठ और पूरे हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ से जुड़े इनके साथ सभी लोगों ने आज आम आदमी पार्टी की सोसाइटी श्रमिक विकास संगठन के साथ संबद्ध करने का निर्णय लिया है। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के अंदर कर्मचारियों की दुर्दशा हो रही है। कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपनाई जा रही है। कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उसके खिलाफ आवाज को बुलंद करने के लिए आज श्रमिक विकास संगठन के साथ संबद्ध कर रहे हैं। मैं सभी लोगों का अभिनंदन और स्वागत कर रहा हूं। मैं पूरा विश्वास दिला रहा हूं कि श्रमिक विकास संगठन, हरियाणा परिवहन कर्मचारियों के हितों की पूरी रक्षा करेगा और उनको हर तरह से मदद करेगा, ताकि उनकी सेवा के अंदर जो भी लाभ मिलने चाहिए, उसमें हरियाणा सरकार दुर्भावना से ग्रस्त होकर काम न करें और कर्मचारियों को सभी लाभ समय पर मिलें।

वहीं, हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण गुराना ने कहा कि हमने हरियाणा रोडवेज के संगठन के अंदर काफी साल काम किया है। मैंने बीएमएस के साथ भी कुछ साल काम किया है। कुछ साल हमने महासंघ में भी काम किया, जो हरियाणा रोडवेज का संगठन है। हमारी सरकार निजीकरण करने पर तुली हुई है और हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हम कई बार हड़ताल पर गए, लेकिन सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी। हरियाणा रोडवेज के बेड़े में काफी बसें कम हो चुकी हैं। हरियाणा की आबादी बढ़ती जा रही है और सरकार रोडवेज के बेड़े में बसें नहीं दे रही है। अपनी मांगों को लेकर हमने कई बार प्रदर्शन और हड़ताल भी की हैं। फिर भी सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी। दिल्ली में जिस तरह सीएम अरविंद केजरीवाल जी ने डीटीसी के लिए जो काम किए है और पंजाब में सरकार आते में आते ही कर्मचारियों के लिए जो काम किए है, उससे हम बेहद प्रभावित है। इसलिए हमें श्रमिक विकास संगठन से बहुत उम्मीद है कि हमारी मांगों को गंभीरता से लेंगे और पूरा कराएंगे। इसलिए मैंने और हरियाणा रोडवेज के सभी साथियों ने बीएमएस हिसार के साथियों ने व बीएमएस को छोड़कर श्रमिक विकास संगठन में अपने संगठन को संबद्ध करने का निर्णय लिया है। हम आशा करते है कि श्रमिक विकास संगठन हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमारे हकों की लड़ाई लड़ेगा।

# सिसोदिया ने किया सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए निरीक्षण की श्रृंखला जारी रखते हुए, उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने बेनिटो जुआरेज मार्ग (बीजे मार्ग) पर अंडरपास के निर्माण कार्य के साथ सेंट्रल व नई दिल्ली के सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। सड़कों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री ने 23.96 करोड़ रुपए लागत के परियोजनाओं को मंजूरी दी तथा बेनिटो जुआरेज मार्ग पर बन रहे अंडरपास के साथ बन रहे फुटओवर ब्रिज व स्काईवॉक के उपयोगकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वहां लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के 2.54 करोड़ रुपए के परियोजना को भी मंजूरी दी।

उपमुख्यमंत्री ने श्री सिसोदिया ने कहा, ह्यकेजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को सुरक्षित, सुगम व सुंदर सड़कें देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा फोकस दिल्ली की सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने, उन्हें बेहतर बनाने और लोगों को सड़कों के इस्तेमाल का बेहतर अनुभव देना है उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस परियोजना को समय के साथ पूरा किया जाए ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न आए और उन्हें ट्रैफिक से निजात मिले।

ज्ञात हो कि बी.जे. मार्ग और इनर रोड के जंक्शन पर बनने वाले इस अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा इसे अगले महीने से आम जनता के उपयोग के लिए खोला जायेगा। साथ ही ने इस अंडरपास का साथ बन रहे फुटओवर ब्रिज व स्काईवॉक के उपयोगकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते उपमुख्यमंत्री ने यहां लिफ्ट तथा एस्केलेटर के निर्माण के लिए रु 2,54,61,003 के परियोजना को मंजूरी भी दी। यहां 4 लिफ्ट जिसकी कुल क्षमता 24 लोगों की होगी तथा 2 एस्केलेटर का निर्माण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी, दिल्ली का कॉरिडोर सुधार प्रोजेक्ट आईआईटी से एनएच-8 और इसके प्रभाव क्षेत्रों में आने वाले आउटर रिंग रोड में सुधार के लिए शुरू किया गया था। जिसका एक बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसके अंतर्गत आरटीआर फ्लाईओवर का काम जुलाई 2019 में ही पूरा हो चुका था जिसे जनता के लिए खोला जा चुका है। इस प्रोजेक्ट में मुनिरका फ्लाईओवर को जोड़ने के लिए एक फ्लाईओवर का निर्माण, बी.जे. मार्ग और इनर रोड के के जंक्शन पर अंडरपास और एलिवेटेड रोड, रैंप, स्काईवॉक, आरसीसी ड्रेन, फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, सड़क को चौड़ा/मजबूत बनाना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि का निर्माण शामिल है।

# अ.भा. गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान ने मनाया लेखक ब्रह्मेन्द्र झा का जन्मदिन



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान नोएडा की ओर से वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक ब्रह्मेन्द्र झा का जन्मदिन मनाया गया। नोएडा सेक्टर 35 में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। साथ ही उन्हें पुष्प गुच्छ एवं श्रीमद्भागवत गीता उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रख्यात ज्योतिषी गुरुजी गौतम ऋषि ने कहा कि पत्रकारिता और लेखन, दोनों ही समाज को दिशा दिखाने वाला कार्य है। उन्होंने श्री झा के साहित्यिक एवं आध्यात्मिक योगदान की चर्चा की। गौतम ऋषि ने अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। श्री शनि सेवा सिमिति नॉएडा ट्रस्ट के अध्यक्ष मान सिंह चौहान ने वर्तमान समय में आध्यात्म की उपयोगिता की चर्चा की तथा श्री झा के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। मौके पर मौजूद ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं ब्रह्मेन्द्र झा ने अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान के उद्देश्य एवं कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ज्योतिष रत्न गौतम ऋषि जिस तरह सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में लगे हुए हैं, निश्चित ही इसका सार्थक परिणाम सामने आएगा। इस अवसर पर दिल्ली म्युनिसिपल कार्पोरेशन के इंस्पेक्टर राजेश उपाध्याय, बिल्डर प्रमोद खुराना, अखिल भारतीय गुरुकुल एवं गौशाला अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय युवा सचिव देवकुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली के क्लाउड किचन ऑपरेटरों और फूड डिलीवरी एग्रीगेटर्स ने क्लाउड किचन नीति विकसित करने के केजरीवाल सरकार के कदम का स्वागत किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) और उद्योग विभाग ने क्लाउड किचन और फूड डिलीवरी एग्रीगेटर्स के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार शाम को क्लाउड किचन के विकास का रोडमैप तैयार करने के लिए स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्णय का प्रतिभागियों ने स्वागत किया और क्लाउड किचन को एक उद्योग के रूप में मान्यता देने और एक समर्पित ह्यक्लाउड किचन पॉलिसीह्न लाने के लिए कई व्यावहारिक इनपुट दिए। क्लाउड किचन को बढ़ावा देने की योजना को केजरीवाल सरकार के रोजगार-केंद्रित ह्यरोजगार बजटह्न 2022-23 में शामिल किया था। इसके जरिए 5 वर्षों में दिल्ली में 20 लाख नौकरियां पैदा करने की योजना है। इस चर्चा का उद्देश्य दिल्ली के क्लाउड किचन ऑपरेटरों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को समझना था। जिससे की दिल्ली सरकार नियमों में ढील देकर, औद्योगिक क्षेत्रों में क्लस्टर स्थापित करके और श्रमिकों को कुशल बनाकर इस क्षेत्र के विकास और संबंधित नौकरियों को बढ़ावा देने में मदद कर सके। डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें उद्योग सचिव निहारिका राय, जीएसटी विशेष आयुक्त प्रिंस धवन, डीएसआईआईडीसी के कार्यकारी निदेशक अमन गुप्ता शामिल हुए। इसके अलावा स्टेकहोल्डर्स की तरफ से नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया भारत, जोमेटो, रेबेल फूड्स, इनोकी हॉस्पिटैलिटी, रोलिंग प्लेट, एनवाईसी पाई, नोमेड पिज्जा सहित विभिन्न प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार, क्लाउड किचन के उद्योग के रूप में विकसित होने को लेकर बहुत आशान्वित है। क्योंकि इसका मॉडल कम जोखिम वाला, लागत प्रभावी है। इसके अलावा फायदा भी काफी ज्यादा है। हम क्लाउड किचन उद्योग की समृद्धि में पूरे शहर की समृद्धि देखते हैं। सरकारी दखल के बिना भी यह क्षेत्र कम समय में एक विशाल उद्योग बनने में कामयाब रहा है। कई लोगों को रोजगार प्रदान किया और अर्थव्यवस्था में योगदान दिया है। जब सरकार और उद्योग से जुड़े लोग सहयोग करेंगे, तो इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उछाल देखा जा सकता है। हम ऑपरेटरों के लिए पूरी प्रक्रिया को आसान बनाना चाहते हैं, जिसमें किराए से लेकर लाइसेंस देने और कुशल श्रमिक प्रदान करने तक शामिल है। रिबेल फूड्स के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट संदीप कुमार शाह ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी राज्य सरकार ने क्लाउड किचन को खाद्य और पेय उद्योग में महत्वपूर्ण योगदानकताओं के रूप में मान्यता दी है। हम वास्तव में इस क्षेत्र के लिए संभावित चुनौतियों की पहचान करने के लिए दिल्ली सरकार के प्रयासों की सराहना करते हैं, जिससे सरकार इस क्षेत्र के विस्तार को सक्षम करने में मदद कर सकती है।

डीडीसी ने औद्योगिक क्षेत्रों में दिल्ली सरकार द्वारा क्लाउड किचन क्लस्टर बनाने का विचार रखा। क्लाउड किचन क्लस्टर की स्थापना से ऑपरेटरों, एग्रीगेटर्स और उपभोक्ताओं को कई लाभ मिल सकते हैं। इस तरह के क्लस्टर औद्योगिक क्षेत्रों में सस्ती बिजली टैरिफ और डाइन-इन नियमों से संभावित छूट प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा इनकी स्थापना के लिए भूमि उपयोग में परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, इसलिए उन्हें कन्वर्जन शुल्क से भी छूट दी जा सकती है। इस तरह के क्लस्टर बिजली कनेक्शन, पीएनजी कनेक्शन, अपशिष्ट पदार्थों के शोधन, साझा शीत भंडारण, पार्किंग स्थान आदि सुविधाओं से लैस होंगे, जो कि क्लाउड किचन स्थापित करने की प्रक्रिया को काफी आसान बना सकते हैं। स्टेकहोल्डर्स ने इस पहल का स्वागत किया और सुझाव दिया कि इस तरह के औद्योगिक क्षेत्रों की पहचान की जाए जहां नियमित बिजली आपूर्ति होती है और आवासीय क्षेत्रों से दूरी 7 किमी से अधिक ना हो। उद्योग सचिव-कम-आयुक्त निहारिका राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने रोजगार पैदा करने के लिए और अधिक क्लाउड किचन स्थापित करने में मदद करने का प्रस्ताव दिया है। क्योंकि 200 वर्ग फुट का क्लाउड किचन सीधे तौर पर औसतन 10 लोगों को रोजगार देता है और साथ ही साथ अप्रत्यक्ष तौर पर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है। उच्च ईबीआईटीडीए मार्जिन का मतलब यह भी है कि ऑपरेटर अपने कर्मचारियों को बेहतर वेतन के साथ मुआवजा दे सकते हैं। स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेंट ने औद्योगिक क्षेत्रों में साझा क्लाउड किचन स्पेस को इस तरह से चिह्नित करने के महत्व पर जोर दिया, जिससे वहां न्यूनतम लागत पर बुनियादी ढांचा और पानी-बिजली कनेक्शन मिल सके और आवासीय क्षेत्रों से व्यावहारिक दूरी पर हों। उद्योग विभाग ने सहयोग जारी रखने के लिए स्टेकहोल्डर्स से नीतिगत इनपुट के लिखित में भी सुझाव मांगे। जीएसटी के विशेष आयुक्त प्रिंस धवन ने कहा कि दिल्ली सरकार खुद से जुड़ी उन सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है जो क्लाउड किचन सेगमेंट के विकास को रोकते हैं। हम क्लाउड किचन को रेस्तरां और टेक-अवे से अलग अपने आप में एक सेक्टर के रूप में देखना चाहते हैं। इनके लिए नियमों को आसान बनाया जाएगा और प्लग-एंड-प्ले सुविधा प्रदान की जाएंगी। जस्मीन शाह ने कहा कि क्लाउड किचन चलाने में शामिल नियामक प्रक्रियाओं को युक्तिसंगत बनाने से वैधानिक मंजूरी प्राप्त करने में पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक देरी में कमी लाने में मदद मिलेगी। क्लाउड किचनों पर नियामक और अनुपालन बोझ को क कामकाज के मॉडल के अनुसार सुव्यवस्थित किया जाना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के लिए व्यर्थ के नियमों को दूर किया जा सके, साथ ही इस क्षेत्र में नए प्लेयर्स के लिए बाधाओं को भी कम किया जा सके। हम स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी बनाना चाहते हैं जो क्लाउड किचन सेगमेंट की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने वाले कौशल को प्रदान कर सकें।

## मुख्यमंत्री के दावे के बावजूद दिल्ली में जल संकट

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की मुफ्त पानी देने की योजना पोल वसंत कुंज झुग्गी झौपड़ी में पानी की किल्लत के कारण हुई महिला की हत्या ने खोल दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल संकट गहरा गया है जिसके कारण लोगों में आपसी विवाद के चलते दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं और लोगों की जाने जा रही है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल दिल्लीवालों को प्रतिमाह 20000 लीटर मुफ्त पानी देने का दावा कर रहे है जबकि सच्चाई यह है कि स्लम कलस्टर व झुग्गी झौपड़ियों में पानी की कोई सुविधा नही है, जिसके लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल सरकार दिल्ली में मूलभूत सुविधाऐं देने में पूरी तरह विफल रही है, उनके लिए कोई सार्थक योजनाएं नही बनाई है सिर्फ खोखली घोषणा करके केजरीवाल दिल्ली वालों को भ्रमित कर रहे है, उनका पूरा ध्यान पंजाब में राजनीति करने पर लगा हुआ है।

# उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने की रोजगार बजट योजनाओं के प्लान ऑफ एक्शन की समीक्षा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की अर्थव्यवस्था को ऊँचाइयों पर लेकर जाने व 5 सालों में 20 लाख नौकरियां तैयार करने के उद्देश्य से तैयार किए गए रोजगार बजट की घोषणाओं पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है इस बाबत दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने डीएसआईआईडीसी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की उन्होंने क्लाउड किचन क्लस्टर की स्थापना, नॉन-कंफर्मिंग इंडस्ट्रियल एरिया के पुनर्विकास, गांधीनगर को ह्यगारमेंट हबह्न के रूप में पुनर्विकास, नए इलेक्ट्रॉनिक शहर की स्थापना, कंफर्मिंग इंडस्ट्रियल एरिया के पुनर्विकास के तहत झंडेवालान में फ्लैट फैक्ट्री काम्प्लेक्स का पुनर्विकास सहित 5 परियोजनाओं की समीक्षा की व अधिकारियों को इनपर तेजी से काम करने के निदेश दिऐ

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार का काम केवल घोषणाएं करना नहीं बल्कि उन घोषणाओं पर अमल करना भी है इस दिशा में हमने रोजगार बजट में शामिल अपनी घोषणाओं पर काम करना शुरू कर दिया है और इसके लिए हमने सभी स्टेकहोल्डर्स व एजेंसीज को एक साथ साथ लाकर उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए सहयोगात्मक तरीके से काम करना शुरू कर दिया है।

श्री सिसोदिया ने कहा कि रोजगार बजट में शामिल हमारी योजनाएँ दिल्ली के आर्थिक विकास में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी ये योजनाएँ न केवल दिल्ली के आर्थिक तरक्की में मददगार साबित होंगी बल्कि इनसे दिल्ली में रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे उन्होंने कहा कि हमारा विजन दिल्ली की प्रतिव्यक्ति आय को 2047 तक उस समय के सिंगापूर के प्रतिव्यक्ति आय के बराबर पहुँचाना है और उस दिशा में ये योजनाएँ मील का पत्थर साबित होंगी

उपमुख्यमंत्री ने अन्य योजनाओं के साथ-साथ कंफर्मिंग इंडस्ट्रियल एरिया के पुनर्विकास की भी समीक्षा की श्री सिसोदिया ने कहा कि इस योजना के तहत उद्योगों को आकर्षित करने के लिए झंडेवालान में स्थित फ्लैट फैक्ट्री काम्प्लेक्स का आधुनिक व वर्ल्ड-क्लास फैक्ट्री काम्प्लेक्स के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा। ये मार्किट को एक नई पहचान देगो फ्लैट फैक्ट्री काम्प्लेक्स के पुनर्विकास से यहां नए निवेशक व उद्योग आकर्षित होंगे जिससे हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगो बैठक में दिल्ली के उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन, दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के वाईस-चेयरपर्सन जस्मिन शाह सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी शामिल रहे

# केजरीवाल सरकार अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर सेंट्रल रिज का करेगी विकास : गोपाल राय

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय आज जैव विविधता संवर्धन के माध्यम से पारिस्थितकी बहाली के कार्य की समीक्षा के लिए सेंट्रल रिज का दौरा किया` वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज हम प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं । दिल्ली में बढ़ रही विदेशी कीकर को हटाकर स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाए जायेगें ` परियोजना में कैनोपी लिफ्टिंग विधि से विदेशी कीकर को हटाने का कार्य किया जाएगा` इस पायलट परियोजना के तहत पहले फेज में सेंट्रल रिज के 10 हेक्टेयर भूमि पर कार्य शुरू किया जाएगा`

सेंट्रल रिज की समीक्षा के बाद आयोजित महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि दिल्ली में विदेशी कीकर की बढ़ती संख्या को देखते हुए, आज से जैव विविधता संवर्धन के माध्यम से सेंट्रल रिज की पारिस्थितकी बहाली का कार्य शुरू किया गया हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति :— | 30-Elect-06-T-2022-23-E3 HNZM, TKD, DLI, SSB, DEE, PHG, R.B., S.P. Marg & SOJ में ओपन एक्सेस के माध्यम से बिजली प्राप्त करने के लिए सीईए और डीईआरसी विनिर्देशों के अनुसार 0.2 एस सटीकता वर्ग एबीटी मीटर की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत :— | रु. 188.47 लाख |
| कार्यालय का पता :— | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि :— | रु. 244200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :— | 19.05.2022, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :— | 19.05.2022, 12.00 Hrs. |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड :— | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

974/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजेंद्र पाल गौतम ने अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम को और प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर बैठक की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने दिल्ली में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी खामियों को दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारिक एजेंसियों को बैठकें करनी चाहिए और नियमित रूप से विभाग को स्थिति की रिपोर्ट भेजनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मैं केजरीवाल सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देता हूं। मैं व्यक्तिगत रूप से सभी शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करूंगा।

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बुधवार को अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम, 1989 के प्रभावी लागू करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की । बैठक में विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), दिल्ली पुलिस के आयुक्त, प्रभागीय आयुक्त, प्रमुख सचिव (कानून) और सचिव (डीएससीएसटी) उपस्थित रहे।

समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम द्वारा की गई बैठक में कई मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया। मसलन, विशेष न्यायालयों की स्थापना, अधिनियम के तहत समय पर राहत/मुआवजा जारी करना, अधिनियम 4 के प्रावधान के अनुसार मामलों का पंजीकरण। पीड़ितों और गवाहों के अधिकार, ह्यजांच का नियमित रूप से समय पर पूरा होनाह्न के लिए योजना, राज्य एवं जिला स्तरीय सतर्कता, अनुश्रवण समिति की बैठकों का आयोजन, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संरक्षण प्रकोष्ठ की स्थापना एवं जागरूकता, सुग्राहीकरण एवं प्रशिक्षण। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने प्रावधानों को लागू करने के लिए रणनीति एवं रूपरेखा प्रस्तुत किया।

मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने विभागों में बेहतर समन्वय एवं सहयोग की मांग करते हुए अधिकारियों को सभी कमियों को दूर करने के लिए अपने संचार चैनलों को ठीक कर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारिक एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे हर तीन महीने में अपनी प्रगति को लेकर नियमित रूप से बैठकें करें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को हर तीन महीने में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी को विभाग से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सभी शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## नाम के अक्षरों में भिन्नता होने पर दाखिले से मना नहीं करेंगे स्कूल

नई दिल्ली। निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश स्तर कक्षाओं की सीटों पर पहला कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ होने के बाद दाखिले को लेकर दौड़ शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अभिभावक में से किसी एक की जानकारी न देने पर स्कूल चयनित उम्मीदवारों को दाखिला देने से मना नहीं कर सकते हैं। अगर किसी के नाम में एक या दो अक्षरों को लेकर दस्तावेज में कुछ भिन्नता है तो उस वजह से भी स्कूल दाखिला देने से मना नहीं करेंगे। साथ ही अगर चयनित उम्मीदवार के पास आधार नहीं है तो उसे भी दाखिला देने से मना नहीं किया जाएगा। दाखिले को लेकर शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा के उप शिक्षा निदेशक योगेश पाल सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसको लेकर परिपत्र भी जारी हुआ है। परिपत्र के अनुसार ड्रॉ में चयनित उम्मीदवारों की सूची स्कूल के बाहर लगाई जाएगी। साथ ही, स्कूल परिसर में हेल्प डेस्क लगाने के निर्देश हैं। स्कूलों में 30 मई दोपहर एक बजे तक प्री स्कूल/नर्सरी, प्री-प्राइमरी/केजी और पहली कक्षा, आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित वर्ग (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिले होंगे।

**क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड**
(पूर्व में गौरव मर्केंटाइल्स लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)
सीआईएन : L74110DL1985PLC373314
**पंजीकृत कार्यालय:** 403 प्रभात किरण, राजेंद्र प्लेस, दिल्ली- 110008 | दूरभाष: 011- 45142374
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** कार्नौस्टीज बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 1, 9वीं मंजिल, सेक्टर 16 ए, फिल्म सिटी, नोएडा - 201301 | दूरभाष नंबर: 0120 4751818
वेबसाइट: www.quintdigitalmedia.com | ईमेल: cs@thequint.com

**सूचना**

**"क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड–अनक्लेम्ड सिक्योरिटीज सस्पेंस अकाउंट" में शेयरों का स्थानांतरण**

कंपनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूचीकरण विनियम") की अनुसूची VI के साथ पठित विनियम 39 के अनुसार, 19 फरवरी, 2021 को सदस्यों की मंजूरी लेने के बाद 4 मार्च, 2021 को आवंटित किए गए दावा न किए गए /अवितरित बोनस इक्विटी शेयरों के लिए संबंधित शेयरधारकों को स्पीड पोस्ट द्वारा हमने तीन (3) अनुस्मारक भेजे हैं। कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") ने पुष्टि की है कि 31 मार्च, 2022 तक दावा न किए गए /अवितरित के रूप में पड़े इक्विटी शेयरों की कुल संख्या 97,450 है।

इसके अलावा, लिस्टिंग विनियमों की अनुसूची VI में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, हम आपको एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि उपर्युक्त दावा न किए गए/अवितरित इक्विटी शेयरों को "क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड–अनक्लेम्ड सिक्योरिटीज सस्पेंस अकाउंट" नामक एक (1) फोलियो में स्थानांतरित किया जाएगा। जिसे एफई सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के पास रखे गए डीमैट खाते में रखा जाएगा।

आबंटिती (ओं), जो वापस लौटाए गए/अवितरित किए गए शेयरों का दावा करना चाहते हैं, हमारे आरटीए से subhashdhingreja@skylinerta.com पर या कंपनी से cs@thequint.com पर संपर्क कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्राप्त अनुरोध के सत्यापन पर और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन के बारे में संतुष्ट होने के बाद, लिस्टिंग विनियम या उस समय लागू कोई अन्य आवश्यकता, कंपनी/आरटीए ऐसे शेयरों को आबंटिती के डीमैट खाते का दावारहित प्रतिभूति उचंत खाता, जिसका आबंटिती हकदार है से स्थानांतरित करेगी।

दावा न किए गए शेयरों के संबंध में किसी भी प्रश्न या मुद्दों के मामले में आप कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट श्री सुभाष ढींगरेजा, मेसर्स स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए/505, दत्तानी प्लाजा, अंधेरी–कुर्ला रोड, सफेद पूल, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400072 भारत, से संपर्क कर सकते हैं। ईमेल: subhashdhingreja@skylinerta.com, टेलीफोन नंबर 022 28511022। सदस्य कंपनी के कंपनी सचिव को इस पते पर भी लिख सकते हैं: cs@thequint.com या टेलीफोन नंबर 011-45142374 पर संपर्क करें।

निर्देशक मंडल के आदेश से
क्विंट डिजिटल मीडिया लिमिटेड के लिए
एसडी/–
तरुण बेलवाल
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
एम. क्रमांक A39190

जगह: नोएडा
दिनांक: 27 अप्रैल, 2022

# मोदी का नया कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी जड़ों तक पहुंच गया है। वहां पहली बार पंचायती राज, अपने संपूर्ण संदर्भों के साथ, स्थापित हुआ है। जम्मू-कश्मीर में 30,000 से ज्यादा जन-प्रतिनिधि पंचायतों में चुनकर आए हैं। गौरतलब यह रहा है कि देश का पंचायती राज दिवस पहली बार सांबा, जम्मू की पल्लू पंचायत में मनाया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समूचे जम्मू-कश्मीर को संबोधित किया। यह अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद का पहला परिदृश्य है, जहां लोकतंत्र के साथ विकास की संभावनाएं भी स्पष्ट हैं। यह संघशासित क्षेत्र आगामी 25 सालों में विकास की नई गाथा लिखेगा, प्रधानमंत्री अपने इस दावे को और स्पष्ट करते, तो बेहतर रहता, लेकिन आज हमारी ह्यजन्नतह्ण में काफी उल्लास और सक्रियता महसूस की गई, पर्यटन बहार पर है, लिहाजा अगली गर्मियों तक सभी बुकिंग हो चुकी हैं। उम्मीद है कि लाखों सैलानी कश्मीर जाएंगे, तो वहां का कारोबार भी चमकेगा और राजस्व भी हासिल होगा। ऐसे बदलते कश्मीर में प्रधानमंत्री ने 20,000 करोड़ रुपए की सौगातें दी हैं। शिलान्यास के साथ शुभारंभ भी किए गए हैं। बेहद महत्त्वपूर्ण बनिहाल-काजीगुंड सुरंग का उद्घाटन किया गया, जिससे जम्मू और श्रीनगर की दूरी करीब 2 घंटे कम हो जाएगी। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला को लिंक करने वाला ऑर्क ब्रिज भी जल्द ही देश को मिलेगा। सुरंग बनने से अब बारिश, ओलावृष्टि, हिमपात की कोई चिंता नहीं। सुरंग का रास्ता 24 घंटे, सातों दिन खुला रहेगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, तो 7500 करोड़ रुपए की लागत वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे का भी शिलान्यास किया। इससे मां वैष्णो देवी के धाम तक पहुंचने में सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि बहुत जल्द कन्याकुमारी की देवी को वैष्णो देवी धाम से जोड़ा जाएगा। देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है, तो 75 अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। उनके जरिए स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिवीर शहीदों के परिवारों को जोड़ा जाएगा। सांबा में 108 जन औषधि केंद्रों की शुरूआत की जाएगी, ताकि आम आदमी को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकें। नए कश्मीर में नए निवेश की घोषणा स्पष्ट संकेत है कि निजी कंपनियां निवेश कर रही हैं। प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त अरब अमीरात के बिजनेस लीडर भी मौजूद थे। वे जम्मू-कश्मीर में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि बीते दो सालों में ही 38,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है, जबकि आजादी के बाद सात दशकों के दौरान 17,000 करोड़ रुपए का ही निवेश किया गया था। बहरहाल प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं का आह्वान करते हुए कहा है-मेरे शब्दों पर भरोसा रखिए। मैं हर तरह की दूरियां मिटाने आया हूं। प्रधानमंत्री की घोषणाओं और दावों पर उनके राजनीतिक विरोधी संदेह और सवाल कर सकते हैं, लेकिन हम इन्हें नए विकास और नई लोकतांत्रिक धारा की नई शुरूआत मान रहे हैं। परिसीमन की प्रक्रिया भी आखिरी चरण में है। मई की शुरूआत में ही आयोग की रपट आना प्रस्तावित है। उसके बाद विधानसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू होगी। लोकतंत्र का एक और निर्णायक अध्याय आरंभ होगा। जम्मू-कश्मीर की विधानसभा बहाल होगी। राज्य शेष भारत के कानूनों से जुड़ चुका है और मुख्यधारा से जुडने की गति विधानसभा बनने के बाद शुरू होगी। प्रधानमंत्री के इस देशव्यापी आयोजन के अर्थ राजनीतिक भी हैं, लेकिन उसे भी लोकतंत्र से ही जोड़ा जाएगा। बेशक कश्मीर का चेहरा बदलना है। अब वह कश्मीर नहीं चाहिए, जिसे भारत-विरोधी बना रखा गया था। दो-दो ध्वज थे और केंद्रीय कानूनों को लागू नहीं किया जा सकता था। अनुच्छेद 370 के बाद कई पाबंदियां तोड़ दी गई हैं। अब कश्मीर में भी तिरंगा लहराया जाता है। सवाल है कि नए कश्मीर में, नए निवेश और नई सियासत के साथ नए अवसर पैदा होंगे अथवा नहीं? वैसे प्रधानमंत्री ने दावा किया है कि कश्मीर में 2.40 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। नौकरियों और भर्तियों की स्थिति क्या होगी, वह भी देखनी है। कुछ नई शुरूआत की गई हैं, जिनकी घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने की। आतंकवाद अब भी मोदी और भारत सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। जिस दिन यह खूबसूरत आयोजन जम्मू में किया गया, उसी दिन कश्मीर में सुरक्षा बलों को लश्कर के आतंकियों के साथ मुठभेड़ करनी पड़ी। तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया, लेकिन इस बिंदु पर भी अब कारगर होने की जरूरत है कि बचे-खुचे पाकपरस्त आतंकवाद का खात्मा कैसे करना है।

# लाउडस्पीकर विवाद

सिद्धार्थ शंकर

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। मामले को अधिक तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, मगर भाजपा और मनसे ने इससे दूरी बनाए रखी। इस बैठक से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी दूरी बना ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता किरीट सोमैया पर हमले का मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। इस मामले में अब भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर गृह सचिव से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है साथ ही किरीट सोमैया मामले को भी उठाया। महाराष्ट्र में अचानक से बदले राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो यह बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। उद्धव सरकार जाएगी या बचेगी, सवाल यह नहीं है। भाजपा जिस तरह से एक के बाद एक घटनाक्रम को अंजाम दे रही है, उसके सियासी मायने बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज ठाकरे की लाउडस्पीकर हटाने की मांग, नवनीत राणा की मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान, करीट सोमैया पर हमला यह सब अचानक नहीं है। महाराष्ट्र में राजनीतिक हवाएं बड़ी तेजी से बदल रही हैं। इन हवाओं की चपेट में सत्ताधारी दल शिवसेना तो है ही, साथ में महाविकास अघाड़ी को अस्थिर करने का भी पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में आक्रामक रवैये वाली शिवसेना को अपने अहम मुद्दों पर कमजोर पड़ती धार से उसका न सिर्फ नुकसान हो रहा है, बल्कि वह अपने धुर विरोधी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे को आगे बढ़ने का मौका भी दे रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बनते बिगड़ते तमाम हालातों को लेकर भाजपा के नेता जिस तरीके से केंद्रीय गृह सचिव से मिले हैं, उससे अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कई तरह के तूफान आने की आशंका बनी हुई है। शिवसेना जब से अपने नए गठबंधन के साथ सरकार में आई है, तब से उसके कड़क हिंदुत्व वाले मिजाज में न सिर्फ कमी आई है, बल्कि गठबंधन की मजबूरी से सरकार चलाने की स्थितियां स्पष्ट देखी जा रही हैं। जिस तरीके से कड़क हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना आगे आती थी, वही अब उस पर बैकफुट पर है। इसी कमी को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे बढ़-चढ़कर आगे आए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सड़कों पर हनुमान चालीसा के पाठ के बाद से हिंदुत्व की धुरी बनने की पूरी योजना बना रही है। शिवसेना की गठबंधन में होने की मजबूरी के चलते राज ठाकरे को इससे फायदा भी मिल सकता है। हालांकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उग्र हिंदुत्व की धुरी से राज ठाकरे को चुनाव में कितना फायदा होगा, इसके बारे में अभी कहना बहुत जल्दी होगा। लेकिन उनका कहना है कि शिवसेना आरोप लगा रही है कि राज ठाकरे के माध्यम से भाजपा अपने हित साधने की कोशिश कर रही है। इस पूरे मामले में एक तरीके से महाराष्ट्र में हाशिए पर पड़ी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिस मुद्दे पर शिवसेना कभी राज्य में सबसे आगे हुआ करती थी, अब उसी पर एक बार फिर से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। कभी हिंदुत्व और यूपी-बिहार के लोगों का मुद्दा बनाकर सड़कों पर उतरने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधानसभा में 13 विधायकों के साथ बड़ा प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन अब ये मुद्दे उतने प्रभावी नहीं रहे, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक विधायक के साथ विधानसभा में सिमट कर रह गई। महाराष्ट्र के राजनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि राज ठाकरे को इस बात का बखूबी अंदाजा हो गया कि कड़क हिंदुत्व के मामले में शिवसेना पीछे हट रही है। बस इसी मुद्दे को राज ठाकरे ने पकड़ लिया।

# शिक्षा और साक्षरता जरूरी

**शिक्षा हमारे अनुभव से प्राप्त हुए ज्ञान का संयोजन है, शिक्षा का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि मनुष्य सुखी कैसे हो और स्वयं के जीवन में तथा समाज के लिए सही मूल्यांकनों के साथ निर्णय करने में स्वाबलंबी है। साक्षरता का अर्थ होता है जानकारी हासिल करना लेकिन शिक्षा का अर्थ है जागरूक बनाना, जानकारी का अंबार लगा देने से कोई शिक्षित नहीं हो जाता, पंडित हो जाएगा हो, साक्षर हो जाएगा शिक्षित नहीं होगा। आज की तथाकथित शिक्षा में भी बदलाव लाना अति आवश्यक है, हम जिस सदी में जी रहे हैं वहां मनुष्य - मनुष्य ना होकर अपने तल से गिरकर पाशविकता की और ज्यादा जा रहा है।**





**अमृता अग्रवाल**
**लेखिका एक कवियत्री भी हैं**

शिक्षा और साक्षरता कहने को तो एक ही जैसे लगते हैं ,परंतु! है दो बातें हां! यह अवश्य है कि दोनों एक-दूसरे के परिपूरक जरूर हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे प्राण और शरीर। ठीक उसी प्रकार जैसे प्राण के पास शरीर ना हो और शरीर के पास प्राण ना हो तो कोई अस्तित्व निर्धारित नहीं कर सकता, उसी प्रकार शिक्षा और साक्षरता का भी अस्तित्व है। साक्षरता रोजी रोटी कमाने और हमारे जीवन को समाज में बेहतर रूप से जीने के लिए योगदान समझाने का मार्ग है, वहीं शिक्षा का अर्थ है कि खुद को स्वभाविक रखने की कला को सीखना। शिक्षा हमारे अनुभव से प्राप्त हुए ज्ञान का संयोजन है ,शिक्षा का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि मनुष्य सुखी कैसे हो और स्वयं के जीवन में तथा समाज के लिए सही मूल्यांकनो के साथ निर्णय करने में स्वाबलंबी ह। साक्षरता का अर्थ होता है जानकारी हासिल करना लेकिन शिक्षा का अर्थ है जागरूक बनाना, जानकारी का अंबार लगा देने से कोई शिक्षित नहीं हो जाता, पंडित हो जाएगा हो, साक्षर हो जाएगा शिक्षित नहीं होगा। आज की तथाकथित शिक्षा में भी बदलाव लाना अति आवश्यक है, हम जिस सदी में जी रहे हैं वहां मनुष्य - मनुष्य ना होकर अपने तल से गिरकर पाशविकता कि और ज्यादा जा रहा है।शिक्षा का संबंध कहीं भी महत्वकांक्षा से नहीं होना चाहिए, प्रतिद्वंदिता और महत्वाकांक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

जब हमारे मन में महत्वाकांक्षा जन्म लेगी तभी दूसरी ओर से प्रतिद्वंदिता भी साथ साथ जन्म लेगी और यहीं से शुरू होती है मनुष्य के विकृत होने की संभावना। प्रतिद्वंदिता के लिए मनुष्य को अपने तल से नीचे आकर मनुष्य को ही दमित करते हुए आगे बढ़ना ही हिंसा प्रकृति को जन्म देने का मार्ग है ,और यहीं से प्रकृति सारे जीवन को विध्वंस की ओर ले जाने में सहायक होती है। आज जो सारी दुनिया में युद्ध चल रहे हैं अपराध हो रहे हैं उसका कारण हमें समझना अति आवश्यक है कहीं ना कहीं कुछ ना कुछ तो बुनियादी भूल अवश्य हो रही है। आज भौतिक समृद्धि तो विकसित हो रही है वहीं दूसरी और मानसिक समृद्धि का स्तर बिल्कुल नीचे की ओर गिर गया है। इसलिए आज शिक्षा में क्रांति की जरूरत है शिक्षा ही हमें एक स्वस्थ समाज की ओर ले जा सकती है और एक स्वस्थ समाज तभी होगा जब एक स्वस्थ मनुष्य होगा। आज की शिक्षा का सारा का सारा केंद्र ही सफलता पर तय कर दिया गया है और सबसे बड़ी विडंबना ही है कि सफल होने के लिए जो भी करना पड़े वह इंसान करने लगता है। एक तरफ शिक्षा कहती है कि हमें उदारवादी होना चाहिए वहीं दूसरी ओर शिक्षा प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा की तरफ हमें धकेल देती है।

इस विरोधाभास के साथ हम कैसे उदारवादी समाज और और एक स्वस्थ मनुष्य की कल्पना कर सकते हैं जबकि प्रतिस्पर्धा से तो सिर्फ हिंसा पैदा हो सकती है। अगर आज मनुष्य चाहता है कि स्वस्थ समाज की स्थापना हो तो सबसे पहले शिक्षा के केंद्र को सफलता से हटाना जरूरी है।

सम्मान की जगह सुफल होना शिक्षा के केंद्र में स्थापित करना होगा।सफलता का कोई मूल्य नहीं है सुफल होना मूल्यवान है, सम्मान तो काम का होना चाहिए ना कि सफलता का ,सफलता अगर झूठ से बेईमानी से आती हो तो उस सफलता का कोई मूल्य नहीं इससे कहीं बेहतर है कि सच बोलकर असफल हो जाना।आज भी हम वहीं 5000 सालों वाली पुरानी परंपरा, अंधविश्वास को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।और यही से हमारी भूल शुरू होती है, जो हम हैं वही हम अपने बच्चों को देना चाहते हैं चाहे वह शिक्षा हो या संस्कार।

शिक्षक हो या माता-पिता हर कोई यही चाहता है कि बच्चा उनकी विचारधारा पर चले कोई नहीं चाहता है कि बच्चा उनकी सोच और विचारधारा को छोड़कर वह खुद की नई विचारधारा को समृद्धि दे।आज की शिक्षा में शिक्षक और विद्यार्थी के बीच मैत्री भाव होना अति आवश्यक है ना कि बड़े और छोटे होने का भाव, शिक्षक और बच्चों के बीच प्रेम की भावना होना ,न की अनुशासन की।बच्चों के अंदर डर नहीं मैत्री की भावना ही शिक्षा को एक नई दिशा दे सकती है। एक नई संस्कृति को पैदा करने के लिए सबसे बड़ा योगदान शिक्षक का ही है और इसके लिए सबसे पहले एक शिक्षक को स्वयं में परिवर्तन लाना होगा। साथ ही शिक्षा को ध्यान और प्रेम से जोड़ा जाना चाहिए, आज मनुष्य को ध्यान और प्रेम की जरूरत है। शिक्षा का वास्तविक लक्षण ही यह है की इंसान जागरूक बने, स्वयं और दूसरों के जीवन को रूपांतरण करने का विज्ञान सीखे, और ऐसी शिक्षा है हमारे और दूसरे के भीतर ज्ञान की ज्योति जगा सकती है और उस ज्योति की एक अलग ही आभा होगी ऐसी आभा जो सिर्फ हमें ही नहीं अपितु औरों को भी बदलेगी।जिस दिन समाज में साक्षरता शिक्षा को अपना लेगी उस दिन यह समाज हिंसा अपराध प्रतिद्वंदिता वैमनस्य से अलग होकर एक नई दुनिया कायम करने में सक्षम होगा, उस दिन मनुष्य युद्ध, हिंसा, करने में नहीं बल्कि उदारता, प्रेम ,करुणा में विश्वास रखेगा।

# देश की अगला प्रधानमंत्री बनेंगी ममता !

**उपचुनाव में जीत प्रतिक्रिया देते हुए नव निर्वाचित शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि अगले आम चुनाव यानी 2024 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भारत का प्रधानमंत्री बनना निश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर मंसूबा नाकामयाब होता जा रहा है। एक सवाल के जवाब में सिन्हा ने कहा- भाजपा सिर्फ धर्म की राजनीति करना जानती है और पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी करके लोगों को परेशान कर रही है।**





**शंकर जालान**
**लेखक एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

कभी केशरिया खेमे में रहे पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री शत्रुघ्न सिन्हा इन दिनों अपनी पूर्व पार्टी यानी भाजपा के खिलाफ खुल कर बोल रहे हैं। आसनसोल लोकसभा उपचुनाव में रिकॉर्ड मत से जीत हासिल करने वाले बिहारी बाबू ने टेलीफोन पर विशेष बातचीत में कहा कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ही देश की अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव में शिकरत करने कोलकाता पहुंचे बिहारी बाबू के नाम से मशहूर सिन्हा ने कहा कि ममता ही एक ऐसी नेत्री है जो भाजपा व नरेंद्र मोदी को न केवल टक्कर दे सकती हैं, बल्कि शिकस्त भी दे सकती है। उपचुनाव में जीत प्रतिक्रिया देते हुए सिन्हा ने कहा कि अगले आम चुनाव यानी 2024 में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भारत का प्रधानमंत्री बनना निश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर मंसूबा नाकामयाब होता जा रहा है। एक सवाल के जवाब में सिन्हा ने कहा- भाजपा सिर्फ धर्म की राजनीति करना जानती है और पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी करके लोगों को परेशान कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ममता बनर्जी देश की प्रधानमंत्री बनेंगी। नवनिर्वाचित सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आसनसोल लोकसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी को जो जीत प्राप्त हुई है, इसका श्रेय केवल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जाता है। यह जीत पार्टी के सभी नेताओं कार्यकताओं व यहां की जनता की बदौलत हुई है।

राज्य की मुख्यमंत्री व अत्यंत लोकप्रिय नेत्री ममता बनर्जी की आन, बान और शान में इस जीत ने चार चांद लगा दिया है। नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि अभी हमें आगे बहुत काम करना है।

अगले लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गेम चेंजर साबित हों, इसके लिए हमें अभी से ही प्रयास करना हैं।

# बचत से आती है आत्मनिर्भरता

डा. अश्विनी महाजन

यूं तो बचत एक वरदान है। बचत करते हुए हम न केवल अपने लिए संपत्ति और संसाधनों का निर्माण कर सकते हैं, अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह भली-भांति कर सकते हैं, बल्कि बुरे दिनों के दौरान विपदा को भी कम कर सकते हैं। भारतीय परंपराओं, स्वभाव और संस्कारों में बचत हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। अक्सर हम अपने द्वारा संचित संसाधनों से अपने जीवन को पहले से बेहतर बनाते हैं।

समाज में चाहे जो भी सोच, स्वभाव अथवा परंपरा रही हो, लेकिन भारत में कभी भी अलग प्रकार के विचार की अभिव्यक्ति पर रुकावट नहीं रही। हमारे ही वांग्मय में एक दार्शनिक चारवाक का उल्लेख आता है, जिन्होंने बचत संस्कृति के विपरीत एक सिद्धांत का प्रतिपादन किया, जिसे हम चारवाक सिद्धांत भी कह सकते हैं। उनका यह सिद्धांत भौतिकवादी विचार पर आधारित है। उन्होंने एक श्लोक के माध्यम से कहा ष्यावत जीवेत सुखम जीवेत। ऋणं कृत्वा घृतं पिबते। भस्मिभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः। इसका भावात्मक अर्थ यह है कि जब तक जीएं सुख से जीएं।

कोई भी मृत्यु से बचा नहीं, एक बार जब शरीर जल जाएगा तो वापस नहीं आएगा। इसका अभिप्राय यह है कि बचत तो छोड़िए, जीवन को सुखमय बनाने के लिए ऋण भी लें। चाहे चारवाक ऋषि ने यह बात कही हो, लेकिन भारतीय समाज ने कभी भी इस सिद्धांत को अपनाया नहीं। प्राचीन काल से ही धनाढ्य लोग स्वयं के उपभोग से बची अपनी आय का कुछ भाग बचत के रूप में रखते थे। उस समय बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान नहीं होने के कारण वे अपनी बचत को स्वर्ण अथवा अन्य संपत्ति के रूप में रखते थे। चूंकि हमारा समाज कभी भी सरकार की सहायता पर निर्भर नहीं रहा, समाज अपने लिए आवश्यक सुविधाएं स्वयं ही जुटाता रहा है।

इसीलिए बुरे दिनों में आपदा से निपटने के लिए आश्वासन एवं बीमा हेतु स्वयं की बचत से बढकर कुछ नहीं है। प्राचीन काल से ही हमारे पुरातन मंदिरों में भी धन-धान्य की भरमार रही है। कई मंदिरों में तो वह धन-धान्य अभी भी कम-अधिक मात्रा में मिलता ही है।

दक्षिण भारत के केरल प्रांत में पऽनाभस्वामी मंदिर के बारे में कहा जाता है कि वहां कई टन सोने के सिक्के एवं अन्य वस्तुएं सुरक्षित हैं। मंदिर की ये परिसंपत्तियां कई शताब्दियों से लगातार संग्रहित की जाती रही हैं। पऽनाभस्वामी मंदिर अकेला ऐसा मंदिर नहीं है जहां अपार धन संपत्ति एकत्र है। इसके अलावा कई और मंदिर भी हैं जो हमारे समाज के समर्पण और धन-धान्य के प्रतीक माने जाते रहे हैं। भारतीय समाज में पुरातन काल से ही धन-धान्य से समर्थ लोग स्वयं को धन का न्यासी मानकर, अपने उपभोग से बचाकर धन का उपयोग सराय, शिक्षण संस्थान एवं अन्य सामाजिक सरोकार के लिए भी करते थे।

बैंकों एवं अन्य आधुनिक वित्त संस्थानों के अभाव में लोगों की बचत को एकत्र कर उत्पादन कार्यों में लगाने की तो व्यवस्था नहीं थी, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं कि वित्तीय लेन-देन की प्रक्रिया उस समय नहीं होती थी। वर्तमान में जैसे धन हस्तांतरित करने में आधुनिक तंत्र का उपयोग होता है, उस समय धन हस्तांतरित करने में हुंडी का उपयोग काफी प्रचलित था। लोग स्वयं की बचत को अपने पास तो रखते ही थे, नगर-सेठ और व्यवसायियों को भी धन देकर उससे लाभ कमाया जाता था।

बचत संस्कृति का ही प्रभाव था कि देश के लोग सूखा एवं अन्य विपदाओं के बावजूद काफी हद तक अप्रभावित रहते थे। हमारे देश में विचारों की स्वतंत्रता तो सदैव ही रही है, जैसे पूर्व में चारवाक ऋषि ने ऋण लेकर उपभोग करने हेतु बचत संस्कृति से इतर विश्वास व्यक्त किया था, उसी प्रकार वर्तमान काल में कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि बचत तो दूर, हमे उधार लेकर भी उपभोग बढ़ाना चाहिए। ऐसे में वे उदाहरण देते हैं कि कार, गृह एवं अन्य प्रकार के ऋणों के आधार पर ईएमआई देते हुए खरीद करने में भी कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

इस प्रकार ऋणों के आधार पर हम अपनी मांग में वृद्धि कर सकते हैं जिससे उत्पादन को प्रोत्साहन मिलता है और ग्रोथ संभव होती है। आजादी से पूर्व विदेशी शासन के कारण देश के लोगों द्वारा खासी मेहनत के बावजूद हमारा देश प्रगति नहीं कर पाया। यदि पिछली सदी के प्रथम पांच दशकों को देखा जाए तो पता चलता है कि हमारी राष्ट्रीय आय की वार्षिक वृद्धि दर एक प्रतिशत से भी कम थी जिसके कारण हमारी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर शून्य ही रही।

इसका कारण यह था कि अंग्रेजी शासन के दौरान हमारे देश में उद्योगों का ह्रास भी हुआ और किसानों के शोषण और उनके अधिकारों के हनन के कारण कृषि में भी निवेश की प्रेरणा समाप्त हो गई थी। इसलिए देश के लोगों में बचत संस्कृति के बावजूद निवेश के पर्याप्त अवसर नहीं होने के कारण उसका सदुपयोग नहीं हो पाया। लेकिन आजादी के बाद देश में बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों के विकास के कारण लोगों की बचत को हम बेहतर तरीके से एकत्र करने में सफल हो रहे हैं। उधर पूंजी बाजार में भी बचत के निवेश की पर्याप्त संभावनाएं मिलती हैं।

उसके बावजूद लोग अपनी बचत का उपयोग अचल संपत्ति निर्माण एवं सोना-चांदी की खरीद में भी करते हैं। आजादी के बाद जैसे-जैसे बचत एकत्रीकरण की सुविधाएं बढ़ी, कुल जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बचत का योगदान बढ़ता गया।

जहां 1950-51 में कुल घरेलू बचत जीडीपी का मात्र 8.6 प्रतिशत ही थी, 1960-61 में यह बढकर 11.2 प्रतिशत, 1970-71 में 14.2 प्रतिशत, 1980-81 में 18.5 प्रतिशत, 1990-91 में 22.8 प्रतिशत और 2004-05 में 32.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। देश में अधिकतम बचत दर 2007-08 में 36.8 प्रतिशत थी।

लेकिन उसके बाद बचत दर में गिरावट देखने को मिल रही है। और यह वर्ष 2017-18 में 32.07 प्रतिशत और 2019-20 में 31.38 प्रतिशत रही। इसका सीधा-सीधा प्रभाव देश में पूंजी निर्माण पर दिखाई देता है। 1950-51 में सकल घरेलू पूंजी निर्माण जीडीपी का 8.4 प्रतिशत, 1960-61 में 14.0 प्रतिशत, 1970-71 में 15.1 प्रतिशत, 1980-81 में 19.9 प्रतिशत, 1990-91 में 26.0 प्रतिशत और 2007-08 में 38.1 प्रतिशत तक पहुंच गया था। उसके बाद बचत दर में कमी के कारण यह सकल घरेलू पूंजी निर्माण वर्ष 2017-18 में 33.89 प्रतिशत और वर्ष 2019-20 में 32.19 प्रतिशत पहुंच गया। बचत और पूंजी निर्माण की बढ़ती दरों ने देश में ग्रोथ की बेहतर स्थिति निर्माण की और जीडीपी की ग्रोथ की दर पूंजी निर्माण की दर के अनुपात में बढ़ती गई।

1950 से 1980 के तीन दशकों में हमारी राष्ट्रीय आय की ग्रोथ की दर मात्र 3.5 प्रतिशत ही थी, लेकिन 1980 से 1990 के दशक में यह 5.2 प्रतिशत थी, लेकिन 2001-02 से 2011-12 के बीच में यह 8 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। समझा जा सकता है कि पूंजी निर्माण की बढ़ती दरों ने यह संभव कर दिखाया। कुछ अर्थशास्त्री यह तर्क देते हैं कि पूंजी निर्माण तो विदेशी पूंजी से भी हो सकता है।

विदेशी पूंजी से भी व्यवसाय खुल सकते हैं, रोजगार भी निर्माण हो सकता है और जीडीपी भी बढ़ सकती है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि विदेशी पूंजी पर निर्भरता से देश पर देनदारियां बढ़ती हैं और विदेशी मुद्रा भंडारों पर दबाव बढ़ता है।

चाहे विदेशी यहां अंश पूंजी में भी निवेश करते हैं और देश पर उधार की देनदारियां नहीं बढ़ती, लेकिन विदेशी कंपनियां देश से भारी मात्रा में धन रॉयल्टी, टेक्निकल फीस, डिविडेंड, लाभ एवं वेतन के रूप में अपने मूल देशों में ले जाती हैं। यह सभी विदेशी मुद्रा में जाता है। गौरतलब है कि आज भारत में जितना विदेशी निवेश आता है, उससे भी ज्यादा मात्रा में इन तरीकों से देश से विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। यही नहीं, देश के संसाधनों पर विदेशियों का कब्जा बढ़ता जाता है। आज देश आत्मनिर्भरता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उसके लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक घरेलू संसाधनों से निवेश को बढ़ाते हुए देश का विकास करें। नहीं भूलना चाहिए कि ब्राजील, अर्जेंटीना, लेटिन अमेरिका, श्रीलंका और कई अन्य देशों ने विदेशी पूंजी पर अधिक निर्भर होकर अपने-अपने देशों के लिए मुश्किलें बढ़ाई हैं।

(लेखक कालेज में एसोशिएट प्रोफेसर है)

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय विद्यालय पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 29 अप्रैल को जारी करेगा सूची

नई दिल्ली। केंद्रीय विद्यालयों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 29 अप्रैल को चयनित छात्रों की सूची जारी की जाएगी। पहले यह सूची 18 अप्रैल को जारी होनी थी। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2022-23 में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की। सभी पंजीकृत विद्यार्थियों की चयनित एवं प्रतीक्षित अनंतिम सूची 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसके बाद भी यदि सीटें खाली रह जाती हैं तो दूसरी सूची 6 मई को और 10 मई को तीसरी सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी के अंतिम सप्ताह प्रवेश के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। 28 फरवरी से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होकर 13 अप्रैल तक चला था।

### प्रधानमंत्री अगले महीने जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 02-04 मई को जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस वर्ष यह प्रधानमंत्री की पहली विदेश यात्रा होगी। बर्लिन में प्रधानमंत्री जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के छठे संस्करण की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री और चांसलर स्कोल्ज संयुक्त रूप से एक बिजनेस कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जर्मनी में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार 2021 में भारत और जर्मनी ने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 साल पूरे होने का जश्न मनाया था। दोनों देश 2000 से रणनीतिक साझेदार हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा व्यापक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और दोनों सरकारों के लिए आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का एक अवसर होगी।

### कोरोना : मुआवजे के लिए दावा करने की समय सीमा तय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बुधवार को कहा कि 20 मार्च से पहले कोरोना के चलते हुई मौतों के लिए मुआवजे का दावा करने की समयसीमा दो महीने होगी। जबकि भविष्य में यह तीन महीने की रहेगी। एनडीएमए ने इस संबंध में 24 मार्च के उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर यह घोषणा की। 20 मार्च 2022 से पहले कोविड-19 से हुई मौतों के मामले में मुआवजे के दावे के लिए छह दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। एनडीएमए ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि भविष्य में कोविड से होने वाली मौतों के संबंध में दावा दाखिल करने के लिए मृत्यु की तिथि से 90 दिन तक का समय दिया जाएगा। वहीं, इस संबंध में पुराना आदेश भी जारी रहेगा, जिसमें दावे की प्रक्रिया को पूरा कर मुआवजे के भुगतान के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। ऐसे मामलों में, जहां दावेदार को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वह निर्धारित समय के तहत आवेदन नहीं कर सकता तो वह शिकायत निस्तारण समिति का रुख कर उसके जरिये दावा कर सकता है।

### आप ने आग को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लैंडफिल साइट की आग को लेकर निगमों में भाजपा शासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइटों की आग भी निगम में भाजपा के पंद्रह साल के शासन की निशानी है। पर्यावरण मंत्री ने बुधवार को कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट में लगी आग को लेकर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। इसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंद्रह साल निगमों में भाजपा शासन रहा है। इस दौरान ही दिल्ली के तीन कोनों पर कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ खड़े हो गए हैं। कचरे के इन पहाड़ों के नाम पर तमाम भ्रष्टाचार किए गए। लेकिन, वास्तव में कुछ नहीं किया गया। इसी का परिणाम है कि आज इनमें लगातार आग लग रही है। उन्होंने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट की आग पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग को लेकर भी डीपीसीसी से रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसमें लापरवाही पाई जाने के बाद बाद पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर पचास लाख का जुर्माना किया गया था।

# भाजपा की कथित अवैध वसूली के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




● पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के निगम में तीनों नेता प्रतिपक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। आप के वरिष्ठ नेता एवं प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा, पूरी दिल्ली से हमें शिकायतें आ रही हैं कि भाजपा के नेता दिल्ली के सभी घरों में कमी निकाल रहे हैं। किसी से कह रहे हैं कि आपके घर में यह समस्या है, छज्जा गलत बनवाया है, नाली खुली हुई है। यदि आपको अपना घर नहीं तुड़वाना है तो हमें इतना पैसा दो, अन्यथा आपके घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। 15 सालों से निगम में भाजपा है। पहले खुद इन्होंने अवैध निर्माण होने दिए। हार के डर से चुनाव टाल दिए। अब इन्हें पता है कि चुनाव में छह महीने-सालभर का समय बाकी है तो कैसे भी करके अपनी जेब भरनी है। पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के निगम में तीनों नेता प्रतिपक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने कहा कि भाजपा पूरी तरह से भारतीय गुंडा पार्टी बन चुकी है। भाजपा के सभी नेता, चाहे वह प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता हों, उनके पार्षद हों, स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन हों, उनके जोन के चेयरमैन हों, जिस प्रकार से वह लोग दिल्लीवालों को डरा-धमका रहे हैं कि हमें पैसे दो नहीं तो आपका घर तोड़ दिया जाएगा। दुकानों को कन्वर्जन शुल्क, हाउस टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे हैं और उसकी आड़ में अवैध उगाही की जा रही है। यह सरासर गुंडागर्दी है इसलिए आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरी है। भाजपा की यह गुंडागर्दी चलने नहीं दी जायेगी। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष प्रेम चौहान ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा ने बुलडोजर की राजनीति शुरू की है, वह बिल्कुल गलत है। पहले खुद अवैध निर्माण करवाए और अब उन्हीं लोगों को बुलडोजर की धमकी देकर फिर से उगाही करने में लगे हुए हैं। यह काम तो तभी करवाना चाहिए था जब अवैध निर्माण हो रहे थे लेकिन तब तो उगाही का लालच था। उन्होंने कहा, यदि आपको बुलडोजर चलाना ही है तो गरीबों के घरों पर नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं के घरों पर चलाना चाहिए जो अवैध निर्माण करवाकर बैठे हैं। आज यदि आप हिंदू-मुस्लिम करके, बुलडोजर की राजनीति करके दिल्ली का माहौल खराब करने की कोशिश करगें तो दिल्ली की जनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मनोज त्यागी ने कहा कि उगाही के लालच में भाजपा ने पूरी दिल्ली में कोहराम मचाकर रखा हुआ है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि अवैध निर्माण होने देने के लिए भाजपा के तमाम नेता सामूहिक रूप से दिल्ली की जनता से माफी मांगे।

# न्यू उस्मानपुर में आधे घंटे के अंदर लूट की दो वारदात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में मंगलवार को आधे घंटे के अंदर बदमाशों ने लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने पीड़ितों की डंडे से पिटाई भी की। वे नकदी और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित 19 वर्षीय पवन जौहरीपुर में रहते हैं। वह मैकेनिक का काम करते हैं। मंगलवार शाम सिग्नेचर ब्रिज के पास न्यू उस्मानपुर इलाके में एक ट्रक खराब हो गया था, उसे ठीक करने के लिए अपने साथी के साथ गए थे। वह टॉर्च लेकर खड़े थे और उनका साथी फैजल ट्रक को ठीक करने में जुटा था। शाम 7:30 बजे के करीब तीन बदमाश लाठी-डंडे लेकर वहां आ पहुंचे। उन्होंने फैजल का फोन छीन लिया। इस पर पवन ने विरोध ने विरोध जताया। तीनों बदमाशों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। बदमाशों ने फोन भी छीन लिया। फैजल ने बचाने का प्रयास किया तो उसके रुपये छीन लिए और डंडा मारकर घायल कर दिया। पवन को उपचार के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सेंट्रल रिज के जंगल से विलायती कीकर हटाने का अभियान शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार ने सेंट्रल रिज के जंगल से विलायती कीकर हटाने का काम शुरू कर दिया है। बुधवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इसकी शुरूआत की। पहले चरण में जंगल के दस हेक्टेयर भूमि से विलायती कीकर हटाया जाएगा और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र को वापस लाया जाएगा। इसके लिए विशेष कार्यबल का गठन भी किया गया है। पर्यावरण मंत्री ने दिन में पारिस्थितिक बहाली के लिए किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा के लिए सेंट्रल रिज का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में दिल्ली सरकार की ओर से यह महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इस क्रम में विलायती कीकर को हटाकर स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए इस कार्य की शुरूआत दस हेक्टेयर भूमि के साथ की जा रही है। बाद में इस परियोजना को सात हजार हेक्टेयर भूमि में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेंट्रल रिज क्षेत्र को कट रूट स्टॉक विधि के जरिए विलायती कीकर से मुक्त कराया जाएगा। क्योंकि यह देखा गया है कि विदेशी प्रजातियों का विस्तार आक्रामक रूप से बढ़ रहा है। इस विस्तार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए विदेशी कीकर को हटाकर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने का काम शुरू किया गया है। स्थानीय प्रजाति के इन पौधों को मिलेगी तरजीह : सेंट्रल रिज में विलायती कीकर की बजाय हिंगोट, बरगद, बहेड़ा, गोभी, चमरौद, पिलखन, अमलतास, शहतूत, पलाश, देशी बबूल, खैर, करेली, गूलर, हरसिंगार जैसे पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही घटबोड़, कढ़ीपत्ता, शतावरी, करौंदा, अश्वगंधा, झरबेर इत्यादि झाड़ियां भी लगाई जाएंगी। वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा सेंट्रल रिज प्रोजेक्ट के तहत घास के मैदान भी विकसित किए जाएंगे। इसे पक्षियों और तितलियों के लिए सफारी के तौर पर भी विकसित किया जएगा। प्रोजेक्ट में आसपास के पार्क भी शामिल किए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि इसी क्रम में चेक डैम और जलाशयों का भी निर्माण किया जाएगा। जिसमें प्राकृतिक रूप से जल संग्रहण होगा और पशु-पक्षियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# भविष्य में पी.के. की सलाह लेने के सवाल पर कांग्रेस ने कहा, हमारे खिड़की-दरवाजे रहते हैं खुले

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



● खेड़ा ने कहा, कांग्रेस जब जब संघर्ष के रास्ते से भटकी है, उसने सत्ता गंवाई है। हमें मालूम है कि हमें संघर्ष के रास्ते पर आना है। जब इतनी बड़ी पार्टी कोई निर्णय लेती है तो उसमें समय लगता है।

कांग्रेस ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के पार्टी में शामिल होने से इनकार करने के बाद, भविष्य में उनकी बतौर सलाहकार सेवा लेने से जुड़े सवाल पर बुधवार को कहा कि वह एक जीवंत संगठन है और सुझाव के लिए उसके खिड़की एवं दरवाजे खुले रहते हैं। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि किशोर ने कांग्रेस के यज्ञ में शामिल होने से क्यों मना किया, इसके कारण वह खुद बता सकते हैं। प्रशांत किशोर ने कांग्रेस में शामिल होने के पार्टी नेतृत्व के प्रस्ताव को मंगलवार को ठुकरा दिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी में घर कर गई ढांचागत समस्याओं को दूर करने के लिए उनसे ज्यादा जरूरी यह है कि कांग्रेस में नेतृत्व और सामूहिक इच्छाशक्ति हो। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किशोर को कांग्रेस के विशेषाधिकार प्राप्त कार्य समूह -2024 का हिस्सा बनकर पार्टी में शामिल होने की पेशकश की थी। खेड़ा ने संवाददाताओं से बातचीत में किशोर के बारे में कहा, एक मौका उन्हें दिया गया था कि आप भी इस यज्ञ में शामिल हो जाइए। पता नहीं, क्या कारण है कि वह इसमें शामिल नहीं हुए। उनके क्या कारण रहे होंगे, वह ही बताएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या भविष्य में किशोर की सलाह ली जाएगी, कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस पार्टी के खिड़की, दरवाजे खुले रहते हैं। सबकी सलाह सुनते हैं। हम एक जीवंत संगठन हैं... कभी खिड़की, दरवाजे बंद नहीं रखते। उन्होंने कहा, जिन मूल्यों से विश्व भर में भारत की पहचान बनी हैं। उन्हीं मूल्यों से कांग्रेस की पहचान इस देश में 137 वर्षों से है। वह व्यक्तियों से महत्वपूर्ण है। जब मैं बोलता हूं कि कांग्रेस व्यक्ति से बड़ी है तो इसका अर्थ यह है कि वह राहुल गांधी हों, प्रणव झा हों या फिर पवन खेड़ा हों, कोई हो, पार्टी उन सबसे बड़ी है। खेड़ा ने कहा, कांग्रेस जब जब संघर्ष के रास्ते से भटकी है, उसने सत्ता गंवाई है। हमें मालूम है कि हमें संघर्ष के रास्ते पर आना है। जब इतनी बड़ी पार्टी कोई निर्णय लेती है तो उसमें समय लगता है। हम तैयार हैं कि हमें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया फिर से आरंभ करनी है। पूरा देश प्रतीक्षा कर रहा है कि कांग्रेस कब संघर्ष की शैली में पूरी तरह सामने आए।

# भाजपा शासित एमसीडी को कूड़े के पहाड़ पर चलाना चाहिए बुलडोजर : गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि भाजपा शासित नगर निगमों (एमसीडी) को दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों को साफ करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने शहर में लैंडफिल पर बार-बार आग लगने के लिए एमसीडी में भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया। उत्तरी दिल्ली के भलस्वा लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने के एक दिन बाद राय की यह टिप्पणी आई है। कई वीडियो में दिख रहा है कि आग से घना धुआं निकल रहा है जो आसमान को धुंधला कर रहा है। गोपाल राय ने पत्रकारों से कहा कि एक बात साफ है। एमसीडी में भाजपा ने 15 साल तक कूड़े के पहाड़ को लेकर कुछ नहीं किया। वे भ्रष्टाचार में लिप्त थे और यह आग उसी का परिणाम है। उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अभियान को लेकर किए गए सवाल के जवाब में कहा, उन्हें उनके 15 साल के शासन में बने कूड़े के इन पहाड़ों को साफ करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए था।

# सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली की सड़कों और फुटपाथ पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए निगम दस्तों ने कार्रवाई तेज कर दी है। दक्षिण निगम ने अपने चार जोन में कार्रवाई करते हुए करीब 623 किलोमीटर सड़क से अतिक्रमण हटाया है, वहीं गीता कॉलोनी में भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाए गए हैं। दक्षिण निगम के महापौर मुकेश सूर्यान ने बुधवार को अतिक्रमण को लेकर कई वार्ड में निरीक्षण किया।

जहांगीरपुरी में अतिक्रमण मामले पर कार्रवाई के बाद से सड़कों पर हुए अतिक्रमण को लेकर दक्षिण, पूर्वी और उत्तरी निगमों ने कड़ा रुख अपनाया है। दक्षिण निगम ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान छेड़ रखा है। इसके तहत दक्षिण, मध्य, पश्चिम और नजफगढ़ जोन में कार्रवाई करते हुए निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने गुरुद्वारा रोड जीके पार्ट दो, सीआर पार्क, ग्रेटर कैलाश दो के ब्लॉक एम सहित अन्य सड़कों पर अतिक्रमण हटाते हुए करीब साढ़े तीन किलोमीटर सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया है। एक अस्थायी ढांचे को भी ध्वस्त किया गया है। मध्य जोन में सराय काले खां, रिंग रोड के आसपास के क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां से 15 सामान भी जब्त किए गए। पश्चिम और नजफगढ़ जोन में एक हजार वर्गमीटर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तीन वाहनों सहित 25 सामान जब्त किए गए।

महापौर ने निरीक्षण किया : अभियान में तेजी लाने के लिए दक्षिण निगम के महापौर मुकेश सूर्यान और पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने अपने-अपने वार्ड में निरीक्षण किया। मुकेश सूर्यान ने जैतपुर, सरिता विहार और मदनपुर खादर में निरीक्षण किया और अधिकारियों को सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। पूर्वी दिल्ली के महापौर ने गीता कॉलोनी, गाजीपुर में निरीक्षण किया।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री पर नर्स भी करवा सकेंगी नामांकन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री के नर्स मॉड्यूल की शुरूआत की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री पर नर्स भी अपना नामांकन करवा सकेंगी। रजिस्ट्री में नामांकन के लिए आवेदनों का सत्यापन संबंधित परिषदों द्वारा किया जाएगा। एनएचए ने स्वास्थ्य पेशेवर जैसे पैरा-मेडिकल, जमीनी स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), चिकित्सा सहायता स्टाफ, स्वास्थ्य पेशेवरों आदि को रजिस्ट्री में नामांकित करने की योजना बनाई है। हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर) चिकित्सा की आधुनिक और पारंपरिक दोनों प्रणालियों में स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में शामिल सभी स्वास्थ्य पेशेवरों की जानकारी है। एचपीआर के माध्यम से, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर भारत के डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र पर जुड़ सकते हैं और रोगियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से जोड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पेशेवर अपने आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग करके वेबसाइट https://hpr.abdm.gov.in/ पर पंजीकरण करके एचपीआर का हिस्सा बन सकता है।

# भलस्वा लैंडफिल साइट पर दूसरे दिन भी आग पर काबू नहीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बुराड़ी के पास भलस्वा लैंडफिल साइट पर बुधवार को दूसरे दिन भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देर शाम तक दमकल की आठ गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई थीं। वहीं, नगर निगम की टीम भी जेसीबी मशीन से आग पर गीला कूड़ा डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। आग के चलते इलाके में धुआं भरा हुआ है और लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। भलस्वा लैंडफिल साइट पर मंगलवार शाम भीषण आग लगने के बाद से लगातार इसे काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। दमकल की गाड़ियां लगातार पहुंच रही हैं। हवा की रफ्तार के चलते आग लैंडफिल साइट के कूड़े में फैलती जा रही है। आग की लपटों के बीच अग्निशमनकर्मियों को ऊपर पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धुआं भी इलाके में फैला हुआ है और लोगों की सांसें फूल रही हैं। मंगलवार को स्थानीय लोग संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते नजर आए। लोगों को कहना है कि लैंडफिल साइट पर आग बुझाने के संसाधन पर्याप्त मात्र में होने चाहिए। ताकि आग लगने पर तुरंत काबू पाया जा सके। दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में थोड़ा वक्त लगता है, इतनी देर में आग कूड़े की वजह से तेजी से फैल जाती है। मीथेन गैस को माना जा रहा कारण लैंडफिल साइट पर आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। फिलहाल प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण कूड़े के अंदर निकलने वाली मीथेन गैस को माना जाना जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि किसी की शरारत भी हो सकती है। पुलिस टीम केस दर्ज कर कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। अग्निशमन विभाग में मंगलवार को 24 घंटे में 146 सूचना प्राप्त हुईं, जिसमें से 116 जगहों पर आग की सूचना थी। इसमें से कुछ जगहों पर बड़ी आग की घटनाएं हुईं।

# बिना हेलमेट बाइक सवार ने पुलिसकर्मी को टक्कर मारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कापसहेड़ा इलाके में बिना हेलमेट जा रहे बाइक सवार को रोकना यातायात पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया। बाइक सवार ने पुलिसकर्मी रामनिवास को टक्कर मार दी। इस दौरान पुलिसकर्मी और बाइक सवार को चोटें आईं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल रामनिवास के बयान पर आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रामनिवास वसंतकुंज ट्रैफिक सर्किल में तैनात हैं।

# सैनिक फार्म को नियमित करना है या नहीं, स्पष्ट करें : कोर्ट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिणी दिल्ली की पॉश कॉलोनियों में से एक ह्यसैनिक फार्म कॉलोनी को नियमित किया जाना है या नहीं, इस बारे में दिल्ली सरकार द्वारा स्पष्ट रुख नहीं अपनाए जाने पर उच्च न्यायालय ने बुधवार को नाराजगी जाहिर की।

न्यायालय ने कहा है कि जब सरकार पूरी दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित कर रही है। ऐसे में सैनिक फार्म को अवैध निर्माण की प्रकृति का सर्वे किए बगैर नियमित नहीं किया जाना, वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभाव होगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने सरकार से कहा कि ह्यआपने सर्वेक्षण भी नहीं किया है कि क्या निवासी सरकारी भूमि, वन भूमि या कृषि भूमि पर कब्जा कर रहे हैं? पीठ ने कहा कि यदि सरकारी या वन भूमि पर कोई अनधिकृत कब्जा है तो हम समझ सकते हैं। पीठ ने सरकार से कहा कि जब आपने कई अन्य कॉलोनियों को नियमित किया है तो आपको भेदभाव क्यों करना चाहिए? पीठ ने सरकार से कहा कि आप या तो स्पष्ट तौर पर सैनिक फार्म कॉलोनी को नियमित करने के बारे में फैसला लें, लेकिन आप इसे अधर में नहीं रख सकते। उच्च न्यायालय ने यह निर्देश तब दिया जब, वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने पीठ को बताया कि सरकार गरीबों को निशाना बनाते हुए जहांगीरपुरी में तोड़फोड़ कर रही है। जबकि सैनिक फार्म जैसी कॉलोनियों में अवैध निर्माण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# भारत से अपने कारोबार समेट रहे हैं वैश्विक ब्रांड : राहुल गांधी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार के हेट इन इंडिया के कारण वैश्विक ब्रांड देश से धीरे-धीरे अपने कारोबार समेट रहे हैं।

मोदी सरकार आने के बाद से सात वैश्विक ब्रांडों ने अपना कारोबार देश से समेट लिए। राहुल ने कहा कि यहां 09 फैक्ट्रियां बंद हुईं 649 डीलरशिप समाप्त हो गए और 84,000 नौकरियां चली गईं। राहुल ने बुधवार को ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेट-इन-इंडिया और मेक-इन-इंडिया एक साथ नहीं रह सकते हैं। राहुल ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में जिस तरह से वैश्विक ब्रांडों ने भारत से अपने कारोबार समेटे हैं वह चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में शेवरले ने देश से अपना कारोबार समेटा, वर्ष 2018 में मैन ट्रक्स, 2019 में फिएट और यूनाइटेड मोटर्स, 2020 में हार्ले डेविडसन, 2021 में फोर्ड और 2022 में डैटसन कंपनी ने भारत में अपना कारोबार बंद कर दिए। राहुल गांधी ने मंगलवार को भी रोजगार के मुद्दे पर भारत सरकार पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि 75 सालों में पीएम मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके मास्टर स्ट्रोक से 45 करोड़ से अधिक लोग नौकरी पाने की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं।

# कोर्ट ने समग्र स्वास्थ्य प्रणाली अपनाने पर केंद्र से जवाब मांगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली हाईकोर्ट ने एलोपैथी, आयुर्वेद, योग एवं होम्योपैथी आदि इलाज की अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों के बजाय मेडिकल शिक्षा और प्रैक्टिस की एक समग्र भारतीय समन्वित प्रणाली अपनाने पर बुधवार को केंद्र से अपना पक्ष रखने को कहा। न्यायालय ने यह आदेश एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में सरकार को मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सा के विभिन्न तरीकों के बजाय चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के क्षेत्र में भारतीय समग्र एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने का आदेश देने की मांग की गई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने कहा कि यह नीतिगत मसला है। ऐसे में हम केंद्र सरकार को इसे बतौर प्रतिवेदन लेने व इसमें उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए कहेंगे। इस पर याचिकाकर्ता ने कहा कि यह नीतिगत नहीं बल्कि देश के संविधान से संबद्ध है। इसके बाद पीठ ने सरकार को याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करने व आठ सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। याचिका में दावा किया है कि चिकित्सा क्षेत्र में एक समग्र रुख अपनाया जाना चाहिए, जिसमें शिक्षा, प्रशिक्षण, प्रैक्टिस और नीतियों व नियमन के स्तर पर आधुनिक व पारंपरिक औषधि का संयोजन हो, वह संविधान के अनुच्छेद ,39(ई),41,43,47,48(ए)51ए के तहत प्रदत्त स्वास्थ्य के अधिकार को सुरक्षित करेगा। साथ ही यह देश के स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में चिकित्सा-जनसंख्या अनुपात को बेहतर बनाएगा।

# छात्रों के सामाजिक कौशल को लेकर सर्वेक्षण होगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

स्कूली छात्रों के सामाजिक और भावात्मक कौशल को लेकर दिल्ली के स्कूलों में सर्वेक्षण होगा। सर्वेक्षण के नमूनों के लिए दिल्ली का चयन किया गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। इसके लिए कुल 15 स्कूलों का चयन हुआ है। जिसमें दस सरकारी और पांच निजी स्कूल हैं। सर्वेक्षण छात्रों के स्कूल, सामुदायिक वातावरण, सामाजिक-आर्थिक परिणाम, स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन के कारकों की भी जांच करेगा। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीटी) के लिए एक संस्था द्वारा यह सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वेक्षण बच्चों और युवाओं के विकास और कल्याण में सुधार, नीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास है।

## क्लासिफाइड

### PUBLIC NOTICE

"It is to informed to the public at large that Mr. Dhroova Saikia S/o Mr. Roseswar Saikia (Aadhar No. 532277617939) r/o House No. D-1053, New Friends Colony, Kalaji, New Delhi , who is the owner of the said property i.e. Second Floor built on Property bearing No. D-1053, area measuring 522.7 sq. yards, situated at New Friends Colony, New Delhi, hereinafter referred to as "the said property", having acquired the same by virtue of Relinquishment Deed dated 08.05.2012 executed by Mrs. Abha Mehandru, Mrs. Ria Meghali Saikia and Mr. Rohan Saikia (document no. Doc. No. 7536 dated 09.05.2012)Against said Property, Tata Capital Housing Finance Limited (a Non-Banking Financial Company) is giving a Housing Loan to one Mr. Imran Khan, who would purchase the said property from the Present owner. Some original papers regarding said Property i.e. Original Conveyance Deed dated 11.05.2000 executed by Conveyance Deed dated 11.05.2000 executed by POI in favour of Mrs. Arati Saikia registered as document no. 6632, has been lost somewhere by the owner and is not traceable. If anybody found the same, Plz return at the address mentioned below and any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property.

VIPUL KR. RAHEJA
(D/103IA/2000) Advocate
Chamber no. 55, Civil Side,
Tis Hazari Courts, Delhi
Mob-9873150663"

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 28 अप्रैल 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# बीजेपी ने हरियाणा को दिया है बेरोजगारी का तोहफा : दीपक



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के युवा हरियाणा प्रभारी दीपक जैन ने कहा कि बीजेपी के शासनकाल में हरियाणा में बेरोजगारों की फौज तैयार हो गई है। हरियाणा को बीजेपी ने बेरोजगारी का तोहफा दिया है। प्रदेश के युवा रोजगार के लिए ठोंकरें खाते फिर रहे हैं। युवाओं के साथ सरकार ने अन्याय किया है। ऐसे में अब हरियाणा के नागरिक आम आदमी पार्टी में अपना और अपनी आने वाली पीढियों का भविष्य देख रहे हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।युवा हरियाणा प्रभारी दीपक जैन ने सरकार के सात साल के कार्यकाल को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार विज्ञापनों के जरिए वाहवाही लूटती रहती है, जबकि हकीकत इससे कोसों परे है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हरियाणा सरकार में दोनों दल वाहवाही लूटने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आप की सरकार से सीख ले सकती है। पंजाब में सरकार बनते ही 25 हजार नई नौकरियां निकाल दी गई हैं और 35 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## बेरोजगारी में हरियाणा पहले नंबर पर: अभय जैन

आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट ने आंकड़ों के आधार पर कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में पहले नंबर पर आ गया है। यह सरकार की बहुत बड़ा फेलियर है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2016 में जहां हरियाणा में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत थी, वह अप्रैल 2018 में बढ़कर 21.4 प्रतिशत हो गई। इसी तरह अप्रैल 2019 में बेरोजगारी दर 26.4 प्रतिशत हो गई। कोरोना काल में वर्ष 2020 में बेरोजगारी दर 43.2 प्रतिशत हो गई। इसके बाद अप्रैल 2021 में बेरोजगारी दर 35.1 प्रतिशत और अब अप्रैल 2022 में बेरोजगारी दर 26.7 प्रतिशत हो चुकी है। इस तरह से हरियाणा में बेरोजगारी दर भारत में सबसे अधिक दर्ज की गई है। बेरोजगारी की राष्ट्रीय औसत 8.0 प्रतिशत हो चुकी है।

## क्लर्क भर्ती में हुआ है बड़ा घोटाला: रुस्तम चौहान

हरियाणा में क्लर्क भर्ती में घोटाले का आरोप लगाते हुए आप के युवा जिला अध्यक्ष रुस्तम चौहान ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2019 में 4850 क्लर्क के पदों पर भर्ती निकाली थी। इसमें कुछ को तो ज्वाइन करवा दिया गया। 45 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके घोटाले का आरोप लगाया था। हाईकोर्ट ने भी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से इस विषय पर ब्यौरा मांगा गया। इस अवसर पर साउथ जोन हरियाणा प्रभारी मनीष गोयल, साउथ जोन वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजीत जैलदार, साउथ जोन उपाध्यक्ष डा. पंकज बेनीवाल, मनी, भूपेंद्र शर्मा पहलवान, संगठन मंत्री धीरेंद्र डागर, जेएस कादियान, जिलाध्यक्ष मुकेश डागर, गौरव टांक, कुलदीप दहिया, राजू सोलंकी, रोहित कुमार, विक्रम डागर, नवीन चौहान, जिला संगठन मंत्री सोनू कुमार मौजूद रहे।

## सरस्वती कुंज में बसी हजारों झुग्गियों को हटाया जाएगा शीघ्र

गुरुग्राम। गत सप्ताह आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के समक्ष अवैध रुप से सरस्वती कुंज में बसाई गई हजारों झुग्गियों की शिकायत रखी गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही इन अवैध कब्जों को हटाया जाए। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों की पालना विभाग ने शुरू कर दी है। बुधवार को डीटीपी एनफोर्समेंट आरएस बाठ ने अधिकारियों के साथ सरस्वती कुंज का क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र में 10 से 12 स्थानों पर करीब 15 हजार झुग्गियां अवैध रुप से बसा दी गई हैं जिनसे प्रतिमाह किराया वसूला जाता है। आरएस बाठ के साथ रजिस्ट्रार कॉपरेटिव सोसायटी के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। बताया जाता है कि अधिकारियों ने झुग्गियों में रहने वाले लोगों को 3 दिन का समय दिया है ताकि वे अपना सामान निकाल लें और विभाग अपनी कार्यवाही आसानी से कर सके। गौरतलब है कि सरस्वती कुंज क्षेत्र में जनवरी माह में करीब 10 हजार अवैध झुग्गियों को तोड़ा गया था, लेकिन इसके बाद फिर से झुग्गी बसा दी गई। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि यदि फिर से यहां झुग्गियां बनाई गई तो उन पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# हरियाणा सीएसआर सोसाइटी के गुरुग्राम क्षेत्र के लिए गठित कमेटी की बैठक आयोजित




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में गुरुग्राम क्षेत्र के लिए हरियाणा सीएसआर सोसाइटी के माध्यम से पूरी की गई तथा करवाई जाने वाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की । इसके साथ ही उन्होंने भविष्य में सीएसआर के तहत करवाए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। सर्वप्रथम गत वर्ष सीएसआर के तहत जिला में करवाए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस मौके पर हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह ने सीएसआर के तहत जिला में किये गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। गौरव सिंह ने बैठक में बताया कि सीएसआर के तहत लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम संबंधी सामान व उपकरण , ई- लक्ष्य वाहिनी परियोजना के तहत किए गए कार्य, अटल सेवा केंद्र के माध्यम से ढाई हजार बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने संबंधी परियोजनाओं, सोलर पैनल लगवाने, स्मार्ट क्लासरूम बनवाने सहित अन्य कई महत्वपूर्ण कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित कमेटी के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि वे अपने विभाग से संबंधित डिमांड जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाएं ताकि स्थिति का आंकलन करने उपरांत चरणबद्ध तरीके से काम करवाया जा सके। सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव ने 50 हजार एंटीजन किट की डिमांड उपायुक्त के समक्ष रखी जिस पर उपायुक्त ने तुरंत इस दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह को दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला सहित कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जितेंद्र भारद्वाज बने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज को पार्टी ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।प्रदेश कार्यकारी के पद पर नियुक्ति को लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। आज सोहना उनके कार्यालय पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जहां कार्यकताओं ने जितेंद्र भारद्वाज को मुबारिक वाद दी।इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र भारद्वाज ने सवादाता को बताया कि जो जिम्मेवारी पार्टी ने मुझे सौंपी है उसे निष्ठा व ईमानदारी के साथ साथ पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती देने का कार्य करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर उन्होंने केसी वेणुगोपाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी,महासचिव राहुल गांधी,प्रियंका गांधी वाड्रा,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार धन्यवाद व्यक्त किया।उन्होंने बताया इससे पूर्व वह पिछले एक दशक से जिला ग्रामीण अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता के रूप में कार्य करते रहे हैं। जहां पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए कार्यकारी अध्यक्ष पर नियुक्ति दी है।इस मौके पर सचिन भारद्वाज ,हरिओम सिंह छोकर, बीर सिंह नम्बरदार, मोहन लाल सैनी, ठाकुर दास शर्मा,अशोक उल्लावास, मनीष शर्मा,सोनू भारद्वाज, मोहित भारद्वाज, अशोक रोहिल्ला, दीप भारद्वाज दीपू शर्मा, राकेश सांचोली,सुभाष शर्मा राकेश संदुजा,लवली एडवोकेट, लक्की एडवोकेट, हाजी रमजानी आदि मौजूद थे। ऐसा पहली बार हुआ है कि होडल, पलवल,नूह सोहना से कांग्रेस ने अध्यक्ष उदयभान को ओर जितेन्द्र भारद्वाज को प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है जो कि आने वाले चुनावों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा कांग्रेस को झोली में एक दर्जन सीटें दिलवा अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# सुंदर कांड पाठ का किया गया आयोजन





गुरुग्राम

न्यू कालोनी दशहरा ग्राउण्ड स्थित श्रीगणेश मंदिर के प्रांगण में मंगलवार देर सायं वरिष्ठ पत्रकार एमके अरोड़ा की माताजी स्व. राधा देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भूषण लाल हसीजा, दीपचंद, बंशीलाल, हरीश, परमानंद शर्मा, पवन, दीपक, गणेश मंदिर के पदाधिकारी राजेश चांदना, मदान, मदनलाल सतीजा, अशोक चक्रवर्ती आदि शामिल हुए। वरिष्ठ पत्रकार एमके अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कथावाचक रमाकांत, मनीष दुबे व उनकी टीम द्वारा सुंदरकांड पाठ के दौरान भगवान श्रीराम व हनुमान जी का वर्णन किया गया। जिसमें कथा वाचक ने कहा कि जब हनुमान जी माता सीता के समक्ष पहुंचे तो उन्होंने भगवान श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी को उन्हें सौंप दिया, जिस पर माता सीता ने हनुमान को अयोध्या से आया भगवान श्रीराम का संदेशवाहक समझा। पुजारी ने कहा कि सुंदर कांड पाठ श्रद्धालुओं के आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति को बढ़ाता है। इसका पाठ करने वाले श्रद्धालु की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। जहां एक ओर पूर्ण रामचरितमानस में भगवान श्रीराम के गुणों को दशार्या गया है, उनकी महिमा बताई गई है, उन्होंने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को संकटों से दूर रखते हैं। इस अवसर पर श्रीराम व हनुमान जी से संबंधित भजनों की प्रस्तुति भी दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## हरियाणा में कांग्रेस पार्टी पूर्णतया भूपेन्द्र मय हुई : हरीश चन्द्र

फरीदाबाद। हरियाणा में कांग्रेस के नय प्रदेश अध्यक्ष का उदय हुआ और आज हुडा समर्थक पूर्व विद्यायक उदयभान को हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियूक्त किया गया जिससे एकबार फिर हरियाणा में कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिहं हुडा के कब्जे में हो गई । उन्होने कहा कि इससे एकबार फिर साबित होता है कि हरियाणा में कांग्रेस का अपना जनाधार न रहकर सिर्फ भूपेन्द्र सिहं हुडा ने अपना जनाधार बनाया है और राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस में बढ़ रही गुटबाजी को खत्म करने के लिये हुडा के आगे हथियार डाल दिये हैं लेकिन यह समय बतायेगा कि इससे कांग्रेस में गुटबाजी कम होगी या बड़ेगी लेकिन भूपेन्द्र सिहं हुडा ने कांग्रेस में अपने एकमात्र हुडा विकल्प का लौहा मनवा लिया है। पंजाबी नेता हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि 36 प्रतिशत पंजाबी आबादी वाले प्रदेश में आजतक कांग्रेस ने कोई पंजाबी अध्यक्ष या पंजाबी मुख्यमंत्री नही बनाया बल्कि पंजाबी बहुल्य क्षेत्रों को बांटा जरूर है जिसका नुकसान कांग्रेस को हो रहा है क्योकि पंजाबी समाज कांग्रेस की अन्देखी समझ चुका है लेकिन कांग्रेस का आला कमान है कि इस नुकसान को वह देख ही नही पा रहे हैं ।

# मलेरिया की रोकथाम के लिए जिला टॉस्क फोर्स की बैठक

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम जिला में मलेरिया व डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों की प्रभावी ढंग से रोकथाम व एनीमिया से मुक्ति के लिए जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मलेरिया व डेंगू रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में मलेरिया की रोकथाम के उपायों के साथ साथ लोगों को भी रोकथाम उपायों के प्रति जागरूकता लाए ताकि गुरुग्राम जिला में मलेरिया व डेंगू के प्रसार से पूर्व ही इसकी रोकथाम के लिए पुख्ता प्रबंध किए जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आप सभी अपने अधिकार क्षेत्र में पडने वाले सभी स्थानों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ साथ सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मलेरिया रोकथाम गतिविधियों में सहभागिता करने के साथ-साथ आवश्यक सहयोग जैसे गढ्डे भरना , नालियों की सफाई, पेय जल स्त्रोतों के आस-पास जमे हुए पानी की निकासी, खराब पड़े टायरों में पानी जमा न होने दें, डेजर्ट कूलर आदि का पानी बदलते रहे।उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके अधिकार क्षेत्र में जहां भी वाटर लाइन में लीकेज है या कहीं पर भी सीवरेज के मेनहोल खुले हैं, उनको समय रहते दुरुस्त करवाएं।

# इंटरनेशनल नाइज अवेयरनेस डे पर आई एम ए ने किया वॉकथन का आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




अप्रैल का चौथा बुधवार इंटरनेशनल नाइज अवेयरनेस डे के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आई एम ए गुड़गांव ने साउथ सिटी वन के बाहर साइकिलिंग ट्रैक पर वकथन का आयोजन किया गया। डॉक्टरों के साथ, समाजसेवी, गुडगांव के कई सेक्टरों के आरडब्लूए अधिकारी, डीसीपी ईस्ट श्री विरेंद्र कुमार विज गुडगांव पुलिस की तरफ से उपस्थित रहे। डॉ एनपीएस वर्मा अध्यक्ष आई एम ए गुडगांव ने कहा हॉरन बजाने से बहरापन और चिड़चिड़ापन होता है। दिल के दौरे भी पढ़ सकते हैं। गुडगांव पुलिस के सहयोग से हम पूरे शहर के स्कूल अस्पताल के 100 मीटर दायरे में साइलेंट जोन या नो हॉर्न जोन बोर्ड लगा रहे हैं।

वाहन चलाते वक्त हॉर्न का प्रयोग कम से कम करें। डीसीपी वीरेंद्र कुमार ने खासकर प्रेशर हॉर्न पर पूरी तरह बेन बताया है। डॉ सारिका वर्मा आईएमए सचिव ने कहा पिछले 2 वर्षों में ऑनलाइन क्लासेस और वर्क फ्रॉम होम के चलते हेडफोन का प्रयोग बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इसकी वजह से जो सुनाई की कमी 65 वर्ष के लोगों में होती थी अब 15 साल के बच्चों में दिख रही है। यह बहुत गंभीर समस्या है क्योंकि इस बीमारी का इलाज नहीं है और केवल सुनाई की मशीन सारी उम्र लगानी पड़ती है। सभी को यह सलाह दें की हेडफोन का प्रयोग कम से कम किया जाए, हेडफोन की वॉल्यूम 40 प्रतिशत से ज्यादा ना रखी जाए। ध्वनि प्रदूषण पर जागरूकता लाने के लिए डॉ अनिल नोसारन मेरठ से 120 किलोमीटर साइकिल चला कर गुडगांव के कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा ध्वनि प्रदूषण दिखाई नहीं देता लेकिन स्वास्थ्य को बहुत नुकसान पहुंचाता है।

## जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गुरुग्राम। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण और नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी ने स्टैक होल्डर्स के लिए जेजे एक्ट व पॉक्सो एक्ट पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यशाला में चाइल्ड वेलफेयर बोर्ड व नाबालिग बोर्ड, रक्षा बल व अन्य सहयोगी आयोगो का भी प्रशिक्षण होगा, जिसमें प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वालंटीर्ज. शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सहभागियों को जागरूक व उनकी कार्य कुशलता को बढ़ाना है जिसके माध्यम से वे अपने कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारियों का और अच्छे से निर्वहन कर सके व कानूनों को ठीक प्रकार से क्रियान्वित इनके माध्यम से किया जा सके। इस अवसर पर रेशा सय्यद, डा. संगीता गौर, डा. पल्लवी वाजपेयी, डा. उन्नांजा गुलजार आदि मौजूद रही।

# सिंगिंग और डांसिंग शो का कार्यक्रम का किया गया भव्य आयोजन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




शिल्पा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सिंग दिल से करोकी शो सिंगिंग और डांसिंग शो का कार्यकर्म का आयोजन नई ए-88 ईस्ट ऑफ कैलाश हाईफाई स्टूडियो नई दिल्ली में किया गया ।शो में मुख्य अतिथि डॉ विनोद आनंद बाबूकर, बॉलीवुड इंडस्ट्रीज से सेलिब्रिटी प्रसिद्ध अतिथि - सनी प्ले बैक सिंगर और वीआईपी अतिथि नीरज गुप्ता वाइस चेयरमैन सनी एंटरटेनमेंट रहे । शिल्पा ने ये प्रोग्राम ऑर्गनाइज किया। जिसमें दिल्ली एन. सी. आर से आये तमाम प्रतिभागियों ने अपना अपना जलवा बिखेरा। डॉ विनोद आनंद बाबूकर नीरज गुप्ता एसोसिएटेड सनी एंटरटेनमेंट प्ले बैक सिंगर सनी का सपोर्ट रहा है। सेलिब्रिटी अतिथि मोंटू मस्त पंजाबी पॉप स्टार रहे। सिंगिंग और डांसिंग का कार्यकर्म बहुत अच्छे से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्टविशेष अतिथि रहे ।शिल्पा जी हमेशा ही न्यू टैलेंट को मंच देते हैं ओर जिन बच्चों को मंच नहीं मिल पाता है जबकि उनमे टैलेंट की कमी नहीं है ऐसे बच्चों को मंच देते हैं जिससे की इन बच्चों को अपना टैलेंट दिखाने का मोका मिलता रहे । शिल्पा म्यूजिकल ग्रुप की तरफ से सभी प्रतिभागियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।

## हरियाणा में भाजपा व कांग्रेस नेताओं के निजी स्कूल : दीपक

फरीदाबाद। हरियाणा में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चला रहे हैं सरकार। उनके विभागों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार। सबसे ज्यादा मलाईदार पद दुष्यंत चौटाला के पास हैं, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सिर्फ एक बुत की तरह उनकी तरफ ताकते रहते हैं। उक्त वक्तव्य आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरज जैन ने बुधवार को जिला कार्यालय पर आयोजित प्रैसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहे। प्रदेश में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर हुआ प्रेस वार्ता में उनके साथ दक्षिण हरियाणा के युवा अध्यक्ष धीरज यादव, जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, युथ प्रवक्ता गौरव टांक, युवा जिला अध्यक्ष राहुल बैसला, जिला महासचिव भीम यादव, जोन युवा सचिव ब्रजेश नागर आदि मौजूद रहे। प्रैसवार्ता को सम्बोधित करते हुए दीपक जैन ने कहा कि हरियाणा सरकार ने न तो कोई नया अस्पताल बनाया, न कोई फ्लाईओवर बनाया, बिजली यहां सबसे महंगी, पैट्रोल-डीजल यहां सबसे महंगा उसके बावजूद प्रदेश सरकार 3.75 लाख करोड़ रुपए के कर्जे में है।

# टोल संघर्ष समिति की टोल माफी को लेकर गांव-गांव जाकर करेगी प्रचार-प्रसार

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता



टोल संघर्ष समिति की आज सोहना की अग्रवाल धर्मशाला में एक बार फिर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्षता रिटायर्ड एसपी महाराज सिंह ने की। जहां बैठक को संबोधित करते हुए पहलवान सतवीर खटाना ने बीते दिनों टोल संघर्ष समिति की डिप्टी सीएम से हुई मुलाकात को लेकर विस्तार पूर्वक बताया। बताया कि सवा घंटा डिप्टी सीएम से बात हुई चारों ओर लगे टोल पर चर्चा चली । जिसको लेकर मांग रखी है हमारे पड़ोस में टोल हैं सभी फ्री हों।सर्विस रोड फ्री की मांग रखी ।कुछ लोगों को गुमराह कर रखा था जिन्हे रिलीफ दे रखी थी।।बताया की सभी टोल पर एक जैसा नियम है तो यहां भी वही नियम हो। वहीं एन एच ए आई के अधिकारियों ने कहा जितना रोड पूरा है हम टोल ले रहे है। लेकिन हमने कहा रोड पूर्णतया नही बना। रात रात में रोड बना दिया बेरिकेट हटा दिए और रोड चला दिए। कहा हम संघर्ष से नही डरते।हमारे इलाके को राहत मिले सुविधा मिले।यही हमारी मांग है।वहीं मनोज राघव बजरंगी ने टोल संघर्ष समिति को आश्वासन देते हुए कहा की टोल संघर्ष समिति के तत्वाधान में आगामी 29 मई को होने वाली टोल पर महापंचायत के चलते सोहना का बाजार पूर्णतया बंद रहेगा।व्यापार मंडल संघ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ा है। वहीं अध्यक्ष रिटायर्ड एसपी महाराज सिंह ने टोल संघर्ष समिति से विचार-विमर्श कर निर्णय लेते हुए कहा कि टोल संघर्ष समिति लगातार एक महीने तक सोहना के आसपास के सभी गांवों में घर घर जाकर प्रचार प्रसार कर टोल माफी को लेकर समर्थन के लिए कहेगी। टोल संघर्ष समिति टोल माफी को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी। जहां संघर्ष समिति ने आगामी 29 मई को घामडोज टोल पर होने वाली महापंचायत में खर्चे को लेकर चंदा एकत्रित किया जो संघर्ष समिति खर्चे को वहन करेगी।दो घंटे चली बैठक के मौके पर सतवीर पहलवान, एसपी महाराज सिंह, हरवीर अधाना, मनोज बजरंगी, मनोज सहजास, सच्चे लाल खड़ली, जावेद अहमद,टेक चन्द बंसल, धर्मपाल जोहलाका, शिवराज खटाना, मनदीप खटाना,सरदार जोगिंदर सिंह, ललित शर्मा,आदि संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

# जख्खोपुर में बिजली कर्मचारियों की लापरवाही ग्रामीणों पर पड़ सकती है भारी

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही जख्खोपुर के ग्रामीणों के लिए भारी पड़ सकती है। वर्षो से बिजली विभाग द्वारा सड़क किनारे गाड़े गए खम्बो पर बिजली सुचारू रूप से चालू है। सड़क किनारे बिजली के तारों के साथ हरे भरे पैड भी है। जहा कई पेड़ो के टच होती बिजली की तारों से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। बता दे वार्ड नंबर 9 गांव जख्खोपुर मे ऐसे ही एक हरे भरे सिरस के पेड़ से लगती तार पेड से रगड़ खा कर कमजोर हो चुकी है। गलती से यह बिजली का तार टूट जाता है। तो बड़ा फाल्ट हो सकता है। पेड के दोनों तरफ लगते घरों का परिवार करंट की चपेट में आ सकता है। घरेलू उपकरण फूक सकतै है। वार्ड वासियो ने बताया गांव मे कार्यरत बिजली कर्मचारियों बार-बार शिकायतें देने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की जा रही है। स्थानीय लोगो ने यह भी बताया जब कर्मचारियों को ईस की शिकायत दी तो उन्होंने कहा हमारा काम नही है। हम केवल फियूज लगा सकते है ये पैड काटना व तार जोड़ना हमारा काम नही है। बिजली कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। शायद हादसे के इंतजार मे है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया करीब छः माह पहले बिजली ट्रांसफर को एक जगह से उखाड़ दुसरी जगह लगाया गया था कर्मचारियों की जल्द बाजी के चलते आज तक उसका जिओ सुच चालू नही किया गया। बिजली ट्रांफार्मर की सप्लाई डारेक्ट शरू की हुई है। अगर कोई हादसा हो जाये या बिजली की तार टूट के गिर जाये तो बिजली की सप्लाई नही काटी जा सकती आंधी, झक्कड़, बारिश के मौसम में बिजली में अक्सर फाल्ट होते रहते हैं। बिजली विभाग एसडीओ राहुल यादव से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि पेड़ से तारो को हटाने व जिओ सुच का मामला मेरे संज्ञान में आया है। जल्द ही तारो को पेडो से दूर व जिओ सुच को ठीक करा दिया जाएगा।

# आरडब्ल्यूए सदस्यों के लिए पहला सेवोकॉन कार्यक्रम 29 को होगा आयोजित



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों को उनके कानूनी अधिकारों व कर्त्तव्यों के बारे में जागरूक करने के लिए 29 अप्रैल को प्रदेश में पहली बार गुरूग्राम में सेमिनार, वर्कशॉप तथा कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम को सेवोकॉन का नाम दिया गया है जिसका उद्घाटन हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल करेंगे और समापन सत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथोरिटी गुरूग्राम के चेयरमैन डा. के के खंडेलवाल तथा उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लोक निर्माण विश्राम गृह में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य रूप से आरडब्ल्यूए में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है । यह कार्यक्रम समस्या निवारण का प्लेटफार्म ना होकर आरडब्ल्यूए से संबंधित व्यवहारिक मुद्दो को सुलझाने का प्रयास है। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में डेव्लपर से आरडब्ल्यूए को आवासीय सोसायटी हैंडओवर करने के लिए एसओपी जारी की जा सकती है और विचार विमर्श के बाद स्ट्रक्चरल ऑडिट पर भी पॉलिसी लाई जा सकती है। इसके अलावा, आरडब्ल्यूए के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम भी बन सकता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों के समक्ष रजिस्ट्रेशन से लेकर प्रोजेक्ट हैंडओवर होने तथा बाद में उसके प्रबंधन आदि से संबंधित आ रही दिक्कतों के बारे में विचार विमर्श करने के बाद ही इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम में गुरूग्राम जिला के सभी प्रकार के क्षेत्रों जैसे प्लॉटिड कॉलोनी, लाइसैंस शुदा कॉलोनियों, बहुमंजिला इमारतों आदि को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। सभी क्षेत्रों से आरडब्ल्यूए सदस्य इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 28 अप्रैल 2022
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी आकिब राणा ने कराई सामूहिक रोजा-इफ्तारी

बिजनौर। युवा समाजसेवी आकिब राणा ने अपने आवास पर सामूहिक रोजा इफ्तारी का आयोजन किया। जिसमें सभी वर्गों के लोगो ने शिरकत कर मुल्क में अमनो अमान की व कोरोना महामारी से निजात दिलाने की दुआ की मोहल्ला चाहशीरी में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व सभासद जाकिर हुसैन एमआईएमआई के जिला अध्यक्ष नजाकत अली, सलमान शाह पत्रकार, चैधरी हौंडा के एमडी विक्की चैधरी, समाजवादी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष हनी फैसल, शाहरुख चैधरी, इंतजार राजा एडवोकेट, समीर अहमद एडवोकेट, दानिश, कासिफ खान, वसीम सभासद, रजी सभासद, डॉक्टर तौफीक, आदिल अहमद एडवोकेट, तनवीर राणा झाब्लू, सलमान सक्सेना, भूरे, रिजवान, इरशाद, सैफ अली, मिंटू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### एएसपी ग्रामीण ने कृष्णा कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं से सीधे संवाद किया

बिजनौर। उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति कि तहत पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर के निर्देशन में बुधवार को श्री राम अर्ज अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा स्थानीय पुलिस थाने के महिला पुलिस बीट अधिकारी, एण्टी रोमियों टीम के साथ थाना को0शहर के कृष्णा कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं बालिकाओं से सीधे संवाद किया गया। सभी बालिकाओं महिलाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त महिलाओं को कोई भी परेशानी होने पर हेल्पलाइन नम्बर यूपी 112, 1090 वूमैन पॉवर लाईन, 1098 चाईल्ड लाईन, 181 वूमैन हैल्पलाईन, 1076 मुख्यमंत्री हैल्पलाईन, 102/108 एम्बूलेंस की सहायता लेने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर भी मोजूद रहे।

### अधिकारियों की टीम पुलिस बल के नेतृत्व में अवैध कब्जा हटाने पहुंची

नगीना। नगर के मोहल्ला चैधरियान स्थित नगर पालिका की सार्वजानिक नाले पर वर्षो से कई लोगों ने अवैध कब्जा कर दुकानें बना रखी थी। मंगलवार को एसडीएम विजय वर्धन तोमर, नायब तहसीलदार परमानन्द श्रीवास्तव, ईओ एपी पांडे, थानाध्यक्ष आशीष तोमर व भारी पुलिस बल के नेतृत्व में टीम अवैध कब्जा हटाने पहुंची। टीम के पहुँचते ही अवैध कब्जाधारकों में खलबली मच गई। अवैध कब्जाधारकों ने कब्जा हटाने पहुंची टीम का विरोध किया। एसडीएम विजयवर्धन तोमर ने सभी अवैध कब्जाधारकों को कब्जा हटाने में सहयोग करने को कहा। पालिका प्रशासन द्वारा दो घंटे चली अतिक्रमण कार्रवाई में बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को देख कुछ अवैध कब्जा धारकों ने स्वं कब्जा हटाना शुरू कर दिया। अवैध रूप से बनी छ दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस मौके पर लेखपाल बलवंत सिंह, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, नोशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र पर एक दिवसीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

नगीना, प्रात : किरण संवाददाता



किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर एक दिवसीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं किसान कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सोमवार को कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद के मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह के द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कोतवाली श्रीमती राजपूत द्वारा किया गया। किसान मेले में विभिन्न उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह ने कहा कि किसानों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी रही थी जिससे कि उनको जनपद में बिजनौर जनपद बिजनौर में चल रही सरकार की विभिन्न तरह की योजनाओं का लाभ मिल सके साथ ही साथ के केंद्र के वैज्ञानिकों से कहा कि आप लोग ने किसानों को अधिक उत्पादन तकनीकी अच्छा कम लागत गुणवत्ता के उत्पादन की तकनीक की अधिक से अधिक किसानों को जानकारी दें। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित किसानों से कहा कि आप लोग कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के संपर्क में रहे यहां के वैज्ञानिक आपको कुछ उत्पादन तकनीकी के बारे में नवीनतम जानकारियों के बारे में बताते रहेंगे साथ ही यह भी कहा कि यह केंद्र बहुत ही पुराना है यहां से किसानों को हमेशा जुड़े रहना चाहिए जनपद बिजनौर के उप कृषि निदेशक ने उपस्थित शिक्षकों को सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न तरह की जानकारियां दी साथ ही साथ किसानों को यह भी बताया कि वर्तमान समय में फसल बीमा से संबंधित आयोजन न्याय पंचायत स्तर पर विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। इससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों। वैज्ञानिक डॉ के के सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को आगामी खरीद में उच्च उत्पादन हेतु बासमती धान की उच्च उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि जो जनपद में 1 फसलों जैसे गेहूं सरसों मसूर की बायोफोर्टीफाइड प्रजातियां हैं। उसका उत्पादन किसान कैसे करें उससे अधिक से अधिक कैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में गेहूं की फसल से जो भी खेत खाली हो रहे हैं उन खेतों में किसान जैविक खेती यानी सरल फार्मिंग करने के लिए नवरत्न हरी खाद का प्रयोग करें और धन हरी खाद की अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ शकुंतला गुप्ता ने उपस्थित किसको एवं महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक नौजवान के साथ और महिलाएं और किसी के उद्यम की तरफ जुड़े उद्योगों में मशरूम उत्पादन मधुमक्खी पालन और महिलाएं अपने घर के आस-पास जो किचन गार्डनिंग का स्थापना करके अधिक से अधिक फायदा प्राप्त कर सकते हैं। मेल एवं प्रदर्शनी में किसानों के अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के स्टाफ ने भी हिस्सा लिया।

### हिन्दू इंटर कालेज की प्रबंध समिति के होने वाले चुनाव में नामजदगी हुई



किरतपुर। हिन्दू इंटर कालेज की प्रबंध समिति के होने वाले चुनाव में बुधवार को नामजदगी हुई। जिसमें प्रबंधक पद के लिये अरूण गोयल रामा पेपर मिल व सुभाष चंद शर्मा भाजपा नेता ने पर्चा दाखिल किया जबकि उपाध्यक्ष के लिये सतेन्द्र अग्रवाल, उपप्रबंधक पद के लिये प्रदीप चैहान पत्रकार व कोषाध्यक्ष पद के लिये अरूण कुमार अग्रवाल भटटे वाले के पहले एक पर्चा भरा गया। इनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है तथा सात कार्यकारिणी के लिये आठ सदस्यों ने पर्चे भरे है परसों यानी शुक्रवार को नाम वापसी है यदि प्रबंधक पद के तथा सदस्यों में से एक एक पर्चा वापिस हो जाता है तो ये दोनों भी निर्विरोध हो जायेंगे। चुनाव अधिकारी राजीव चैहान ने बताया कि यदि कोई नाम वापसी नहीं होता है तो 9 मई को चुनाव होगा। ज्ञात हो कि स्कूल बाइलाज के मुताबिक डीएम बिजनौर अध्यक्ष हैं।

### नौ वर्ष की उम्र मे हम्द अली नकवी ने किया कुरआन मुक्कमल

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



शहर के मोहल्ला गुजरी निवासी सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर कमर नकवी और आले अहमद कन्या इंटर कालेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य परवीन नकवी के पौत्र और अजहर नकवी के बेटे हम्द अली नकवी ने 9 साल की कम आयु में कुरान करीम को मुकम्मल कर लिया है, उन्होंने कुरानी तालीम हाफिज अनीस की सरपरस्ती में हासिल की।सेठ आनंद राम जया पुरिया में कक्षा 4 के छात्र हम्द अली नकवी के पिता अजहर नकवी बताते है की उनका पुत्र हमेशा से दीनी शिक्षा हासिल करना चाहता है दो वर्ष पूर्व भी कुरान की किरत करने पर एक उर्दू चैनल ने उनको सम्मानित किया था। एक शिक्षा प्रेमी परिवार से संबंध रखने के कारण हम्द आधुनिक शिक्षा तो हासिल कर ही रहे है साथ साथ दीनी शिक्षा में भी खास तवज्जोह दे रहे है। उनके अध्यापक कारी अनीस बताते है कि हम्द के अंदर विशेष योग्यताएं है जो उनको दूसरे बच्चो से अलग बनाती है कुरान मुकम्मल होने पर अजहर नकवी को आई एम इंटर कालेज ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के जानिब से अशर रजा तकवी, अली आबिदी अमरोहवी, हसन अब्बास, सैफ अब्बास, नोमान हैदर, डा आतिफ, रामिश वली आदि ने बधाई पेश की है।

### संजय चौहान ने नेत्रदान व वृक्षारोपण कर मनाया जन्मदिवस

स्योहारा। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष युवा समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी संजय चैहान ने अपने 42 वें जन्मदिवस के अवसर पर सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के आई बैंक की सीईओ डाक्टर आशी खुराना के समक्ष नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर मरणोपरांत नेत्रदान की घोषणा की डाक्टर आशी खुराना ने संजय चैहान के इस कदम की सराहना करते हुए संकल्प पत्र देकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर संजय चैहान ने कहा कि. तन समर्पित

# राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

धनौरा रोड स्थित राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं की सुरक्षा एवं नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा इसके साथ-साथ महिला हिंसा तथा उत्पीड़न की रोकथाम हेतु विधिक जागरूकता तथा कानूनी सुरक्षा हेतु समस्त सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ विशेष रूप से कोविड-19 से बचाव हेतु 5 से 12 वर्ष के बच्चों को वैक्सीन लगाने हेतु जागरूक किया गया। वर्तमान सत्र मे कोरोना के कारण शिक्षा पर काफी असर पड़ा है इसके साथ वर्तमान सत्र में माननीय मुख्यमंत्री महोदय योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्र छात्राओं को निशुल्क टैबलेट वितरित किए गए हैं इस अवसर पर महाविद्यालय के इ.ए नवीन सत्र 2022-23 के लिए एक हेल्प की स्थापना भी की गई और छात्र छात्राओं को प्रवेश हेतु आवेदन करने की व्यवस्था की गई है ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 15 मई 2022 निर्धारित है सभी छात्राएं अपना आवेदन शीघ्र भर ले कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधक श्री नासिर हसन ने छात्र छात्राओं को मिशन-शक्ति के बारे मे विस्तृत जानकारी दी एवं कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ अशहर तौसीफ ने भी मिशन शक्ति के बारे मे विस्तार से बताया कार्यक्रम मे कॉलेज के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र सिंह तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### अघोषित विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता से मिला भाजपा का जनप्रतिनिधि मण्डल



नजीबाबाद। नगर में अघोषित बिजली कटौती की गम्भीर समस्या को लेकर बुधवार को भाजपा का एक प्रितिनिधि मण्डल निवर्तमान नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता से मिला जिसमे उन्होंने कहा कि नगर नजीबाबाद में हो रही अघोषित विधुत कटौती को लेकर जनता बहुत परेशान है एवं सरकार की मंशा अनुसार विधुत आपूर्ति नही मिल पा रही है जिस कारण जनता में बहुत रोष व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि इससे सरकार की छवि बहुत धूमिल हो रही है प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अभियंता से तत्काल उच्च अधिकारियों को इस गम्भीर समस्या से अवगत कराते हुए लैटर जारी कराया प्रितिनिधि मण्डल में विधानसभा मीडिया प्रभारी शुभम ग्रोवर, पूर्व महामंत्री विशाल माहेश्वरी, चन्द्र शेखर, कर्णवाल, मुकुल राजपूत, उदय चैधरी, निितिन सरीन, दीपक कश्यप आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# विम्स हास्पिटल में व्हाइट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता, गजरौला



विभिन्न स्वास्थ आपदाओ एवं वैश्विक स्वास्थय महामारियों में पूरे विश्व ने देखा कि क्यूँ डाक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है

डॉ0 सुधीर गिरि

चिकित्सा कोई व्यवसाय या पेशा नही, बल्कि मानव सेवा विश्व कल्याण एवं स्वस्थ संसार की सबसे मजबूत अवधारणा

डॉ0 राजीव त्यागी

श्री वेंक्टेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस के एम0बी0बी0एस0 के सत्र 2021-22 के छात्र-छात्राओ के लिए व्हाईट कोट सेरेमनी एवं चरक शपथ समारोह का आयोजन किया। जिसमे संस्थान प्रबन्धन एवं वरिष्ठ चिकित्सको ने नवांन्गुतक छात्र-छात्राओ को सफेद कोट पहनाकर एवं स्टेथोस्कोप भेट कर अपने पद का दुरूपयोग ना करते हुए मानव सेवा की शपथ दिलायी। बुधवार को श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में चरक शपथ एवं व्हाईट कोट सेरेमनी समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती, एम0एस0 डॉ0 एन0के0 कालिया एवं डीन एकेडिमिक डॉ0 संजीव भट् ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि कोरोना समेत अन्य वैश्विक स्वास्थय कोरोना महामारियों में पूरे विश्व ने देखा कि क्यूँ आपको धरती का भगवान कहा जाता है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने अर्जित ज्ञान एवं पद का सदुपयोग करते हुए मानव सेवा के नये कीर्तिमान स्थापित करेगे। समारोह को डीन एकेडिमिक डॉ0 संजीव भट्, डॉ0 विनय कुमार, डॉ0 बी0बी0 बोरा, डॉ0 अतुल वर्मा, डॉ0 अभिषेक यादव, डॉ0 इकराम ईलाही आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे, परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एडमिशन अलका सिंह, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 रजनी सिंह, डॉ0 मोनिका, डॉ0 अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ0 रोहन त्यागी, डॉ0 वी0एस0 त्यागी, डॉ0 ए0एस0 ठाकुर, डॉ0 अवधेश, डॉ0 सची अहलावत, डॉ0 स्मृति, श्रद्धा पाण्डेय, अश्रिता दुबे, रीना जोशी, डॉ0 महन्तेश, डॉ0 गोपाल यादव, डॉ0 शहिद मीर, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आठ केंद्रों पर शुरू हुई सीबीएसई की परीक्षाएं

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई हैं। प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई। परीक्षा केंद्रों को सेनेटाइज कराया गया। सचल द्वारा परीक्षा केंद्रों का दौरा किया गया।सीबीएसई परीक्षाएं 15 जून तक चलेंगी। पहले दिन सामान्य विषयों की परीक्षा हुई। 27 अप्रैल से सभी सेंटर पर परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। जिले के 8 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। करीब 3 हजार से अधिक छात्र -छात्रा सीबीएसई परीक्षा में भाग लेंगे।इनमें अमरोहा का लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी, आरके पब्लिक स्कूल, एएसएम मॉडर्न एकेडमी खाता, सेंटमेरी दाऊद सराय, ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा, सेंटमेरी स्कूल गजरौला ,एचएसएस पब्लिक स्कूल हसनपुर, नोबल पब्लिक स्कूल गजरौला को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सीबीएसई परीक्षा के जिला कोऑर्डिनेटर विवेक तिवारी ने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकाल के तहत सीबीएसई परीक्षाएं संपन्न कराए जाएंगी।सोशल डिस्टेंस के साथ छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में बैठाया जा रहा है। हर परीक्षा कक्ष में 18 से अधिक परीक्षार्थी नहीं बैठेंगे।परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों के थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई है। परीक्षा केंद्रों को सेनिटाइज कराया गया है। परीक्षाओं को नकल विहीन और शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। सचल दल द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा किया जा रहा है।

### उच्च न्यायालय के आदेश पर धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जाने का काम शुरू



नजीबाबाद। उच्च न्यायालय के आदेश पर धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जाने का काम शुरू हो गया है। अब एक धार्मिक स्थल पर एक ही लाउडस्पीकर रहेगा। उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक किसी भी धार्मिक स्थल पर एक ही लाउडस्पीकर रहेगा. कोर्ट के आदेश का पालन करते धार्मिक स्थलों से कमेटी के लोगो ने लाउडस्पीकर हटाने का काम शुरू कर दिया है मंगलवार को आदेश आते ही कमेटी के लोगो ने खुद ही धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को हटाते हुए मात्र एक ही लगा रहने दिया है और जो उतरने से रह गये थे, उन्हें बुधवार को हटा दिया है। लोगो का कहना है कि न्यायालय के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन किया जायगा।

# इंतेजामिया कमेटी वक़्फ छोटी मस्जिद द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन

## माहे रमजान रहमतो व बरकतो का महीना : मुफ्ती शाहिद हुसैन

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



इंतेजामिया कमेटी वक़्फ छोटी मस्जिद, मोहल्ला बसावन गंज के द्वारा इफ्तेतह के मौके पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।रोजा इफ्तार से पूर्व बाद नमाज ए असर बराये एसाले सवाब हज्जन फहमीदा खातून कुल शरीफ भी हुआ, कुल शरीफ मे मारूफ शायर जुबैर इब्ने सैफी अमरोहवी ने नतिया कलाम पेश किया, कुल शरीफ से पूर्व बतोर मेहमान ए खुसूसी हजरत मुफ्ती शाहिद हुसैन साहब अजमली ने बयान करते हुए कहा कि माहे रमजानुल मुबारक रहमत व बरकतो का महीना है, इस पाक माह में बड़े से बड़े गुनाहगार व ख़ताकार की बख्शीश हो जाती है, शर्त ये है की वो सच्चे दिल से अपने गुनाहों की तौबा करे, रब की बारगाह मे दुआ मांगे। माहे रमजान हमे गरीबो, मिस्किनो, यतीमो व जरूरतमंदो की मदद करना सिखाता है।इस मौके पर हाफिज व कारी मोइन रजा ने बयान करते हुए कहा कि रमजान का ये एक महिना बाकी 11 माह की ज़िंदगी गुजारने के लिए ट्रेनिंग का महिना है,जिस तरह से हम लोग रमजान का महीना गुनाहों से बचकर, नेक व अच्छे काम करके गुजारने की कोशिश करते हैं ठीक उसी तरह हमे साल के बाकी 11 महीने भी गुजारने चाहिए। इस माह मे पूरे साल जाने अंजाने मे किये गए गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए, अल्लाह पाक बड़ा गफूर उर रहीम है, वो अपने बंदो को मायूस नही करता, वो माफ कर देता है।बाद नमाज ए असर कुल शरीफ के बाद हजरत मुफ्ती शाहिद हुसैन अजमली ने अमरोहा/मुल्क मे अमन व शांति कायम रखने के लिए दुआ कराई, कुल शरीफ के बाद सभी हाजरिन ने रोजा इफ्तार मे शिरकत की।इस मौके पर मुख्य रूप से मुफ्ती शाहिद हुसैन अजमली, कारी मोइन रजा, मौलाना महताब उद्दीन, मौलाना अफताब उद्दीन रजवी, मंसूर एडङ्ग, हबीब एडङ्ग, हाजी खुर्शीद अनवर, डाङ्ग नजम, खालिद सिद्दीकी, कमर नकवी, जमशेद परवेज, मो नदीम, हाफिज फाज़िल, डाङ्ग महताब अमरोही, डाङ्ग अथर कमाल, तसव्वुर अजान, वकार अंसारी एडङ्ग, रईस अहमद, हाजी बब्बू, मो० नबी आदि लोग मौजूद रहे आखिर मे मुतवली मस्जिद हाजी सलाहउद्दीन अंसारी व कंवीनर प्रोग्राम यासिर अंसारी एडङ्ग ने तमाम हाजरीन का शुक्रिया अदा किया।

# चौकीदार ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट पर बताया उच्च अधिकारी का उत्पीड़न

प्रात : किरण संवाददाता,मनोज शर्मा



मृतक मजदूरी पर कार्यरत था वहीं उसने घर पर सुसाइड किया है विभाग से कोई मतलब नहीं है

सुमित कुमार,सेक्शन अधिकारी( वन दरोगा) देहरी गुर्जर

मामला संज्ञान में नहीं है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी

अमर सिंह प्रभारी निरीक्षक रहरा

रहरा। वन विभाग के चौकीदार ने की अपनी जीवन लीला समाप्त सुसाइड नोट में वन रेंजर और वन दरोगा को बताया अपनी मौत का जिम्मेदार बताते चलें नेपाल सिंह देहरी गुर्जर में वन विभाग में चौकीदार के पद पर तैनात था वहीं तीन दिन पहले जेबड़ा मुस्तकम के चकफेरी महरपुर निवासी नेपाल सिंह चौकीदार को वन विभाग से निकाल दिया गया था जिसके कारण वन विभाग के चौकीदार नेपाल सिंह बहुत दिमागी टेंशन में चल रहे थे और उन्होंने इधर उधर राजनीतिक लोगों व अधिकारियों से मिल समस्या बताने की कोशिश भी की थी कि मेरी रोजी-रोटी ना छीनी जाए। लेकिन किसी भी अधिकारी ने उनकी बात नहीं सुनी आखिरकार नेपाल सिंह ने अपने घर पर ही पंखे में लटक कर खुदकुशी कर ली । तीन दिन पहले वन रेंजर सिहाली ने सभी देहरी गुर्जर रेंज के चौकीदारों को बुलाया जिसमें से दो चौकीदारों को काम से निकाल दिया जिसमें उनको कुछ कारण नहीं बताया क्यों निकाला गया।परिवार वालों ने बिना पुलिस को तहरीर दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद घर पर मृतक नेपाल सिंह के द्वारा लिखा हुआ सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए वन रेंजर व वन दरोगा को जिम्मेदार ठहराया है,सुसाइड नोट देख परिवार वालों के होश उड़ गए बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें ( नेपाल सिंह ) को किसी से भी चौकीदारी की नॉकरी जाने से न्याय की उम्मीद नहीं थी। अपने पीछे नेपाल सिंह अभी भी एक बेटा और एक बेटी शादी होने के लिए छोड़ गए हैं परिवार बहुत कर्ज में दबा हुआ होने के कारण बहुत दिमागी टेंशन में है। परिवार वाले भी घर के मुखिया की मौत होने से सदमे हैं ।

# जल-जीवन मिशन हर घर योजना के अन्तर्गत जागरूकता टीम रवाना



गजरौला, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य पेयजल एवं स्वच्छ मिशन के अन्तर्गत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलपूर्ति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जल जीवन मिशन हर घर योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता टीम को ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, बीडीओ रेणु कुमारी,एडीओ विमल कुमार,बालविकास परियोजना अधिकारी,खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से ब्लॉक परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि यह टीम ब्लॉक क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में जाकर ग्रामीण इलाकों के लोगों को शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रशिक्षण सतीश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि यह टीम ब्लॉक क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में जाकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जैसे नुक्कड़ नाटकों, जल जाँच, प्रोजेक्टर फिल्म,सोशल मैपिंग,के साथ-साथ विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर की जाएंगी। इस मौके पर जिला समन्वयक सरताज आलम, नूर आलम, निरंकार मिश्र, खुर्शीद आलम, रीतेश कुमार, मुकेश पाण्डेय, रवि पाण्डेय,अमरिश पाण्डेय, आशीष द्विदी, ग्राम प्रधानगण, एवं विशेष जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने पेट्रोल तथा डीजल की मात्रा, गुणवत्ता एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया



नगीना। उपजिलाधिकारी नगीना जिला पूर्ति अधिकारी बिजनौर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नगीना पूर्ति निरीक्षक नगीना बाट माप निरीक्षक नगीना सेल्स ऑफिसर बिजनौर द्वारा नगीना के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल तथा डीजल की मात्रा गुणवत्ता एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में प्रथम दृश्य पाई गई कमियों के संबंध में पेट्रोल पंप स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए गए नगीना में तीन पेट्रोल पंप बैजनाथ आयल कंपनी ,अग्रवाल फ्यूल ट्रेडर्स जेके एसोसिएशन पेट्रोल पंप धामपुर रोड की जांच की गई। बैजनाथ आयल कंपनी की गुणवत्ता जांचने हेतु सैंपल लिए गए और कंपनी को भेजा गया। एसडीम नगीना शैलेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव राज सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विशाल यादव, पूर्ति निरीक्षक विनीत कुमार और बाट माप निरीक्षक नगीना मौजूद रहे।

# नईम लाओजी के शिकायती पत्र पर एक्शन में विद्युत विभाग



नौगावां सादात, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को नईम हसन लाओजी की फैक्ट्री में विद्युत विभाग एसई रजत जुनेजा,विधुत विभाग और एसडीओ नईम हसन लाओजी के कारखाने पहुँचे और नईम लाओजी को साथ लेकर सभी अधिकारियों को पूरे नगर की जर्जर लाइनों का सर्वे करा कर नीचे लटकी विद्युत लाइनों को दिखाया जिस पर एस ई विधुत विभाग ने संभध्दित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर की समस्त जजर्र विधुत लाइनों को जल्द से जल्द बदल कर सरकार की मसा अनुसार तहसील नगर छेत्र मैं 23 घण्टे विधुत आपूर्ति सुचारू करने की व्यवस्था करें साथ ही विधुत बिल भी प्राथमिकता के साथ जमा करा के प्रयास करें इस दौरान नईम लाओजी ,जियाउल रहमान,जाहिद अंसारी ,सनव्वर अंसारी ,नवाब अंसारी,इसरत अंसारी,हाजी इरफान, हाजी यूसुफ, सलीम कुरैशी, अबरार सैफी, बदरुद्दीन मलिक, सादाब मलिक,आदि बड़ी संख्या मैं लोग शामिल रहें इस दौरान नईम लाओजी के प्रयास की लोगों ने भूरी भूरी प्रंसन्सा की।

## संक्षिप्त खबरें

### पिछले आठ वर्षों से जारी है अब्बासी सोसाइटी की खिदमते खल्क मुहिम : रशिक अनवर

संभल। अब्बासी वेलफेयर हैल्थ एंड एजुकेशनल सोसाइटी के यूथ विंग अध्यक्ष सिब्ते अली ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीम अब्बासी द्वारा आठ वर्ष पूर्व शुरू की गई समाज के कमजोर असहाय निर्धन परिवारों को रमजान राशन किट वितरण की पहल के चलते इस वर्ष भी कैम्प कार्यालय कोट गर्बी में बेवा बेसहारा कमजोर महिलाओ व बच्चों के लिये आटा चावल चीनी दाल नमक मसाले तेल घी सेवइयां खजूरे व अन्य खाद्य सामग्री व नये कपड़ो के साथ रमजान राशन किट तैयार की गई जो चिन्हित किये गये निर्धन परिवारों को ईद उल फितर की खुशियों में शामिल करने के लिये वितरित की जायेगी इस दौरान मोहम्मद सलमान आमिर सुहैल मो0 आलम वकील हुसैन आदि सोसाइटी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रोजा खुशहाली का खजाना पाकीजगी का पैमाना है: अलीना परवीन

संभल। माह-ए-रमजान में रोजा रखना अच्छी ज़िन्दगी जीने की तरबियत है इसमें इबादत कर अल्लाह की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान के किरदार के लिए हर जरूरी तरबियत देता है यह बात मोहल्ला चौधरी सराय निवासी छात्रा अलीना परवीन ने कही छात्रा अलीना परवीन ने बताया माहे रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा चल रहा है तीसरा अशरा 21वें रोजे से शुरू होकर 29वें या 30वें रोजे तक चलता है तीसरे अशरे का उद्देशय दोजख से निजात पाना होता है रोजा रूहानियत का रास्ता है रोजा परबरदिगार से वास्ता है रोजा नेकी के मकान में मगफिरत का चिराग है रोजा इबादत परहेजगारी का आस्तना है रमजान का महीना बरकतों और रहमतों का महीना है रमजान का हर रोजा खुशहाली का खजाना हैं और पाकीजगी का पैमाना है माहे रमजान खुशबुओं का खजाना है छात्रा अलीना परवीन ने बताया रोजा पाकीजगी का परचम और इंसानियत का हमदम भी है रोजा इबादत परहेजगारी का आस्ताना है रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है।

### जिलाधिकारी ने ब्लॉक बहजोई के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की मढ़ईयां का किया औचक निरीक्षण

संभल। जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा ब्लॉक-बहजोई के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की मढ़ईयाँ का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी महोदय ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्ता की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों से पढ़ाई लिखाई को लेकर रूबरू हुए। एवं उन्होंने रसोईघर में जाकर खाने की क्वालिटी को चेक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी गुणवत्ता का खाना खिलाया जाए। साफ सफाई की व्यवस्था को देखते हुए दिशा निर्देश दिए। कक्षाओं, रसोईघर, शौचालयों एवँ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि स्कूल चलो अभियान राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकता पर है जिसमें उन्होंने कहा कि जनपद के स्कूलों में लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों का पंजीकरण कम है एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# भाजपा शिवपाल चाचा को लेना चाहती है तो जल्दी ले ले, देर किस बात की :अखिलेश

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शिवपाल चाचा को अपनी पार्टी में लेना चाहती है तो ले ले, अच्छी बात है, देर क्यों कर रही है। जल्दी ले ले। शिवपाल जी भाजपा में जाना चाहते हैं तो जाएं। भाजपा उन्हें शामिल कर ले इंतजार क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि मेरी शिवपाल जी से कोई नाराजगी नहीं है। वहीं आजम खां के सवाल अखिलेश यादव ने कहा कि सपा हमेशा उनके साथ खड़ी है। पहले दिन से हम सब उनके साथ हैं। पार्टी उनक ो न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रही है।

मैनपुरी में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी और अन्य नेता जो बयानाबाजी कर रहें हैं, वे तब कहां थे जब भाजपा और कांग्रेस के लोग आजम खां पर झूठे और फर्जी मुकदमें लगा रहे थे। आज जो बोल रहे हैं, वे मुकदमा लगाने वालों के बीच क्यों नहीं गए। तब क्यों नहीं बोले। समाजवादी पार्टी पहले भी हर तरह से उनके साथ खड़ी थी। आज भी उनके साथ खड़ी है। उनकी जमानत के लिए पार्टी हर कानूनी मदद कर रही है। अखिलेश ने कहा कि अधिकारियों ने भाजपा सरकार के दबाव में आजम खां के ऊपर मुकदमा लगाया। उत्पीडन किया। आजम खां से मिलने जाने के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि पार्टी के लोग जा रहे हैं, जब समय आएगा तब मै भी जाऊंगा।

बसपा को लेकर एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में बसपा ने अपना वोट भाजपा को दिला दिया। अब देखते हैं कि भाजपा, मायावती जी को राष्ट्रपति बनाती है कि नहीं। अब देखते हैं कि भाजपा कब तक उन्हें राष्ट्रपति बनाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के अस्तालों की हालत देखकर शर्मिंन्दा वाले बयान पर अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री से कहना चाहिए कि पांच साल जिस तरह से भाजपा ने सरकार चलायी है, स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं उससे वे बहुत शर्मिन्दा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा जनता के बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह से असफल है। महंगाई, रोजगार और किसानों की समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए तमाम तरह के हथकंडे अपना रही है।

## प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को नफरत की आग में झोकने वाली बीजेपी ने बिजली उत्पादन के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए पांच साल में एक भी पावर प्लांट नहीं लगवाया। पांच साल की सरकार में भाजपा ने उत्तर प्रदेश की हालत इतनी जर्जर कर दी है कि बिजली उत्पादन की कई इकाइयां बंद पड़ी हैं। यहां जारी बयान में श्री यादव ने कहा कि पूरे पांच साल झूठी और हवाई घोषणाएं करने वाले मुख्यमंत्री अब बिजली संकट के समय अधिकारियों को दिखावटी निर्देश दे रहे हैं। जबकि उन्हें सच्चाई पता है कि उन्होंने बिजली उत्पादन के लिए कोई काम नहीं किया है। प्रदेश में 23 हजार मेगावाट बिजली की मांग के अनुरूप बिजली की सप्लाई नहीं हो पा रही है। बिजली को लेकर मुख्यमंत्री के झूठे दावों की असलियत अब सामने आ रही है। यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। कई जिलों के ग्रार्मीण ओौर छोटे नगरों में चार घंटे भी बिजली नहीं आ रही है। गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा हैं पर राज्य सरकार पर्याप्त बिजली का इंतजाम नहीं कर पा रही है। वहीं दूसरी तरफ अफ सरों की लापरवाही और अकर्मण्यता पर भी नियंत्रण नहीं लग रहा है। बिजली कटौती से बुनकरों का धंधा बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। संत कबीर नगर में बिजली नहीं मिलने से पावरलूम ठप्प हो रहे हैं। इससे बुनकर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

## शकुंतला मिश्रा में छात्र-छात्राओं को नहीं नसीब हो रहा पानी

लखनऊ। इस भीषण गर्मी में डा. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्रों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। छात्रों को गर्मी में ठण्डा पानी तो दूर की बात है स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं हो रहा। इसके अलावा टायलेट बने हैं लेकिन उनमें न पानी है और न दरवाजे है। डा. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में तकरीबन पांच हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। छात्रों को सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा है। यहां स्वच्छ पानी और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। छात्रों का आरोप है कि पूरे परिसर में कहीं भी पीने का पानी नहीं है। कूलर में कीड़े पड़ चुके हैं। कभी साफ.-सफाई तक नहीं करायी जाती है। शौचालयों का भी बुरा हाल है। सभी फ्लोर पर बने शौचालय बहुत गंदे और जहां से सिर्फ दुर्गंध आती है। किसी भी शौचालय में दरवाजे तक नहीं हैं। महिला शौचालय में दरवाजे लगे हैं लेकिन गंदगी वहां भी हैं। पुरुष शौचालय में दरवाजे उखड़ चुके हैं और शौचालय के बाहर काफी समय से पड़े हैं। वॉश बेसिन लगे हैं लेकिन बहुत गंदे हैं और पानी की सप्लाई नहीं है। छात्रों का आरोप है कि इस भीषण गर्मी में पीने का पानी परिसर में नहीं होने से विद्यार्थियों को पानी घर से साथ लेकर आना पड़ता है।

# विशाल जागरण का आयोजन किया गया



स्योहारा , प्रात : किरण संवाददाता

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एक विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें सात दिन पहले ज्वाला जी से ज्वाला ज्योति लेकर आएं और सात दिनों के बाद नगर में ज्वाला ज्योति का भृमण मोहल्ला जोशियान, रियासत, ठाकुर मंदिर ,सब्जी मंडी, शिव मूर्ति, जुमेरात का बाजार, मुरादाबाद रोड, थाना स्टेशन रोड ,मुरादाबाद रोड, आरएसपी रोड होते हुए मोहल्ला जोशियान में समापन हुई। जिसमें नगर में जगह जगह लोगों ने भ्रमण का फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मां ज्वाला देवी

की ज्योति भ्रमण के बाद इस वर्ष ये जागरण दसवां विशाल जागरण आयोजित हुआ है। सभी नगर वासियों के सहयोग से इस जागरण के आयोजन को सफल बनाया जाता है। इस मौके पर मां ज्वाला ज्योति भ्रमण का व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता अरुण कुमार वर्मा ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। भ्रमण यात्रा के बाद रात को महोल्ला जोशियांन में विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन हुआ जिसकी जा जान कारी देते हुए मुख्य आयोजक भाजपा नेता नीटू जोशी ने बताया कि इस बार ये दसवा आयोजन है जिसमे बाहर से आए कलाकारों द्वारा जागरण किया जाता है और इस आयोजन में नगर भर के खस लोग सहयोग करते हैं। पूरे कार्यक्रम सफल बनाने के लिए राजपाल प्रजापति, भाजपा नेता नीटू जोशी, सुरेश तोमर ,सोनू जोशी, अनिल जोशी ,अविनाश, राहुल जोशी,आदि का सहयोग रहा तो इस मौके पर ब्लाक प्रमुख उज्जव चैहान, विनोद तोमर, संदीप शर्मा,राजू भटनागर, आदि भी मौजूद रहे।

# मैनपुरी एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे अखिलेश यादव ने दिया बयान



मैनपुरी , प्रात : किरण संवाददाता

आजम खान को लेकर अखिलेश यादव ने कहा की समाजवादी पार्टी उनके साथ हैं समाजवादी पार्टी ने पहले दिन से उनके साथ खड़े होकर जो न्याय मिल सकता था।

वह दिया है और उनसे यह पूछना चाहिए कि जब बीजेपी मुकदमा लगा रही थी कांग्रेस मुकदमा लगा रही थी तब बो नेता कहा थे और जो मुकदमा लगाने वाले हैं मैंने उनसे खुद बात की थी और कहा था कि क्यों इतने बड़े नेता को परेशान कर रहे हो लेकिन उनके ऊपर सरकार का दवाब था मेरी पार्टी के लोग उनसे मिलने जा रहे हैं और अगर जरूरत पड़ेगी तो मैं भी जाऊंगा।

वही शिवपाल यादव को लेकर अखिलेश ने कहा कि अगर बीजेपी चाचा को लेना चाहती है तो अच्छी बात है ले ले जल्दी इतना देर क्यों कर रही है मुझे चाचा से कोई नाराजगी नहीं है यह बीजेपी बता सकती है बो क्यों खुश है कॉमन सिविल कोड को लेकर कहा कि समाजवादी पार्टी इसका विरोध करती है। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे बुलडोजर पर फिर हुए नाराज कहा अगर मुख्यमंत्री जी अपनी जगह बुलडोजर चलाते हैं तो करोड़ों में मुआवजा उठाते हे और और गरीब पर बुलडोजर चलता है तो मुकदमे दर्ज हो जाते हैं।

## हत्या के आरोप से महिला दोषमुक्त

मैनपुरी। रेप एंड पोक्सो कोर्ट प्रथम की न्यायाधीश अनीता ने सत्र परीक्षण के विचारण के बाद हत्या की आरोपी महिला को दोषमुक्त कर दिया । बताते चलें कि राजेंद्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह निवासी आवास विकास कॉलोनी शहर मैनपुरी ने थाना कोतवाली में करीब 14 बरस पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि मेरे पुत्र योगेंद्र सिंह की पुत्री कुमारी खुशी जिसकी उम्र 2 वर्ष है कल दिनांक 7.4 .2009 को सुबह लगभग 8:00 बजे मकान के बाहर दरवाजे पर खेल रही थी अचानक गायब हो गई हम लोगों ने काफी तलाश किया लेकिन खुशी का कहीं पता नहीं चला गुमशुदगी की सूचना रात में थाना कोतवाली पर दे दी थी आज दिनांक 8.4. 2009 को मेरे मकान के सामने रहने वाली ईश्वरी देवी पत्नी महावीर गली नंबर 3 आवास विकास कॉलोनी के घर पर शक होने पर जाकर देखा गया तो मकान के ऊपरी तीसरी मंजिल के जीने में दरवाजे के पास साइड में टीन के डिब्बे में कुमारी खुशी का शव मिला शव को निकाल कर देखा तो पूरे शरीर में जले के निशान हैं मेरी नातिन की हत्या ईश्वरी देवी पत्नी महावीर उसकी पुत्री ज्योति ने अपने अन्य साथियों के साथ कर दी है।

# लाउडस्पीकर के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के लिए पुलिस विभाग सक्रिय

लखनऊ , प्रात : किरण संवाददाता



देश और प्रदेश में इस समय चल रहे लाउडस्पीकर के संबंध में वाद विवाद और चर्चा के बीच लखनऊ का पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस संबंध में समय-समय पर जो भी निर्देश हैं वह सभी धर्म स्थानों पर जाकर दिए जा रहे हैं और उसका अनुपालन सुनिश्चित करवाने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संबंध में डीसीपी सोमेन वर्मा, एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसीपी योगेश कुमार के साथ थाना प्रभारी नाका हिंडोला - मनोज मिश्रा और थाना प्रभारी केसर बाग गुरुद्वारा नाका हिंडोला में पहुंचे। वहां पर उन्होंने लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा और प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी सौंपी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने उनको स्थलीय मुआयना कराते हुए बताया कि गुरुद्वारा साहब के बाहर कोई भी लाउडस्पीकर नहीं लगा हुआ है और गुरुद्वारा साहब के अंदर भी जो स्पीकर लगे हैं उनकी आवाज भी कम हैं ताकि गुरुद्वारा कैंपस के बाहर जरा भी आवाज ना जाए। प्रवक्ता सतपाल सिंह ने बताया कि ना केवल गुरुद्वारा नाका हिंडोला अपितु हर गुरुद्वारे के प्रबंधक कमेटी का यह प्रयास रहता है कि गुरुद्वारा साहब में जो भजन कीर्तन हो रहा है उसकी आवाज बाहर ना जाए, जिसको भी कीर्तन सुनना होगा, वह गुरुद्वारा साहब के अंदर आएगा और भजन-कीर्तन सुनेगा । इसलिए गुरुद्वारा साहब के बाहर या छत पर लाउडस्पीकर नहीं लगाए जाते। गुरुद्वारा साहब की व्यवस्था को देखकर पुलिस प्रशासन ने अत्यंत संतोष प्रकट किया और प्रबंधक कमेटी को धन्यवाद ज्ञापित किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा परिसर में पहुंचे पुलिस अधिकारियों को गुरु घर की बख्शीश सिरोपा से सम्मानित किया। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा सभी धार्मिक स्थलों पर केवल एक ही लाउड स्पीकर लगाने और उसकी आवाज परिसर के भीतर ही सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस द्वारा प्रेम प्रसंग में फिरौती देकर हत्या का प्रयास करने वाले तीन बदमाशों को दबोचा



शेरकोट , प्रात : किरण संवाददाता

प्रेम प्रसंग के चलते सुपारी देकर हत्या करने के प्रयास के आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 26 अप्रैल 22 को मौ0 साबिर पुत्र अब्दुल माजिद निवासी ग्राम मानियावाला गढी थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर द्वारा थाना शेरकोट पर तहरीर दी कि दिनांक 24 अप्रैल 2022 को समय करीब 22 बजे तीन बदमाशों मुस्तकीम पुत्र अनीश अहमद निवासी ग्राम शेखपुर थाना नगीना जनपद बिजनौर व मतीन व नईम पुत्रगण अब्दुल गफूर निवासीगण ग्राम जीतपुर पडली थाना नगीना जनपद बिजनौर द्वारा जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर हथियारों से हमला कर उसे घायल कर सडक पर धक्के देकर चले गये थे। तहरीर के आधार पर थाना शेरकोट पर मु0अ0सं0 79/22 धारा 307/324/120 भदवि बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। एसपी डा0 धर्मवीर सिंह ने घटना का संज्ञान लेते हुए थाना शेरकोट पुलिस को संलिप्त अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गय। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी अफजलगढ के निकट पर्यवेक्षण में थाना शेरकोट पुलिस द्वारा नगीना-हरेवली रोड पर ग्राम हरेवली के पास चैकिंग के दौरान घटना में सलिंप्त तीनों बदमाशों मुस्तकीम पुत्र अनीश अहमद निवासी ग्राम शेखपुर थाना नगीना जनपद बजनौर व मतीन व नईम पुत्रगण अब्दुल गफूर निवासी ग्राम जीतपुर पडली थाना नगीना जनपद बिजनौर को घटना में मोटर साइकिल पैशन प्रो सहित गिरफ्तार किया गया।

# विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु महिला आयोग द्वारा कार्यशाला का किया गया आयोजन

लखनऊ , प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के राज्य मुख्यालय पर पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम की अध्यक्षता में किया गया।इस कार्यशाला का शुभारंभ उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम एवं महिला आयोग की सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।


जागरूकता कार्यक्रम में श्री रुचिता चौधरी, सुश्री नीति द्विवेदी व श्री चंद जी यादव द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिए संचालित महिला सहायता प्रकोष्ठ, पिंक बूथ, महिला सहायता टोल फ्री नंबर 1090, 181 व 112,प्रदेश के हर थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क,महिला पेट्रोलिंग, सैफ सिटी प्रोजेक्ट आदि योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।अधिकारियों द्वारा प्रदेश के हर जनपद में आयोजित महिला जन सुनवाई को अत्यधिक प्रभावी बनाए जाने एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राज्य महिला आयोग की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मा. अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक में आयोग के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मिशन शक्ति - 4 के अंतर्गत आयोजित जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई के कार्यों की समीक्षा की गई एवं विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से प्रदेश की महिलाओं को प्रभावी व त्वरित लाभ दिलाए जाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, श्रीमती अंजू चौधरी, एवं सदस्यगण - श्रीमती निर्मला दिक्षित, श्रीमती मीना कुमारी, डॉ कंचन जायसवाल ,श्रीमती प्रभा गुप्ता ,श्रीमती मनोरमा शुक्ला, सुश्री उषा रानी, श्रीमती अनीता सचान ,श्रीमती शशि मौर्य, श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव, श्री रामसखी कठेरिया, श्रीमती अवनी सिंह, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती संगीता तिवारी, श्रीमती अंजू प्रजापति,श्रीमती इंद्रवास सिंह,श्रीमती सुमन चतुर्वेदी, श्रीमती मिथलेश अग्रवाल, श्रीमती रंजना शुक्ला, आयोग की विधि अधिकारी सुश्री मीता पांडे, वित्त एवं लेखा अधिकारी सुश्री स्वाति वर्मा , पुलिस अधीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, सुश्री नीति द्विवेदी व अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोर्ट व शासन के आदेश के अनुपालन में मंदिर व मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाये

स्योहारा , प्रात : किरण संवाददाता



पुलिस अधीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस ने धामपुर, स्योहारा शेरकोट आदि नगरों के धार्मिक स्थलों से अतिरिक्त लाउडस्पीकर उतरवाए। प्रत्येक धार्मिक स्थल पर केवल एक एक लाउडस्पीकर को छोड़ कर बाकी सभी लाउड स्पीकर को उतरवा दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में धर्म स्थलों में नियमों के पालन की साप्ताहिक समीक्षा जिला स्तर पर करने और पहली अनुपालन रिपोर्ट 30 अप्रैल तक शासन तक शासन को भेजने के लिए कहा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के बाद पुलिस हरकत में आई। आदेश के अनुपालन में तहसील धामपुर के सभी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थलों पर लगे हुए अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतरवाने का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने मंदिरों और मस्जिदों के संचालकों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई नई गाइडलाइन के मुताबिक हिदायत दी है कि मंदिर या मस्जिद पर बजने वाले लाउडस्पीकर की आवाज उस स्थल के परिसर के बाहर नहीं जानी चाहिए। स्योहारा थाना अध्यक्ष आशीष कुमार तोमर ने बताया कि सभी धार्मिक स्थलों से एक लाउडस्पीकर को छोड़कर अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटवा दिए गए हैं साथ ही सभी धार्मिक स्थलों के संचालकों को लाउड स्पीकर की आवाज मानक के अनुसार रखने की हिदायत दी गई है।

# विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने विद्युत उप केंद्र हन्नूखेड़ा पर डाला ताला

बिछवां , प्रात : किरण संवाददाता



बिकासखंण्ड सुल्तानगंज क्षेत्र में अघोषित बिद्युत कटौती को लेकर ग्रामींणों में आक्रोश देखा जा रहा था वहीं तीन दिन पहले ग्रामींणों ने आन्दोलन की चेतावनी भी दी थी पर विद्युत बिभाग के कर्मचारियों पर कोई असर नहीं हुआ तो ग्रामींणों के सब्र का बाँध टूट गया और कई गाँवों के लगभग एक सैकड़ा ग्रामींणों ने विद्युत उप केन्द्र हन्नूखेड़ा स्थिति सिमरई पर सुवह ताला जड़ दिया । सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी तो थाना पुलिस व जे ई मौके पर पहुंचे तो ग्रामींणों से नोंक झोंक भी हुई ।उच्चधिकारियों के हस्तक्षेप पर मामला शांत हो गया और सही सप्लाई देने के आश्वसन पर ताला खोला गया ।

बताते चलें कि क्षेत्र में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही वही बिजली का संकट भी है जिससे ग्रामींणों में रोष देखा जा रहा है । बिजली न आने से फसलें भी सूख रही है । कम वोल्टेज के चलते विद्युत ट्यूववैल भी नहीं चल पा रहे है । दिन भर किसान खेतों में काम करता है और रात भर बिजली कटौती से जागना पड़ रहा है जिससे मंगलवार को ग्रामींणों के सब्र का बाँध टूट गया और क्षेत्र के गाँव सहारा , कुंन्जलपुर , हेंमपुरा , चिटौआ, बृजपुर, लक्ष्मीपुर, राजपुरा , नगला देवी जैली, जिरौली, आदि गाँवों के लगभग दो सैकड़ा ग्रामींण विद्युत उपकेंन्द्र हन्नूखेड़ा स्थिति सिमरई पर सुवह आठ बजे पहुंच गये और केंन्द्र पर ताला डाल दिया जिससे विद्युत व्यवस्था ठप हो गयी । एस एच ओ ने जानकारी उच्चाधिकारियों को दी तो सूचना मिलते ही जेई राम अवध राम व थाने के एस आई दर्शन सिंह पुलिस बल के साथ विद्युत उपकेंन्द्र पर पहुंचे और ग्रामींणों को समझाने का प्रयास किया तो वह उग्र हो गये और उच्चधिकारियों को बुलाने की माँग करने लगे । ग्रामींणों का आरोप था कि तीन चार घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है । जेई ने फोन से एस डी ओ विद्युत भोगाँव एन के वर्मा से ग्रामींणों की बात करायी तो ग्रामीणों को आश्वासन मिला कि वह प्रयास करेंगे कि अधिक से अधिक बिजली ग्रामींण क्षेत्र में मिले वही । 10 घंटे तो अवश्य ही मिलेगी । आश्वासन के बाद ग्रामींणों ने ताला खोल दिया । इस अवसर पर डा. गोरेलाल , बंन्टू चौहान ,मंझले चौहान,अनार सिंह , शिशुपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह , पूरन सिंह, नितिन ,गुडडू चौहान, सुघर सिंह , ओमकार सिंह ,कमलेश कुमार आदि लोग मौजूद थे ।

# यूथ सोसाइटी अध्यक्ष ने बेटी हुमैरा के जन्मदिन पर किया पौधारोपण

स्योहारा , प्रात : किरण संवाददाता



कस्बे की सामाजिक संस्था के अध्यक्ष तनवीर चैधरी ने अपनी बेटी कुमारी चैधरी के छटे जन्मदिन के मौके पर कस्बे के विभिन्न स्थानो पर लगभग 35-40 पौधे बेटी के हाथो से लगवाते हुये पर्यावरण को हरा भरा रखने का समाज को एक बेहतरीन संदेश दिया ! इससे पूर्व पिछले पांच जन्मदिनों पर जरूरतमन्दो को राशन किट, कुष्ट आश्रम के बच्चो को खिलौने टाफी व अस्पताल मे मरीजो को फल वितरण करते रहे ! तनवीर चैधरी ने बताया खास मौको पर जरूरतमन्दो की मदद करने के नेक काम ओर समाज हित मे किये गये कार्यों से जहा मन को सकून मिलता है वही समाज को एक अच्छा सन्देश भी जाता है हम खास मौको पर पौधे ऐसे स्थानो पर लगाते है जहा पेड पौधो को उचित जल वायु छाया मिले व उनकी देखभाल भी बराबर होती रहे ! पौधारोपण करने के कार्य की सराहना करते हुये वरिष्ठ पत्रकार व सरंक्षक अमीन अहमद ने अपील करते हुये कहा कि हमे खास मौके पर पौधे लगाते हुये उनकी रक्षा करने का प्रण लेना चाहिये ! संस्था संरक्षक असजद चैधरी एंव सदस्यो ने इस कार्य की सराहना करते हुये हौसला अफजाई की तथा सभी साथियो ने हुमैरा को दुआओ से नवाजते हुये बेटी हुमैरा के रोशन मुस्तकबिल की दुआ दी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022



## संक्षिप्त खबर

### 27 अप्रैल को पंचकूला में डिप्टी सीएम पटवारियों व कानूनगो को करेंगे सम्मानित

चंडीगढ़। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 27 अप्रैल को उत्कृष्ट कार्य करने वाले चकबंदी विभाग के पटवारियों एवं कानूनगो को सम्मानित करेंगे। पंचकूला में आयोजित इस समारोह में उनको मोटरसाइकिल भेंट की जाएगी तथा सम्मान-पत्र से नवाजा जाएगा। इस कार्यक्रम में जहां उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्य अतिथि होंगे वहीं हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री अनूप धानक विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। इससे पहले २९ मार्च को जींद में डिप्टी सीएम ने सराहनीय व अच्छे कार्य करने वाले प्रदेश के कुल १०५ पटवारियों को सम्मानित किया था। इनमें से ५० पटवारियों को एक-एक मोटरसाइकिल व प्रशंसा-पत्र जबकि शेष ५५ पटवारियों को प्रशंसा-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया था।

### गुपचुप तरीके से किए जाने वाले बाल विवाह की रोकथाम बारे पुलिस ने कमर कसी

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए सभी डीसीपी, एसीपी, थाना प्रबंधक, चोकी इन्चार्ज, तीनों महिला थाना प्रबंधक को दिशा निर्देश दिए है कि वो अपने-अपने एरिया में होने वाली शादियों पर नजर रखे, अगर बाल विवाह होना पाया जाता है तो तुरन्त कार्यवाही करें। पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने कहा कि अगर कोई भी नाबालिग लडके व लडकी की शादी कराता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस बारे सभी थाना व चोकी इन्चार्ज अपने एरिया के मौजूद लोगों से बातचीत करें और बाल विवाह होने की सूरत में तुरंत 112 पर या नजदीकी थाने में सूचना दें ,उन्होने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत लडके की शादी की आयु 21 साल व लडकी की शादी की आयु 18 साल होना अनिवार्य है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को बाल विवाह बारे कोई सूचना मिलती है फोन कर सकते है या नजदीक थाना, चोकी में इस बारे सूचना दे सकते है।

### बॉक्सिंग में सिल्वर, ब्राउंज मेडल जीतकर किया जिले का नाम रोशन

पलवल। हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से फतेहाबाद में आयोजित सब जूनियर लडका-लडकी स्टेट चैंपियनशिप में जिले की देवा बॉक्सिंग क्लब के दो बच्चों ने मैडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। सब जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने व विजेता बच्चों का बुधवार को कोच प्रियंका तेवतिया व जिले के बॉक्सिंग प्रेमियों ने बच्चों का पलवल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 25 अप्रैल तक किया गया। नेशनल बॉक्सिंग खिलाड़ी एवं देवा बॉक्सिंग क्लब की कोच प्रियंका तेवतिया ने बताया कि सब जूनियर लडका-लड़कियों की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से फतेहाबाद में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 22 जिलों के 750 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें पलवल, फरीदाबाद व मेवात जिले के बच्चों ने भी हिस्सा लिया, लेकिन तीनों जिलों में केवल देवा बॉक्सिंग क्लब पलवल के 35 किलोभार में रुद्र तंवर ने ब्राउंज मेडल व 58 किलो भार में कृष शिशोदिया ने सिल्वर मैडल लेकर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा क्लब के खिलाड़ी देवा चौधरी, अथर्व चौधरी, परी कुंतल, ज्योति तेवतिया व राशी तेवतिया ने हिस्सा लिया।

# डीजे पर गाना बदलवाना खूनी संघर्ष का कारण बना

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



कलहेड़ी गांव में डीजे पर गाना बदलवाना खूनी संघर्ष का कारण बन गया। दो परिवारों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले। जिसमें एक महिला सहित छह लोगों के घायल हो गए। घायलों को नजदीक अस्पताल में भर्ती करवाया। जिसमें से एक की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

मंगलवार की देर रात कल्हेड़ी गांव में सुभाष के घर लड़के की शादी थी। डीजे पर युवा डांस कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के एक युवक रणजीत ने गाना बदलवा दिया, जिसके बाद समारोह में नाच रहे लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया। गाना चेंज करने को लेकर खड़ा हुआ विवाद चंद ही मिनटों में इतना तूल पकड़ गया कि शादी समारोह में शामिल दो परिवारों के लोगों के बीच पथराव शुरू हो गया। दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर ईंट बरसाने लगे घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए घरौंडा सीएचसी केंद्र पर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे करनाल रेफर कर दिया। अस्पताल में पहुंचे दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं। एक पक्ष के रणजीत का कहना है कि जिस घर में शादी थी, उनके रिश्तेदारों के साथ उसका मजाक मजाक में ही 25 अप्रैल को झगड़ा हो गया था लेकिन इसमें आपसी सुलह हो गई थी। चूंकि रिश्तेदारों के साथ झगड़ा हुआ था इसलिए वह सारी बातों को भुल चुका था। मंगलवार की रात वह भी डीजे पर नाच रहा था। उसके कुछ साथियों ने डीजे पर गाना चेंज करवाने के लिए कहा था, जैसे ही वह गाना चेंज करवाकर आया तो रिश्तेदार उस पर टूट पड़े और ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जिसमें उसके भाई गुलशन, उसकी मां पासों व एक छोटे बच्चे को चोटें आई है। वहीं दूसरे पक्ष के विनोद ने रणजीत पर आरोप लगाया है कि डीजे पर एक युवक ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की थी, जिसके बाद झगड़ा हुआ था और इसी दौरान इन लोगों ने ईंट बरसानी शुरू कर दी। जिसमें उनके दो रिश्तेदारों को चोटें आई है। वहीं मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम गांव में पहुंची और दूसरी टीम अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे घायलों को देखने गई। सीएचसी के डॉक्टर सोनू ने बताया कि पथराव के घायल हुए पांच लोगों को अस्पताल में लाया गया है। जिनमें एक पक्ष के तीन वह दूसरे पक्ष के दो व्यक्ति घायल है। वहीं एक घायल को करनाल रेफर किया गया है। वहीं इस संबंध में जब थाना प्रभारी दीपक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल्हेड़ी गांव में शादी समारोह के दौरान झगड़े की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस की टीमें पहुंच गई थी। फिलहाल किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

## एमडीयू कुलपति के दस्तावेजों की जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन



फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो ने जिलाध्यक्ष रवि शर्मा के नेतृत्व में सीटीएम फरीदाबाद नसीब कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उन्होंने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति के दस्तावेजों की जांच की मांग की है। जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने बताया कि जब एक विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर शिक्षित व योग्य व्यक्तियों की नियुक्त नहीं किया जाएगा,उच्च शिक्षा की गुणवत्ता संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इनसो छात्र संघ मॉंग करता है कि एमडीयू कुलपति राजबीर सिंह की डिग्रियों और फर्जी दस्तावेजों की जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई का पता चल सके। रवि शर्मा ने कहा कि इनसो छात्र इकाई हमेशा से छात्रों की भलाई और बेहतर के लिए काम करती आई है जिससे की देश और समाज को प्रतिभावान युवा मिल सके लेकिन यदि इस तरह से विश्वविद्यालय की कुर्सी पर ऐसे कुलपति आसीन होंगे तो यह सीधे सीधे शिक्षा जगत के साथ धोखा होगा। इस मौके पर विनय, आलोक वत्स, आकाश, ध्रुव, कुनाल, मयंक, मयूर, दीपक, बंटी, विनोद, सन्नी, अनुज आदि साथी मौजूद रहे।

## पुन्हाना में दी जाने वाली दावत-ए-इफ्तार की तैयारियां पूरी:राहुल जैन

पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा 28 अप्रैल वीरवार को जिला नुंह के हल्के पुन्हाना की अनाज मंडी में दी जाने वाली दावत-ए-इफ्तार की तैयारियां पूरी है। हजारों रोजेदार समय पर रोजा की इफ्तारी करेंगे। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि जिला मेवात से विशेष लगाव रखने वाले, 36 बिरादरी के नेता उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रोजेदारों की सहूलियत और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया हुआ है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर,राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ व जेजेपी प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया के सुपरविजन में कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। जिला मेवात की कमान संभाल रहे राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री हर्ष कुमार सारे कार्यक्रम पर नजर लगाकर नेताओं को निरंतर निर्देश दे रहे हैं तथा कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार भारी भीड़ जुटाने के लिए ज्यादा से ज्यादा रोजेदारों को इफ्तारी में पहुंचने का न्योता दे रहे हैं। वही हाल ही में जेजेपी में शामिल हुए युवा नेता एडवोकेट जावेद खान भी रोजेदारों से मिलकर पुन्हाना इफ्तारी में आने का आग्रह कर रहे हैं। इसके अलावा पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, प्रदेश सचिव तैयब हुसैन घासेडिया, वरिष्ट नेता अमन अहमद भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पसीना बहा रहे हैं। युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद भी अपनी टीम के साथ वॉलंटरी का दायित्व निभाएंगे। कार्यक्रम में दावत-ए-इफ्तारी के आयोजक उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह सहित अन्य कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ जेजेपी नेतागण शामिल होंगे।

रोजेदारों के लिए तरह-तरह के फलों के साथ बेहतरीन खाना,पीने के पानी व वजू बनाने तथा बैठने की पूरी व्यवस्था की हुई है। जेजेपी के सभी हल्का प्रधान,युवा प्रधान व अन्य पदाधिकारीगण भी व्यवस्था की विशेष देखरेख करेंगें। वही मेवात के लोग व कार्यकर्ता जननायक ताऊ देवीलाल के युवा रूप उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आगमन पर आंखें बिछाए हुए हैं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद,किसान सैल के जिला प्रधान अब्दुल हामिद,अकरम ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई पास युवाओं के लिए एक मई से शुरू होगा नया पोर्टल, पुराना होगा बंद

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

भारत सरकार की ओर से आईटीआई पास युवाओं के लिए बनाया गया पुराना प्रशिक्षु पोर्टल अप्रेंटिसशिप.जीओवी.इन 30 अप्रैल को बंद हो जाएगा। इसके बाद एक मई से नया प्रशिक्षु पोर्टल शुरू हो जाएगा। ऐसे में प्रशिक्षुओं के पास अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट डाउनलोड करने के लिए तीन दिन शेष बचे हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूंह के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि सरकार ने नया शिक्षुता पोर्टल अप्रेंटिसशिपइंडिया. जीओवी.इन लांच कर दिया गया है। ऐसे में सभी अधिकारी उनके कार्यालय में कार्य का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षुओं को 30 अप्रैल से पहले उनका प्रमाण पत्र डाउनलोड करवा कर सौंप दें। किसी प्रशिक्षु ने अपना कार्य अनुभव का सर्टिफिकेट डाउनलोड नहीं किया है तो वह 30 अप्रैल से पहले डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने बताया कि अधिकारी पुराने पोर्टल पर प्रशिक्षुओं की परीक्षा संबंधी और अन्य अधूरा रिकॉर्ड पूर्ण करना सुनिश्चित कर लें। निर्धारित तिथि के बाद भी अगर किसी विभाग का रिकॉर्ड अधूरा रहता है तो उसके लिए विभाग खुद जिम्मेवार होगा।

## मंत्री से बोले विधायक राजेश नागर, कच्ची कॉलोनियों में भी दें बिजली कनेक्शन

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



- नागर ने मंत्री से मांग की कि वह बिजली निगम को कच्ची कॉलोनियों, जीपीए और एग्रीमैन्ट पर बिकी जमीनों पर भी बिजली के नए कनेक्शन देने का आदेश्श देकर राहत प्रदान करें

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने आज बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मिलकर कच्ची कॉलोनियों में भी बिजली कनेक्शन दिए जाने की मांग की है। उन्होंने तिगांव विधानसभा क्षेत्र की अन्य बिजली संबंधी मांगों एवं समस्याओं को उनके समक्ष रखकर राहत की मांग की। विधायक राजेश नागर ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को बताया कि फरीदाबाद में कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले आम जन को नीतिगत फैसले के कारण नया बिजली कनेक्शन नहीं दिया रहा है। जिसके कारण उन्हें बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जीपीए व एग्रीमैन्ट पर खरीदी गई जमीन पर भी बिजली निगम नए कनेक्शन नहीं दे रहा है। जिससे लोगों को अपने दैनिक कार्य करने में भी परेशान होना पड़ रहा है। नागर ने मंत्री से मांग की कि वह बिजली निगम को कच्ची कॉलोनियों, जीपीए और एग्रीमैन्ट पर बिकी जमीनों पर भी बिजली के नए कनेक्शन देने का आदेश्श देकर राहत प्रदान करें। विधायक नागर ने कहा कि नए बिजली कनेक्शन न दिए जाने से सरकार को भी भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि नए उपभोक्ता बढ़ेंगे तो उसका राजस्व लाभ बिजली निगम के जरिए सरकार को होगा।

नागर ने मीडिया को बताया कि भाजपा का मूलमंत्र अंत्योदय है, जिसके अनुसार हम इन कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए संकल्पित हैं। इसके लिए आज बिजली मंत्री से मुलाकात कर लोगों की मांगें उनके सामने रखी हैं। हमें पूरा विश्वास है कि मंत्री रणजीत सिंह जल्द ही हमारी मांगों को पूरा करेंगे।

## गेहूं के कट्टों को काटकर चोरी करते हुए तीन युवकों को पकड़ा



घरौंडा, प्रात : किरण संवाददाता

शहर की नई अनाज मंडी में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉक से गेहूं की चोरी करते तीन युवकों को पकड़ा है। फूड सप्लाई डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने तीनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया है। साथ चोरी किया गेंहू भी पुलिस को सौपा गया हैं। इसके साथ ही लिखित शिकायत भी पुलिस को की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सरकार ने गेहूं का स्टॉक कवर्ड एरिया में करने के आदेश दिए है। डीएफएससी के पास पर्याप्त गोदाम ना होने के कारण मंडी के तीन शेडों में दो लाख कट्टो का स्टॉक किया गया है, लेकिन गेहूं के कट्टे चोरों के निशाने पर है। बुधवार को गेहूं के चट्टों के बीच सफाई कर रहे सफाईकर्मियों ने तीन युवकों को गेहूं के कट्टों को काटकर चोरी करते हुए पकड़ा है। आरोप है कि युवक कट्टों को ब्लेड से काटकर गेहूं निकाल रहे थे और एक खाली कट्टे में भर रहे थे। मौके से करीब 40 किलो गेहूं बरामद किया गया है। डीएफएससी के इंस्पेक्टर इंद्र संधू व राजेश कुमार को चोरों की जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंच गए। निरीक्षकों ने तीनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही गेहूं से भरा कट्टा भी पुलिस को सौंप दिया। निरीक्षक इंद्र संधू ने शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## जिले के सभी पांच खंडों में लगभग 65 गांवों में आयोजित की गई पाठशाला

नूंह, मेवात, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 25 अप्रैल से 1 मई 2022 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मनाए जा रहे किसान भागीदारी-प्राथमिकता हमारी अभियान को सफल बनाने के लिए जिला नूंह के पांचों खंडों के लगभग 65 गांवों में तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार फसल बीमा पाठशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित खंडों में स्थित बैंक, फसल बीमा कंपनी व सीएससी के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और फसल बीमा योजना के लाभ बताते हुए किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराने के लिए प्रेरित किया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूंह के उप कृषि निदेशक डॉ. प्रताप सिंह सभ्रवाल ने किसानों का आह्वान किया कि वे अपने खेतों में धान की सीधी बिजाई करें, इससे पानी की 30 से 35 प्रतिशत पानी की बचत होती है। धान की सीधी बिजाई पर हरियाणा सरकार द्वारा प्रति एकड़ 5 हजार रुपये तथा मक्के की बिजाई के लिए 7 हजार रुपये आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि जिले में करीब 6 से 7 हजार एकड़ भूमि पर धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैउन्होंने जिले के समस्त बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करें व समस्त किसान योजना लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करें। जिले के संबन्धित विभागों को भी इस योजना की जानकारी किसानों तक स्वयं सहायता समूह व ग्राम पंचायत के माध्यम से पहुंचाने के लिए निर्देश दिए।

## पुलिस द्वारा 70 साल पुराना रास्ता रोकने पर ग्रामीण नाराज

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- कादरपुर ढाणी वासियों को 10 किलोमीटर घूमकर गांव में आना पड़ रहा
- कई ढाणियों के 400 परिवारों की गांव से कनेक्टिविटी हुई खत्म

जिले के गांव कादरपुर के पास बने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के गेट नंबर-1 के सामने से पुलिस द्वारा रास्ता बंद किए जाने के कारण वहां बनी कई ढाणियों के करीब 400 परिवारों की कनेक्टिविटी गांव से खत्म हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह 70 साल पुराना रास्ता है। इसके बंद किए जाने से ग्रामीणों को गांव कादरपुर में जाने के लिए करीब 10 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। कादरपुर के पूर्व सरपंच रामपाल, सरपंच संजीत दायमा, उल्लावास गांव के सरपंच सुरेंद्र अम्बावता, समाजसेवी जीत सिंह दायमा समेत अनेक आदि ग्रामीण रास्ता बंद किए जाने को लेकर सोहना के विधायक संजय सिंह से मिले। उन्हें बताया गया कि कादरपुर गांव से ढाणियों में जाने के लिए यह 70 साल पुराना रास्ता है। सुरक्षा कारण बताकर इस रास्ते को पुलिस द्वारा बंद कर दिया गया है। यह रास्ता आगे रिठौज गांव से होते हुए सोहना रोड पर निकलता था। सभी ग्रामीण इसी रास्ते का उपयोग करते थे। रास्ते को बंद किए जाने के बाद अब ग्रामीणों व ढाणी वासियों की कनेक्टिविटी पूरी तरह से खत्म हो गई है। ढाणियों से किसी को गांव में आना होता है तो वे दूसरी तरफ के रास्ते से रिठौज, बादशाहपुर होते हुए कादरपुर गांव में पहुंचने को मजबूत हैं। यह रास्ता करीब 10 किलोमीटर अधिक पड़ जाता है। स्कूली बच्चों को और अधिक परेशानी हो रही है। बच्चे मजबूरी में दीवार को फांदकर कादरपुर स्कूल में पहुंच रहे हैं। यहां कभी बड़ी घटना भी हो सकती है। विधायक संजय सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इसका विकल्प तलाशने के लिए अधिकारियों से बात करेंगे। ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस विषय पर कादरपुर में गुरुवार 28 अप्रैल को पंचायत भी बुलाई गई है। पंचायत में पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध करने के साथ रास्ता खुलवाने को आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## बाल विवाह करवाने वालों की अब जिला फरीदाबाद में खैर नहीं, जेल होगी और जुर्माना भी

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



जिला कार्यकारी व महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने कहा कि जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बाल विवाह करवाने वालों की अब जिला फरीदाबाद खैर नहीं है। ऐसे लोगों को जेल होगी और उन पर जुमार्ना भी लगेगा। हेमा कौशिक ने बताया कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह निषेध अधिनियम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में बाल विवाह नहीं होने देंगे, क्योंकि बाल विवाह कानूनी अपराध है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह होता दिखे तो तुरंत 1098 नंबर पर फोन करें। जिला में उपायुक्त जितेंद्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में और सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता अभियान जारी है। हेमा कौशिक ने बुधवार को गांव पखेल, कुरेशीपुर में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह करवाने वालों की दो साल की जेल और एक लाख रुपये का जुमार्ना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से फरीदाबाद जिला में बाल विवाह नहीं होने देंगे। दोषी पाए जाने पर बाराती, घराती और पण्डित सहित अन्य लोगों पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## गर्मियों के समय में लोगों को बिजली व पानी की समस्या न आए इसका रखें विशेष ध्यान : डा. बनवारी लाल

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता



- लोक सम्पर्क की बैठक में 14 में से 12 परिवादों का किया मौके पर ही निपटान

सहकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डा. बनवारी लाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस मासिक बैठक के एजेंडा में शामिल कुल 14 परिवाद शामिल किए गए हैं जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। उन्होंने शेष शिकायतों के निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहकारिता राज्यमंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला में बिजली व पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव बंचारी के हरिजन मौहल्ला पंछा पट्टी में वाटर सप्लाई का पीने का पानी न आने की समस्या के संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को दिए गए निदेर्शानुसार पीने के पानी की लाइन बिछाकर अधिकतर लोगों को पानी के कनेक्शन भी दे दिए गए हैं और बचे हुए कनेक्शन जल्द ही पूरे करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अलीगढ रोड़ इस्लामाबाद निवासी पप्पू पुत्र हूबलाल की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सहकारिता राज्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को पप्पू का सैटरिंग का सामान वापस दिलाने और उनके मेहंताने के लिए श्रम न्यायालय में केस दर्ज करवाने लिए कहा। गांव बेढापट्टी निवासी गजेंद्र की होडल शहर के बाबरी मोड व अन्य चौराहों पर गड्ढों को भरने से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर फिजिकल वैरीफिकेशन करने के निर्देश दिए। गांव घोडी निवासी सुक्कन पुत्र बुद्धन की भवन निर्माण सामग्री व मजदूरी की धनराशि दिलवाने संबंधी शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्यमंत्री ने संबंधित सक्षम अधिकारी से जांच कर श्रम का मेहंताना दिलाने की पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## नगर निगम पार्षद सीमा पाहूजा ने सदन की बैठक में मजबूती के साथ रखी अपनी बात

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

- मेयर, निगमायुक्त को कराया वार्ड की समस्याओं से अवगत

नगर निगम सदन की बैठक के दौरान नगर निगम वार्ड 15 में व्याप्त समस्याओं से पार्षद सीमा पाहूजा ने मेयर मधु आजाद, निगमायुक्त मुकेश कुमार आहूजा व अन्य अधिकारियों को अवगत कराया। सीमा पाहूजा ने क्षेत्रवासियों के समक्ष आ रही समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया।

पार्षद ने बैठक में कहा कि नगर निगम वार्ड 15 में पिछले काफी समय से सफाई व्यवस्था की समस्या व्याप्त है। इस समस्या का क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कोरोना महामारी के संक्रमण में फिर से वृद्धि होने लगी है, ऐसे में सफाई व्यवस्था अति आवश्यक है। उन्होंने सदन की बैठक में आग्रह किया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था को मजबूत कराया जाए। सीमा पाहूजा ने कहा कि क्षेत्र में एल एंड टी कंपनी द्वारा अंडर ग्राउण्ड केबल डालने के लिए जगह-जगह गड्ढे किए हुए हैं। क्षेत्रवासियों के आवागमन में बड़ी परेशानी होती है।

सीवरेज सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। सीवरेज जाम होने से क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि मानसून आने से पूर्व वार्ड में सीवरेज सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों ने अवैध रुप से मार्किट परिसर व सडकों के किनारे अतिक्रमण किया हुआ है। क्षेत्रवासी इस अतिक्रमण से काफी परेशान हैं। सदन की बैठक के दौरान पार्षद सीमा पाहूजा ने अन्य मुद्दों पर चर्चा कर मेयर का ध्यान आकर्षित किया और क्षेत्र की समस्याओं पर अपनी बात मजबूती के साथ रखी।

## संक्षिप्त खबरें



### आरआईएल का मार्केट कैप बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आरआईएल का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। आरआईएल के शेयरों में बुधवार को आई तेजी के कारण कंपनी का मार्केट कैप 19,12,814 करोड़ (19 लाख करोड़ से ज्यादा) हो गया। इस बढ़ोतरी के साथ ही आरआईएल बाजार मूल्यांकन के इस निशान को पार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर आरआईएल के शेयर 1.85 फीसदी बढ़कर 2,827.10 रुपये के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरआईएल के शेयर की कीमत में तेजी के बाद बीएसई पर कारोबार के दौरान कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,12,814 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि निजी क्षेत्र की सबसे मूल्यवान कंपनी आरआईएल का बाजार मूल्यांकन इससे पहले मार्च, 2022 में बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया था। वहीं, इस साल अबतक रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 19 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है।

### कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पोषण ने निवेशकों से 28.8 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। कृषि व्यापार मंच पोषण ने कारोबार के विस्तार और भविष्य की वृद्धि के लिए प्राइम वेंचर पार्टनर्स सहित विभिन्न निवेशकों से 28.8 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोषण कृषि उत्पादों के क्रेता-विक्रेताओं को ऑनलाइन व्यापार की सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही यह वस्तुओं के थोक व्यापार को सुगम बनता है और जिंसों के थोक कारोबार के लिए कई तरह की सेवाएं प्रदान करता है। कंपनी ने ई-कॉमर्स, आधुनिक व्यापार और सामान्य व्यापार में 100 से अधिक थोक विक्रेताओं के साथ भागीदारी की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, पोषण ने प्राइम वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में शुरुआती वित्तपोषण के रूप में 28.8 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वित्तपोषण के इस दौर में जेफायर पीकॉक ने भी भाग लिया। पोषण के सह-संस्थापक शशांक सिंह ने कहा, हम प्रसंस्कृत कृषि क्षेत्र के साथ-साथ थोक खरीद क्षेत्र में भी एक बड़ा अवसर देखते हैं।

### सोना और चांदी दोनों हो गए सस्ते

नई दिल्ली। सोना और चांदी दोनों की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम कीमतों के अनुरूप बुधवार को यहां स्थानीय बाजार में सोना 258 रुपये की गिरावट के साथ 51,233 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह कीमती धातु 51,491 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 327 रुपये की गिरावट के साथ 64,618 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो पिछले कारोबार में 64,945 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों के मुताबिक तरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,892 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 23.36 डॉलर प्रति औंस पर सपाट कारोबार कर रही थी।

# आम लोगों को असानी से जोड़ने हेतु सोशल मीडिया के लाइव स्ट्रीमिंग के कई फीचर कंटेंट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सोशल मीडिया ने मनोरंजन और आपस में लोगों को जोड़ने के लिए एक मंच प्रदान करता हैए बल्कि दुनिया भर में रचनाकारों और प्रतिभाओं को भी सशक्त बनाता हैए यदि ऐसा न होता तो क्या स्थिति होती। यदि कंटेंट और शोर का प्रसार करने के बजाय। सोशल मीडिया ने वंचितलोगों को गरीबी से बाहर निकाले तो कैसा लगेगा।

भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने वाले शीर्ष स्ट्रीमिंग एप्स (एप्लिकेशन)

1. अपलाइव एक लाइव वीडियो सोशल प्लेटफॉर्म और दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र सोशल वीडियो ऐप है जो यूजर्स को अपने दर्शकों से लाइवस्ट्रीम करने और जुड़ने की सुविधा देता है। यह एक कार्य योजना पर काम करता है जिसमें आकर्षक कंटेंट और कम्युनिटी बनाने की प्रक्रिया आपस में निकटता से जुड़ी होती है। क्रिएटर्स हर महीने लाखों रुपये कमाते हैं और फैन्स वर्चुअल गिफ्ट्स और लाइक्स के माध्यम से भी इसमें योगदान करते हैं।

2. मेटा
फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित मेटावर्स ब्रॉडकास्टरों प्रसारणकताओं को किसी विषयआयोजन प्रश्नोत्तरी या किसी भीअन्य विषय पर लाइव स्ट्रीमिंग करने की सुविधा प्रदान करती है। मूलत इस एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए यह दुनिया में कहीं से भी से लाइव चर्चा की सुविधा देती है। लाइव स्ट्रीमिंग में डोनेट बटन और इन.स्ट्रीम प्रोमोशन जोड़ने से किसी भी उद्देश्य के लिए फंड जुटाने में मदद मिल सकती है



● क्रिएटर अर्थव्यवस्था आत्म.अभिव्यक्ति का एक तरीका है और दुनिया भर में लाखों लोगों कोकंटेंट से धन कमाने का एक अवसर प्रदान करती है।

और साथ ही लाइव रिकॉर्डिंग को करियर के रूप में अपनाया जा सकता है।

3. ट्विच
ट्विच का एक भुगतान युक्त मेम्बरशिप प्रोग्राम है जो आपको एफिलिएट या पार्टनर बनने पर सशुल्क सदस्यता से खरीदारी करने की अनुमति देता है। आपके दर्शकों को ट्विच प्राइम के माध्यम से एक निःशुल्क मेम्बरशिप मिलती हैए या वे पेपॉल अमेजन पे या वीजा का उपयोग करके उनके लिए भुगतान कर सकते हैं।

4. एलोएला
एलोएला पर निमार्ता अपनी लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कमाते हैं जहां वे स्थानीय भारतीय खेलों का प्रसारण कर के अपने दर्शकों से जुड़ते हैं जो उन्हें एलो सिक्कों के उत्पादन में सहायता करता हैए जिसेवे वास्तविक धन में बदलसकते हैं। क्रिएटर्स को हर दिन अपनी स्ट्रीमिंग का स्तर बढ़ाना होगा और अपनी स्ट्रीम से आय पैदा करने के लिए धीरे.धीरे एक कम्युनिटी बनानी होगी। कोई भी शुरूआत में केवल अपने प्रशंसकों द्वारा भेजे गए वर्चुअल उपहारों के माध्यम सेआसानी से 2000 रुपये या ज़्यादा कमा सकता है।

5. यूट्यूब
यूट्यूब की एक चैनल सदस्यता योजना है जो क्रिएटर्स को एक चैनल का मालिक बनने और अपने कंटेंट के लिये नियमित रूप से निर्धारित भुगतान करने की सुविधा देती है। ल्वनज्नइम पर अपना चैनल खोलने के लिएए आपको पार्टनर प्रोग्राम में शामिल होना होगा और कुछ अतिरिक्त आवश्यक शर्तें पूरी करनी होंगी।

क्रिएटर अर्थव्यवस्था आत्म.अभिव्यक्ति का एक तरीका है और दुनिया भर में लाखों लोगों कोकंटेंट से धन कमाने का एक अवसर प्रदान करती है। इन और कई अन्य एप्लीकेशन्स ने उस मूल्य को मान्यता दी है जिसे क्रिएटर्स को सशक्त बनाकर कम्युनिटीजमें लाया जा सकता है और जो केवल एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहींअधिक बननेके लिए प्रतिबद्ध हैं। संगीत, नाटक, टीवी, फैशन और अन्य क्षेत्रों में अपने सपनों को पूरा करने के लिए अलग अलग लोगों को सशक्त बनाकर वे दुनिया भर के क्रिएटर्स के जीवन में बदलाव ला रहे हैं।

# दुनिया के पांचवें सबसे रईस व्यक्ति बने गौतम अडाणी, व्यक्तिगत संपत्ति 125 अरब डॉलर हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत समेत एशिया के सबसे धनी व्यक्ति गौतम अडाणी ने व्यक्तिगत कमाई में एक और छलांग लगाई है। 125 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ गौतम अडाणी दुनिया के पांचवें सबसे रईस व्यक्ति बन गए हैं। दुनिया के टॉप 100 रईसों की सूची में भारत के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 102 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ नौवें स्थान पर बने हुए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनरीज इंडेक्स के आज जारी आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ मंगलवार के कारोबार में ही गौतम अडाणी की संपत्ति में 6.31 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण उनकी व्यक्तिगत संपत्ति 118.69 अरब डॉलर से बढ़कर 125 अरब डॉलर हो गई है। व्यक्तिगत संपत्ति में हुए इस इजाफे के साथ ही गौतम अडाणी ने वॉरेन बफेट को पीछे छोड़ दुनिया के टॉप 100 रईसों की सूची में पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। वॉरेन बफेट फिलहाल 120 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ छठे स्थान पर खिसक गए हैं। ब्लूमबर्ग की टॉप 100 रईसों की सूची में अभी भी एलन मस्क 252 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ पहले स्थान पर और जेफ बेजॉस 164 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। इसी तरह बर्नार्ड अरनॉल्ट 134 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ तीसरे और बिल गेट्स 125.02 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। इस आंकड़े के मुताबिक गौतम अडाणी और बिल गेट्स की संपत्ति में अब बहुत मामूली अंतर रह गया है। ऐसे में अगर शेयर बाजार की चाल का साथ मिला, तो अगले एक या दो कारोबारी दिन में ही गौतम अडाणी बिल गेट्स को भी व्यक्तिगत संपत्ति के मामले में पीछे छोड़ सकते हैं। ब्लूमबर्ग की दुनिया के टॉप 100 रईसों की सूची में गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के अलावा पांच अन्य भारतीयों को भी स्थान मिला है। इस सूची में अजीम प्रेमजी 31.6 अरब डॉलर की व्यक्तिगत का संपत्ति के साथ 37वें स्थान पर, शिव नाडार 27.1 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 45वें स्थान पर, राधाकिशन दमानी 20.9 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 66वें स्थान पर, लक्ष्मी मित्तल 18.4 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 85वें स्थान पर और साइरस पूनावाला 16.6 अरब डालर की संपत्ति के साथ 98वें स्थान पर बने हुए हैं।



**हैसियत**

● 102 अरब डॉलर की संपति के साथ अंबानी दुनिया के 9वें सबसे रईस

# टीवीएस मोटर, रैपिडो ने वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए करार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

दोपहिया वाहन कंपनी टीवीएस मोटर ने आपसी हित और वाणिज्यिक परिवहन के क्षेत्र में सहयोग के लिए बाइक-टैक्सी मंच रैपिडो के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दोनों कंपनियां परिवहन व्यवस्था और निर्बाध प्रौद्योगिकी मंच में अपने मजबूत पक्ष को एक साथ लाएंगी। समझौते के तहत कंपनियां दोपहिया और तिपहिया वाहनों दोनों को शामिल करेंगी। इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंडों में विस्तार करेंगी। टीवीएस मोटर कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने कहा, रैपिडो ने कैप्टन्स और राइडर्स का एक मजबूत उपयोगकर्ता आधार बनाया है और आज वह भारत में अग्रणी बाइक-टैक्सी मंच है। हमें विश्वास है कि इस करार से हम टीवीएस इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो से



उच्च गुणवत्ता वाले, कनेक्टेड उत्पादों और हमारे समूह से वित्तपोषण का उपयोग करके गतिशीलता और उच्च-सार्वजनिक खंड में अपनी पहुंच का विस्तार कर सकेंगे। रैपिडो के सह-संस्थापक अरविंद सांक ने कहा, यह गठजोड़ हमें अपनी क्षमताओं को मजबूत करने और हमारे इलेक्ट्रिक बाइक बेड़े का विस्तार करने में मदद करेगी। हमारा उद्देश्य लाखों भारतीयों को परिवहन के एक किफायती, आरामदायक, सुविधाजनक और सुरक्षित वैकल्पिक साधन के माध्यम से यात्रा करने में मदद करना है। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य भारत के सभी प्रमुख शहरों में टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर की उपस्थिति का विस्तार करना है।

# सीतारमण ने निवेशकों को भरोसा दिया, सरकार दूर करेगी हर बाधा

वाशिंगटन, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निवेशकों को भरोसा दिया कि सरकार देश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सभी समस्याओं को दूर करने के लिए हरसंभव उपाए करेगी। उन्होंने मंगलवार को सैन फ्रांसिस्को में भारत की डिजिटल क्रांति में निवेश विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में यह बता कही।

इस दौरान वित्त मंत्री ने निवेशकों की चिंताओं को समझने और उनका समाधान करने का वादा किया। सीतारमण ने कहा कि वह सुझाव लेने, परेशानी की वजह समझने और जहां भी संभव हो, जरूरी उपाए करने के लिए तैयार हैं।

वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने एक बहुत ही सक्रिय स्टार्टअप सेल की स्थापना की है और भारतीय स्टार्टअप में रुचि रखने वालों को विभाग के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में सिलिकॉन वैली के निवेशकों ने कहा कि भारत में यूनिकॉर्न कंपनियां तैयार करने की अपार संभावनाएं हैं।

मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा, वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने डिजिटलीकरण की दिशा में 2023 तक डिजिटल मुद्रा की शुरूआत की घोषणा की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि



वित्तीय समावेशन इसका एकमात्र उद्देश्य नहीं होगा, क्योंकि भारत पहले ही अधिक से अधिक वित्तीय समावेशन की ओर अग्रसर है। इससे पहले दिन में वित्त मंत्री ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के साथ बातचीत की। उनके साथ अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत एस संधू और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन भी थे। सीतारमण ने फिनटेक, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिला सीएक्सओ (मुख्य अनुभव अधिकारी) के साथ एक चर्चा में भी भाग लिया।

## सीतारमण ने पेरुमल गांधी से की मुलाकात

**नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के दौरे पर गयीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को खाद्य स्टार्ट-अप परफेक्ट डे के सह-संस्थापक पेरुमल गांधी से मुलाकात की और देश में उनके (श्री गांधी) के कारोबार के परिचालन को बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की पेशकश की। परफेक्ट डे फूड्स सिलिकॉन वैली की एक प्रमुख सिनबियो/बायोटेक स्टार्ट-अप है. जिसने पशु स्रोत का उपयोग करने की बजाय माइक्रोबियल किण्वन के जरिए दूध प्रोटीन बनाने की तकनीक को विकसित किया है। बायोइंजीनियर्स रयान पांड्या और पेरुमल गांधी ने वर्ष 2014 में कैलिफोर्निया के बर्कले में परफेक्ट डे की शुरूआत की थी।वित्त मंत्री के साथ सैन फ्रांसिस्को में बैठक के दौरान श्री गांधी ने परफेक्ट डे की विकास योजना पर चर्चा की और कंपनी के पैमाने को बढ़ाने तथा मेक इन इंडिया अभियान में शामिल होने के लिए भारत में निवेश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कहा कि परफेक्ट डे पिछले दो वर्षों से ज्यादा समय से भारत में निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा,' हमने बेंगलुरु में अनुसंधान एवं विकास केंद्र शुरू की है। हमने अभी-अभी गुजरात से बाहर एक बड़े अधिग्रहण की घोषणा की है, ताकि भारत से बाहर अपने विनिर्माण केंद्र स्थापित करने में तेजी लाई जा सके।¥ श्री गांधी ने कहा कि बैठक के दौरान श्रीमती सीतारमण ने परफेक्ट डे जैसे स्टार्ट-अप्स को आकर्षित करने के लिए सरकार की ओर से पूरी तरह से सहयोग करने की बात कही।

## पेट्रोल-डीजल में 21 वें दिन भी स्थिरता

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में जारी नरमी के साथ ही देश में बुधवार को लगातार 21वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव का रूख बना रहा। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। अंतराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में हल्की बढ़त दर्ज की गयी। लंदन ब्रेंट क्रूड 0.42 प्रतिशत बढ़कर 105.42 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 101.95 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं।

# एनटीपीसी, एनर्जी वॉल्ट ने गठजोड़ किया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने स्विस कंपनी एनर्जी वॉल्ट के साथ गठजोड़ किया है। यह करार संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के आधार पर गुरुत्वाकर्षण आधारित ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर समाधानों की तैनाती के लिए किया गया है। एक बयान में कहा गया है कि एनटीपीसी ने इस संबंध में एनर्जी वॉल्ट होल्डिंग्स, इंक (एनर्जी वॉल्ट) के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते का उद्देश्य एक संयुक्त व्यवहार्यता अध्ययन के परिणाम के आधार पर एनर्जी वॉल्ट की ईवीएक्स गुरुत्वाकर्षण-आधारित ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर समाधानों की तैनाती के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी कायम करना है। इसके साथ ही यह तकनीक एनर्जी वॉल्ट के गुरुत्वाकर्षण-आधारित ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए मिश्रित ब्लॉकों के निर्माण के लिए कोयले की राख के लाभकारी उपयोग की भी पेशकश करती है। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा, एनर्जी वॉल्ट के साथ सहयोग से एनटीपीसी को समग्र ब्लॉकों के निर्माण के लिए कोयले की राख का उपयोग करके अपने ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह सहयोग अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

## एयर इंडिया ने दिया एयरएशिया इंडिया की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी खरीदने का प्रस्ताव

**बेंगलुरु।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरएशिया इंडिया की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, एयरएशिया इंडिया में टाटा की पहले से ही बहुमत में हिस्सेदारी है। अब उसने सिंगल एयरलाइन बनाने के लिए विलय का प्रस्ताव रखा है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग में दाखिल किए गए एक आवेदन से यह जानकारी मिली है।

**एयरएशिया इंडिया में टाटा संस की है 83.67 फीसदी हिस्सेदारी**

ऑटो से लेकर स्टील तक फैले टाटा समूह ने हाल ही में लगभग 70 सालों के बाद एयर इंडिया के स्वामित्व को फिर से हासिल किया है। उसने सरकार से 2.4 बिलियन डॉलर के इक्विटी-एंड-डेट सौदे में एयर इंडिया को खरीदा है। इसके अलावा, एयरएशिया इंडिया में टाटा संस की 83.67 फीसदी भी हिस्सेदारी है जबकि शेष हिस्सेदारी एयरएशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (एएआईएल) की है। यह मलेशिया के एयरएशिया समूह का हिस्सा है। फिलहाल, दोनों कंपनियां साथ में इसका ऑपरेशन कर रही हैं।

## एयरटेल ने सीनर्जी टेक्नोलॉजीज में 7% हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने अपने एयरटेल स्टार्टअप एक्सेलेरेटर कार्यक्रम के तहत क्लाउड आधारित नेटवर्क समाधान प्रदान करने वाली सीनर्जी टेक्नोलॉजीज की सात प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। एयरटेल ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी को उन लघु और मझोले व्यवसायों (एसएमबी) के लिए अपने नेटवर्क एज-ए-सर्विस (नास) के प्रस्ताव को मजबूत करने में सक्षम करेगा, जो क्लाउड आधारित सेवाओं को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। नवी मुंबई की सीनर्जी सभी तरह के व्यवसायों के लिए क्लाउड पर एकीकृत नेटवर्किंग समाधान संबंधी सुविधा प्रदान करती है। एयरटेल ने आपसी सहमति के आधार पर निकाले गये मूल्यांकन के जरिये यह हिस्सेदारी खरीदी है और गोपनीयता का हवाला देते हुए मूल्यांकन राशि का खुलासा नहीं किया है।

# एयर इंडिया ने एयर एशिया इंडिया के अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने किफायती विमानन सेवा एयरएशिया इंडिया के अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा है और इस प्रस्तावित सौदे के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मांगी है।

एयरएशिया इंडिया में 83.67 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के पास है और बाकी हिस्सेदारी एयरएशिया इंवेस्टमेंट लिमिटेड (एएआईएल) के पास है, जो मलेशिया के एयरएशिया समूह का हिस्सा है।

एयर इंडिया और इसकी सहायक इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस को पिछले साल टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने अधिग्रहित



किया था। इसके अलावा टाटा सिंगापुर एयरलाइंस के साथ संयुक्त उद्यम में एक पूर्ण विमानन सेवा विस्तार का संचालन भी करती है। टाटा समूह का ताजा फैसला अपने विमानन कारोबार को मजबूत करने के प्रयासों का एक हिस्सा है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास दायर एक नोटिस में कहा गया है, प्रस्तावित संयोजन एयर इंडिया लिमिटेड (एआईएल) द्वारा एयरएशिया (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण से संबंधित है।

एक निश्चित सीमा से अधिक हिस्सेदारी के सौदों के लिए सीसीआई की मंजूरी जरूरी है।

एयरएशिया इंडिया ने जून 2014 में उड़ान भरना शुरू किया था और कंपनी देश में अनुसूचित हवाई यात्री परिवहन, एयर कार्गो परिवहन और चार्टर उड़ान सेवाएं मुहैया कराती है। कंपनी किसी भी अंतरराष्ट्रीय उड़ान का संचालन नहीं करती है। नोटिस में कहा गया है कि प्रस्तावित संयोजन से प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में कोई बदलाव नहीं होगा या भारत में प्रतिस्पर्धा पर कोई उल्लेखनीय प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# शेयर बाजार में कमजोरी का रुख, सेंसेक्स 408 अंक तक लुढ़का

नई दिल्ली, एजेंसी

चौबीस घंटे पहले मंगलवार की मजबूती के बाद आज एक बार फिर घरेलू शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार करता नजर आ रहा है। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में तेजड़ियों ने बाजार में कई बार खरीदारी करके सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये दोनों सूचकांक दबाव में ही काम कर रहे हैं। शेयर बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ की और बीच में हुई मामूली लिवाली के बावजूद अभी लगातार लाल निशान में ही कारोबार कर रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 372.93 अंक की कमजोरी के साथ 56,983.68 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की।

शुरूआती कारोबार में बाजार को खरीदारी का सहारा भी मिला, जिसके कारण पहले 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स उछल कर 57,068.30 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद हुई बिकवाली ने इस सूचकांक को दोबारा गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बाजार में रुक रुक कर लिवाली की कोशिश भी हो रही है, लेकिन बिकवाली का दबाव



इतना अधिक है की लिवालों की खरीदारी से सेंसेक्स को कोई ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा है।

लगातार हो रही खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 408.34 अंक की गिरावट के साथ 56,948.27 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 127.45 अंक की कमजोरी के साथ 17,073.35 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी को भी एक बार लिवाली का सपोर्ट मिला, जिसके कारण ये सूचकांक उछल कर 17,110.70 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन उसके बाद हुई बिकवाली ने निफ्टी को वापस नीचे की ओर धकेल दिया। बाजार में रुक रुक कर हो रही लिवाली से निफ्टी को बीच-बीच में सपोर्ट जरूर मिल रहा है, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक लगातार नीचे गिरने की गति ही बनाए हुए है। लगातार हो रही खरीदारी और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 141.90 अंक की गिरावट के साथ 17,058.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

घरेलू शेयर बाजार ने आज प्री ओपनिंग सेशन में भी गिरावट के साथ ही कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 279.31 अंक यानी 0.49 प्रतिशत लुढ़क कर 57,077.61 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 117.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूट कर 17,083.40 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सेंसेक्स 776.72 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की उछाल के साथ 57,356.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 246.85 अंक यानी 1.46 प्रतिशत की छलांग लगाकर 17,200.80 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# मई की शुरूआत में ही 3 दिन बंद रहेंगे बैंक, इसी महीने निपटा लें जरूरी कामकाज

नई दिल्ली, एजेंसी

मई महीने में ईद-उल-फितर, बुद्ध पूर्णिमा और भगवान श्री परशुराम जयंती के कारण करीब 11 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। इन छुट्टियों में वीकेंड भी शामिल हैं। छुट्टी का कैलेंडर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी किया है। उसके मुताबिक बैंक की छुट्टियां राज्य के आधार पर अलग-अलग होती हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिसूचित की जाती हैं। दूसरे और चौथे शनिवार को भी अवकाश के रूप में नामित किया गया है। इनमें 4 हॉलिडे त्योअहारों पर और बाकी रविवार-शनिवार के हैं। बैंकों से संबंधित कामकाज निपटाने के लिए हॉलिडे की तारीख का पहले से पता होना जरूरी है।

**इन दिनों में पड़ेगी छुट्टी**

1 मई-रविवार, 2 मई-रमजान-ईद (ईद-यूआई-फित्रा) (सोमवार): केरल में बैंक बंद रहेंगे।, 3 मई- भगवान श्री परशुराम जयंती/रमजान-ईद (ईद-यूआई-फित्रा)/बसवा जयंती/अक्षय तृतीया (मंगलवार): केरल को छोड़कर पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

8 मई-रविवार, 9 मई-रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिन (सोमवार): बंगाल में बैंक बंद रहेंगे।, 14 और 15 मई - शनिवार और रविवार।, 16 मई- बुद्ध पूर्णिमा (सोमवार): त्रिपुरा, बेलापुर, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, नई दिल्ली में बैंक बंद रहेंगे। 22 मई- रविवार, 28 मई - शनिवार 29 मई - रविवार, इसके बाद के महीनों में भी बैंकों में हॉलिडे पड़ेगा। मसलन, वीकेंड को छोड़ दें तो जून में 14 जून को संत गुरु कबीर जयंती पर छुट्टी रहेगी। वहीं जुलाई में 10 जुलाई को बकरीद है, उस दिन की छुट्टी रहेगी। बैंक भी बंद रहेंगे। 9 अगस्त को मुहर्रम के मौके पर बैंकों में छुट्टी होगी। 12 अगस्त को रक्षाबंधन, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को पारसी न्यू ईयर, 19 अगस्त को जन्माष्टमी और 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी के मौके पर बैंकों में अलग-अलग राज्यों में छुट्टी होगी।

## तैयार इस्पात का निर्यात 2021-22 में बढ़कर 1.35 करोड़ टन पर : कुलस्ते

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि बीते वित्त वर्ष में देश से तैयार इस्पात का निर्यात बढ़कर 1.35 करोड़ टन पहुंच गया। मूल्य के हिसाब से यह एक लाख करोड़ रुपये का रहा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 में इस्पात निर्यात 1.07 करोड़ टन था। मेटालॉजिक पीएमएस की तरफ से स्टील और इंजीनियरिंग निर्यात पर आयोजित कार्यक्रम में इस्पात मंत्री कुलस्ते कहा, देश ने 2021-22 के दौरान एक लाख करोड़ रुपये मूल्य का 1.35 करोड़ टन इस्पात का निर्यात किया। जबकि 46,000 करोड़ रुपये के इस्पात का आयात किया गया। उन्होंने कहा कि भारत से वस्तुओं का निर्यात का मूल्य 420 अरब डॉलर रहा।

## इंडोनेशिया से जारी रहेगा कच्चे पाम तेल का आयात

**नई दिल्ली।** भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि इंडोनेशिया ने कच्चे पाम तेल के निर्यात पर रोक नहीं लगाई है। इंडोनेशिया के कृषि मंत्रालय ने यह साफ कर दिया कि कच्चे पाम तेल को निर्यात प्रतिबंध की सूची में शामिल नहीं किया गया है। बीते दिनों यह खबर आ रही थी कि इंडोनेशिया पाम ऑयल निर्यात पर पाबंदी लगाने की सोच रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि इसके बावजूद भारतीय बाजार में खाद्य तेल की कीमतों में निकट भविष्य में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि इंडोनेशिया से भले ही कच्चे पाम तेल के निर्यात पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी कर दी गई है जिसका असर कच्चे पाम तेल के दाम पर भी पड़ेगा। रिफाइंड, ब्लेंड और डियोडोराइज्ड (आरबीडी) पाम आयल के निर्यात पर पर प्रतिबंध रहेगा। एफएमसीजी कंपनियों की लागत पर भी इंडोनेशिया के फैसले का असर होगा। क्रिसिल रिसर्च के डायरेक्टर पुशन शर्मा के मुताबिक इंडोनेशिया के फैसले का फायदा यह होगा कि भारत में कच्चे पाम तेल को रिफाइन करने वाली यूनिट की सक्रियता बढ़ेगी और उत्पादन का यह काम घरेलू स्तर पर होने लगेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रूस के हमले के कारण यूक्रेन फुटबॉल लीग ने सत्र के समापन की घोषणा की

कीव। रूस के हमले के कारण कोई भी मुकाबले नहीं खेले जाने के कारण यूक्रेन प्रीमियर लीग फुटबॉल सत्र को आधिकारिक रूप से समाप्त घोषित कर दिया। लीग ने क्लबों से वीडियो कांफ्रेंस करने के बाद कहा कि 24 फरवरी के बाद तालिका में सभी टीमों की स्थिति अंतिम घोषित की जायेगी क्योंकि रूस के हमले के कारण चैम्पियनशिप पूरी नहीं करायी जा सकती। रूस ने 24 फरवरी को हमला शुरू किया था जिसके बाद मैच निलंबित कर दिये गये थे। लीग ने कहा कि कोई भी आधिकारिक पुरस्कार नहीं दिया जायेगा। इस फैसले को यूक्रेन फुटबॉल संघ ने भी मंजूरी दी। जब रूस ने हमला किया था तो शखतार दोनेत्स्क तालिका में शीर्ष पर था।

### मैक्सिको ओपन में भाग लेंगे लाहिड़ी और अटवाल

वालार्टा (मेक्सिको)। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी और अर्जुन अटवाल इस सप्ताह यहां विदांत वालार्टा में होने वाले पहले मैक्सिको ओपन गोल्फ टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने प्लेयर्स चैंपियनशिप जीतने के बेहद करीब पहुंचने वाले लाहिड़ी ने विश्व रैंकिंग के फिर से शीर्ष 100 में जगह बना ली है। अटवाल पीजीए टूर में जीत दर्ज करने वाले एकमात्र भारतीय हैं लेकिन उन्होंने यह उपलब्धि 2010 में हासिल की थी। अटवाल ने पिछले हफ्ते ज्यूरिख क्लासिक में वापसी की थी। यह बरमूडा चैंपियनशिप के बाद इस सत्र में उनकी टूर स्तर पर पहली प्रतियोगिता थी। अटवाल उसमें कट से चूक गये थे।

### स्लेटर मानसिक स्वास्थ्य कारणों से घरेलू हिंसा के आरोपों से बरी

सिडनी। सिडनी की एक स्थानीय अदालत ने आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज माइकल स्लेटर को मानसिक स्वास्थ्य कारणों के आधार पर बुधवार को घरेलू हिंसा के आरोपों से बरी कर दिया। मजिस्ट्रेट रॉस हडसन ने स्लेटर को चिकित्सक की देखरेख में 12 महीने तक उपचार करवाने के निर्देश दिये। न्यू साउथ वेल्स राज्य पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद टेलीविजन कमेंटेटर के रूप में काम करने वाले 52 वर्षीय स्लेटर पर पिछले साल अक्टूबर में अपनी पूर्व साथी का पीछा करने और उसे डराने-धमकाने का आरोप लगाया था। स्लेटर ने बाद में अपनी पूर्व साथी को फोन करके और संदेश भेजकर आदेश का उल्लंघन किया था। दिसंबर में उन्हें जमानत दी गयी जिसकी एक शर्त मानसिक स्वास्थ्य की जांच करवाना था। स्लेटर बुधवार को वेवरली की स्थानीय अदालत में पेश नहीं हुए।

### डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप चरण में आमने-सामने होंगे सर्बिया और स्पेन

मैड्रिड। सर्बिया और स्पेन डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप चरण में एक दूसरे से भिड़ेंगे जिसका मतलब है कि नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के बीच मुकाबला हो सकता है। सर्बिया और स्पेन को कनाडा और दक्षिण कोरिया के साथ ग्रुप बी में रखा गया है जिसके मैच वेलेंसिया में 14-18 सितंबर के बीच खेले जाएंगे। नडाल पिछले साल स्पेन के लिए नहीं खेले थे जबकि जोकोविच ने सर्बिया को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। ग्रुप ए के मैच बोलोग्ना में आयोजित किये जाएंगे। ड्रा के अनुसार ग्रुप ए में पिछले साल का उप विजेता क्रोएशिया, इटली, अर्जेंटीना और स्वीडन शामिल हैं।

### अभिषेक शर्मा ने जड़ी तूफानी फिफ्टी, राशिद खान पर जमकर बरसे

# सनराइजर्स हैदराबाद ने गुजरात के सामने रखा 196 रनों का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी**



आईपीएल की दो सबसे मजबूत टीमें सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला गया। गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया है। हैदराबाद के लिए मार्को येन्सन और शशांक सिंह क्रीज पर हैं। 19 ओवर में स्कोर 170/6 है। मैच में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 42 गेंद में 65 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 छक्के और 2 चौके निकले। उनका स्ट्राइक रेट 154.76 का था। उन्होंने राशिद खान को मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया।

अभिषेक को अल्जारी जोसेफ ने बोल्ड किया। वहीं, राशिद खान की अभिषेक ने जमकर क्लास लगाई। मैच में राशिद ने 4 ओवर में 45 रन दिए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। मार्करम का पराक्रम मैच में एडेन मार्करम ने 40 गेंद में 56 रन की शानदार पारी खेली। उनके बल्ले से 6 चौके और 3 छक्के निकेल। उनका स्ट्राइक रेट 140 का था। मार्करम का आईपीएल में ये चौथा अर्धशतक है। केन विलियमसन के आउट होने के बाद मार्करम बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ हैदराबाद की पारी को संभाला। साउथ अफ्रीका के इस बल्लेबाज को गुजरात की युवा सनसनी यश दयाल ने आउट किया।

हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन को मोहम्मद शमी ने दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर क्लीन बोल्ड कर दिया। गेंद तेजी से अंदर आई और ऑफ स्टंप पर लगी, विलियमसन ऑन ड्राइव लगाना चाहते थे, लेकिन बल्ले और पैड के बीच गैप के कारण वो बोल्ड हो गए। इसके बाद उन्होंने राहुल त्रिपाठी और निकोलस पूरन को भी चलता किया। चौथे ओवर में पहले उनकी गेंद पर त्रिपाठी ने 1 छक्का और दो लगातार चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें छइह आउट कर पवेलियन भेज दिया। वहीं, आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने की सोच रहे पूरन को शमी ने सिर्फ 3 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया।

**स्कोरकार्ड**

हैदराबाद 195/6 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा<br>बोल्ड अल्जारी जोसफ | 65 | 42 | 6 | 3 |
| केन विलियमसन<br>बोल्ड मोहम्मद शमी | 5 | 8 | 1 | 0 |
| राहुल त्रिपाठी<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड मोहम्मद शमी | 16 | 10 | 2 | 1 |
| एडेन मार्करम<br>कॉट डेविड मिलर बोल्ड यश दयाल | 56 | 40 | 2 | 3 |
| निकोलस पूरन<br>कॉट शुभमन गिल बोल्ड मोहम्मद शमी | 3 | 5 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर<br>रन आउट (अल्जारी जोसफ) | 3 | 4 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह<br>नाबाद | 25 | 6 | 1 | 3 |
| मार्को येन्सन<br>नाबाद | 8 | 5 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त | 14 Runs (B: 0, LB: 0, WD: 14, NB: 0 | | | |
| कुल | 195/6 (20.0/) (RR: 9.75) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W | Econ |
|---|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 4 | 0 | 39 | 3 | 9.75 |
| यश दयाल | 4 | 0 | 24 | 1 | 6.00 |
| अल्जारी जोसफ | 4 | 0 | 35 | 1 | 8.75 |
| राशिद खान | 4 | 0 | 45 | 0 | 11.25 |
| लॉकी फर्ग्यूसन | 4 | 0 | 52 | 0 | 13.00 |

# मुंबई इंडियंस के कोच ने की नियमों में बदलाव की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने आईपीएल नियमों में बदलाव की मांग की है। उनका कहना है कि तकनीक का बेहतर उपयोग करने के लिए वीडियो अंपायर और मैदानी अंपायरों के बीच अधिक तालमेल होना चाहिए। इसके लिए अगर नियमों में कोई बदलाव करना पड़े, तो वे इसके साथ हैं। श्रीलंका के पूर्व कप्तान जयवर्धने का यह बयान पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच में हुए नो बॉल विवाद के संबंध में आया है।

मैच के (आईपीएल 2022) अंतिम ओवर में मैदानी अंपायर ने एक फुलटॉस गेंद को नो बॉल नहीं दी थी। इसके बाद काफी विवाद हुआ था। इस कारण दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत के एक मैच की सैलरी तक काटी गई और असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे को एक मैच के लिए बैन किया गया। महेला जयवर्धने ने आईसीसी के एक कार्यक्रम में कहा कि इस तरह की घटना आगे भी हो सकती है। हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। क्या कोई ऐसा विकल्प है कि तीसरा अंपायर इन चीजों पर नजर रखे और मैदानी अंपायर को बताए कि इस बॉल को चेक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि आप खेल रोक देते हो और लोग मैदान पर आ जाते हैं। आमरे का मैदान में उतरना खेल के लिए अच्छा नहीं था। यह खेल की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि नियम कहते हैं कि आप इन चीजों को चेक करने के लिए तीसरे अंपायर तक नहीं जा सकते हैं। किसी खिलाड़ी या कोच के लिए मैदान पर आने का विकल्प नहीं होता। बतौर कोच टाइम आउट के दौरान ही उसे मैदान पर आने का मौका मिलता है। यही वह समय होना चाहिए, जब कोच या कोई और मैदान पर आए। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी टीम के साथ इस घटना पर चर्चा की और उन्हें मैच के दौरान अपने दायित्वों के बारे में बताया।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप: साइना जीती

**मनीला (फिलिपीन्स), एजेंसी**



**शिकस्त**

- चोट के बाद वापसी कर रही साइना ने दक्षिण कोरिया की सिम यूजिन को 21-15 17-21 21-13 से शिकस्त दी

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशियाई चैंपयिनशिप में अपना पहला दौर का मैच जीता लेकिन लक्ष्य सेन और बी साई प्रणीत हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। चोट के बाद वापसी कर रही साइना ने दक्षिण कोरिया की सिम यूजिन को 21-15 17-21 21-13 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता लक्ष्य हालांकि चीन के गैरवरीय ली शी फेंग के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। पांचवें वरीय भारतीय खिलाड़ी को पुरुष एकल के 56 मिनट तक चले मुकाबले में फेंग के खिलाफ 21-12 10-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत को भी पहले दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 17-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी। आकर्षि कश्यप भी महिला एकल में जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के खिलाफ 15-21 9-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

अश्विनी भट के और शिखा गौतम तथा सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की महिला युगल जोड़ी भी सीधे गेम में हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गईं। अश्विनी और शिखा को अना चिंग यिक चियोंग और तियोह मेइ शिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सिमरन और रितिका को पियरी टेन और मुरलीथरन थिन्नाह की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

आज पीवी सिंधू, मालविका बंसोड़ और किदांबी श्रीकांत भी एकल मुकाबलों में उतरेंगे।

# सैमसन अच्छी फॉर्म और राष्ट्रीय टीम में वापसी के मौके गंवा रहा है : बिशप

**मुंबई, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में प्रभावशाली पारियां नहीं खेलकर अच्छी फॉर्म और भारतीय टी20 टीम में वापसी के लिये मजबूत दावा पेश करने का मौका गंवा रहे हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज अब भी भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाया है। आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन से उन्हें टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये मजबूत दावा पेश करने में मदद मिल सकती है। बिशप ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टी20 टाइम आउट पर कहा, जब जोस बटलर बड़ा स्कोर नहीं बना पाते हैं तब संजू के पास रन बनाने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिये मजबूत दावा पेश करने का अच्छा मौका होता है लेकिन वह इन अवसरों को बर्बाद कर रहा है। सैमसन जब लय में होते हैं तो उनका खेल आकर्षक होता है लेकिन वह निरंतर एक जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तथा वह उस तरह की प्रभावशाली पारी नहीं खेल रहे हैं जैसी कि उनसे उम्मीद की जाती है। उन्होंने भारत की तरफ से आखिरी टी20 मैच फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। बटलर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में जल्दी आउट हो गये थे और ऐसे में सैमसन के पास मौका था। वह लय में भी दिख रहे थे लेकिन उन्होंने 27 रन बनाने के बाद श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में अपना विकेट इनाम में दिया। बिशप ने कहा, ऐसा नहीं है कि संजू फॉर्म में नहीं है। लेकिन वह आसानी से अपना विकेट गंवा रहा है। मैं संजू सैमसन का प्रशंसक हूं, (लेकिन) वह शॉट चयन के कारण अपनी अच्छी फॉर्म बर्बाद कर रहा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को लगता है कि सैमसन के लिये बल्लेबाजी आसान लगती है और ऐसे में वह बहुत सी चीजें आजमाने की कोशिश करते हैं।

# टीसीएस विश्व 10के में हिस्सा लेंगे विश्व चैंपियन इदरीस और ओबीरी

**बेंगलुरू, एजेंसी**

गत 5000 मीटर विश्व चैंपियन इथोपिया के मुकतार इदरीस और कीनिया की हेलेन ओबीरी टीसीएस विश्व 10 के (10 किमी) में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसका आयोजन तीन साल बाद यहां 15 मई को किया जाएगा। दो बार के गत विश्व चैंपियन इदरीस बेंगलुरू में होने वाली इस प्रतियोगिता का इस्तेमाल विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए करेंगे। वह विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाला सिर्फ दूसरा पुरुष खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। इदरीस पहली बार भारत में 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में नजर आए थे। विश्व हाफ मैराथन के पूर्व रिकॉर्ड धारक कीनिया के किबिवोट केंडी भी बेंगलुरू में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। केंडी का 10 किमी का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 26 मिनट 51 सेकेंड है जो बेंगलुरू में प्रतियोगिता रिकॉर्ड से लगभग एक मिनट बेहतर है। इसके अलावा इथोपिया के 20 साल के ताडेस वोर्कु का 10 किमी का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 27 मिनट से कम है। उन्होंने पिछले साल सितंबर में 26 मिनट 56 सेकेंड का समय लिया था। इससे कुछ महीने पहले उन्होंने विश्व अंडर-20 में 3000 मीटर खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग के ओबीरी भारत में पदार्पण करेंगी। इदरीस की तरह वह भी विश्व चैंपियनशिप की 5000 मीटर स्पर्धा में दो बार की गत चैंपियन हैं। उन्होंने रियो और तोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में 5000 मीटर में रजत पदक जीते। इदरीस और ओबीरी दोनों की नजरें टीसीएस विश्व 10 के में कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर टिकी होंगी। इस प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि दो लाख 10 हजार डॉलर है। पुरुष और महिला दोनों वर्ग के चैंपियन को 26 हजार डॉलर मिलेंगे।

# अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगे दिल्ली कैपिटल्स और नाइट राइडर्स

**मुंबई, एजेंसी**



**गेंदबाज**

- केकेआर के गेंदबाजों को उनके सामने सतर्क रहना होगा

दिल्ली कैपिटल्स की टीम पिछले मैच के नोबॉल विवाद को भुलाकर वापसी के लिये बेताब एक अन्य टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आज यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में आवश्यक लय हासिल करने की कोशिश करेगी। दिल्ली को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से 15 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

यह मैच ऊंची फुलटॉस को नोबॉल न दिये जाने के विवाद के कारण चर्चा में रहा जिसके बाद दिल्ली के सहायक कोच प्रवीण आमरे पर एक मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया था। उसके मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पृथकवास पर रहते हुए यह करीबी मैच देखा था। उनकी अब वापसी हो गयी है और उन्हें उम्मीद है कि टीम टूनार्मेंट के दूसरे चरण में जरूरी लय हासिल करने में सफल रहेगी। दिल्ली सात मैचों में तीन जीत से अंकतालिका में सातवें स्थान पर है जबकि केकेआर ने अपने पिछले चार मैच गंवाये हैं और वह आठवें स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी मजबूत है जिसमें डेविड वार्नर, पृथ्वी सॉव, ऋषभ पंत और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ी हैं। केकेआर के गेंदबाजों को उनके सामने सतर्क रहना होगा। वार्नर लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद रॉयल्स के खिलाफ नहीं चल पाये थे और वह फिर से बड़ी पारी खेलने के लिये बेताब होंगे। पृथ्वी को भी अपनी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। दिल्ली ने सरफराज खान को तीसरे नंबर पर आजमाया लेकिन वह नाकाम रहे। यह देखना होगा कि टीम उन पर फिर से भरोसा दिखाती है या नहीं। कप्तान पंत और तीनों ऑलराउंडर ललित यादव, शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल को अहम भूमिका निभानी होगी। पंत अकेले दम पर किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं, लेकिन वह अभी तक अपनी क्षमता के साथ उचित न्याय नहीं कर पाये हैं। पॉवेल ने पिछले मैच में छक्के जड़ने की अपनी क्षमता का अच्छा परिचय दिया था। दिल्ली के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें पिछले मैच में जोस बटलर के हाथों हुई धुनाई को भूलना होगा।

खलील अहमद शुरू में ही विकेट ले रहे हैं और मुस्ताफिजुर रहमान ने उनका अच्छा साथ दिया है। कुलदीप यादव ने मौकों को अच्छी तरह से भुनाया है, वहीं अन्य स्पिनर अक्षर और ललित ने भी अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। इन तीनों ने मिलकर अभी तक 20 विकेट लिये हैं और ऐसे में उनके 12 ओवर महत्वपूर्ण होंगे। जहां तक केकेआर का सवाल है तो उसे अपना संयोजन सही करने की जरूरत है। उसके कप्तान श्रेयस अय्यर सहित सभी बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# दिल्ली कैपिटल्स अनुकूल नतीजे हासिल करने के लिये बहुत अच्छी टीम : रिकी पोंटिंग

**मुंबई, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान फिर से पटरी पर लाने के लिये थोड़ी लय की जरूरत है क्योंकि उनकी टीम इतनी अच्छी है कि नतीजे उसके अनुकूल आएंगे। दिल्ली की टीम इस सत्र के पहले सात मैचों में तीन जीत और चार हार के बाद अभी अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पोंटिंग ने सत्र के पहले चरण के बारे में कहा, मैंने इस साल पहले भी ऐसा कहा था कि 36 या 37 ओवर हम अच्छा खेल दिखाते हैं लेकिन केवल दो या तीन ओवरों में ढिलाई बरत देते हैं।

उन्होंने कहा, यही समस्या मैच में अंतर पैदा कर रही है। हम न केवल सत्र के पहले चरण के परिणामों को बदलने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं बल्कि आगे बढ़ने के राह बनाने की कोशिश में भी लगे हैं। हमारा सफर अब तक कभी जीत, कभी हार और फिर जीत रहा है। लिहाजा, हमें थोड़ी सी लय हासिल करने की जरूरत है। पोंटिंग ने कहा कि खिलाड़ियों को दूसरे चरण में सहज होकर खेलना होगा क्योंकि उनकी टीम अच्छी है और वह अनुकूल परिणाम हासिल कर सकती है।

उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि हम चीजों का रुख मोड़ने के बहुत करीब हैं। हम सभी को भरोसा करना है, हमें विश्वास करना है, हमें उत्साहित रहना है और सकारात्मक बने रहना है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे, तो निश्चित रूप से हमारे लिये चीजें बदल जाएंगी। पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आज होने वाले मैच से पहले कहा, हम यहां से जितने कड़े प्रयास करेंगे, उतना ही आगे बढ़ेंगे। हमें सहज होकर आगे बढ़ना है। हम जो कुछ अच्छा कर रहे हैं यदि उन्हें दोहराते रहे तो हमें सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिये हमारी टीम बहुत अच्छी है।

अपने परिवार के एक सदस्य के कोविड-19 पॉजिटिव पाये जाने के बाद पोंटिंग एहतियात के तौर पर पांच दिन के अनिवार्य पृथकवास पर चले गये थे। अब वह फिर से टीम से जुड़ गये हैं। उन्होंने कहा, मैं फिर से बाहर वापस आकर काफी राहत महसूस कर रहा हूं। वास्तव में मैं पिछले पांच दिन से खेल की कमी महसूस कर रहा था। इस दौरान खेल में कुछ चीजें अच्छी नहीं हुईं। हमें पिछले मैच के आखिर में नाटकीय स्थिति से गुजरना पड़ा था। लेकिन, फिर से टीम से जुड़कर अच्छा लग रहा है।

# इंग्लैंड को मिला नया टेस्ट कप्तान, भारत को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाला दिग्गज बनेगा कोच

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इंग्लैंड का नया टेस्ट कप्तान लगभग तय हो गया है। बेन स्टोक्स नई जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हो गए हैं। पिछले दिनों जो रूट ने टेस्ट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के नए डायरेक्टर रॉब की के साथ बैठक के बाद स्टोक्स ने इस पर सहमति दे दी है। इंग्लिश बोर्ड जल्द नए टेस्ट कप्तान की घोषणा कर सकता है।

इस बीच स्टोक्स ने अपनी प्राथमिकताएं भी बता दी हैं। वे 2 सीनियर तेज गेंदबाज जेम्स एंडसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को फिर से टीम में वापस लाना चाहते हैं। मालूम हो कि एशेज सीरीज में दोनों को खेलने का मौका कम ही मिला। इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए दोनों को टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम को एशेज सीरीज में बड़ी हार भी मिली थी। बेन स्टोक्स इंग्लैंड के नए कप्तान की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। इसके अलावा टेस्ट के नए कोच के रूप में गैरी कर्स्टन और साइमन कैटिच सबसे आगे हैं। कर्स्टन की ही कोचिंग में टीम इंडिया ने 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. ईसीबी ने टेस्ट और लिमिटेड ओवर दोनों के कोच के लिए अलग-अलग आवेदन निकाला है। हालांकि स्टोक्स को टेस्ट में कप्तानी करने का अनुभव नहीं है।

# ईसीबी ने सीमित ओवरों और टेस्ट प्रारूप के अलग-अलग कोच के लिए विज्ञापन दिया

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड की टीम अलग प्रारूप में अलग कोच की ओर वापसी करने की ओर बढ़ रही है क्योंकि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नए प्रबंध निदेशक रॉब की ने पहला बड़ा फैसला करते हुए दो नए मुख्य कोच के लिए विज्ञापन दिया है।

अलग प्रारूप में अलग कोच की उम्मीद की जा रही थी क्योंकि रॉब कमेंटेटर के रूप में काम करते हुए ऐसा करने की वकालत कर चुके हैं। विज्ञापन के अनुसार दोनों कोच सीधे रॉब के अंतर्गत काम करेंगे। वे कुशल रणनीतिकार होने चाहिए जिनकी स्पष्ट और महत्वाकांक्षी योजना होनी चाहिए कि वे भविष्य में इंग्लैंड की टीम को सफलता कैसे दिलाएंगे। मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख छह मई है। इसी महीने इंग्लैंड के नए प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए पूर्व टेस्ट बल्लेबाज रॉब साक्षात्कार का पहला दौर नौ और 10 मई को शुरू करेंगे। इससे पहले 2012 और 2014 के बीच इंग्लैंड के दो अलग कोच थे और तब एंडी फ्लावर टेस्ट टीम जबकि एशले जाइल्स टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। आस्ट्रेलिया में एशेज हार के बाद बर्खास्त किए गए क्रिस सिल्वरवुड व्यस्त कार्यक्रम के कारण सीमित ओवरों की कई श्रृंखला का हिस्सा नहीं थे। गैरी कर्स्टन, ग्राहम फोर्ड और साइमन कैटिच राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के संभावित दावेदार हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला गंवाने के बाद जो रूट ने टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद आलराउंडर बेन स्टोक्स इस पद के प्रबल दावेदार हैं। संभावना है कि रॉब इस हफ्ते स्टोक्स को कप्तान बनाने की पुष्टि कर सकते हैं। रॉब आज लार्ड्स में औपचारिक रूप से मीडिया से मिलेंगे। इंग्लैंड को अगली टेस्ट श्रृंखला न्यूजीलैंड से दो जून से खेलनी है जबकि टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला में नीदरलैंड से भिड़ेगी।

# मुंबई सिटी ने एसीएल में एतिहासिक अभियान जीत से समाप्त किया

**रियाद, एजेंसी**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम मुंबई सिटी एफसी ने यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में इराक के क्लब एयर फोर्स क्लब को 1-0 से हराकर एएफसी चैम्पियंस लीग (एसीएल) में अपना एतिहासिक अभियान जीत से समाप्त किया। मुंबई सिटी के लिये डिएगो मौरिसियो ने 31वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को मंगलवार की रात पूरे तीन अंक दिलाये।

इस महाद्वीपीय शीर्ष स्तर की क्लब प्रतियोगिता में यह मुंबई सिटी एफसी की दूसरी जीत है जबकि टीम इसमें पदार्पण कर रही है। मुंबई की टीम ने डबल राउंड-रॉबिन ग्रुप लीग के पहले मैच में इसी प्रतिद्वंद्वी टीम पर 2-1 से जीत दर्ज की थी। मुंबई सिटी ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही जो एक उपलब्धि है। उसके छह मैचों में सात अंक रहे। टीम ने संयुक्त अरब अमीरात की अल जजीरा टीम के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला था।

लेकिन कोच डेस बकिंघम की मुंबई सिटी राउंड 16 में जगह बनाने से चूक गयी क्योंकि वह सभी पांच ग्रुप में दूसरे स्थान पर काबिज तीन सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक नहीं बन सकी। पांच ग्रुप की विजेता टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ तीन टीमें राउंड 16 के लिये क्वालीफाई करती हैं। एयर फोर्स क्लब ने इस मुकाबले से पहले अल जजीरा के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की थी जबकि मुंबई की टीम को पिछले मैच में सऊदी अरब की अल शबाब से 0-6 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### रूस ने पोलैंड और बुल्गारिया प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोकी

मास्को। रूस ने पोलैंड और बुल्गारिया को बुधवार से अपनी प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बंद कर दी है। रूस ने यह कदम दोनों देशों द्वारा प्राकृतिक गैस के लिए रूबल में भुगतान करने से इनकार करने के बाद उठाया है। पोलैंड की सरकारी गैस कंपनी पीजीएनआईजी ने कहा, गजप्रोम ने 26 अप्रैल को पीजीएनआईजी को इस बात की जानकारी दी। गजप्रोम ने बताया कि वह 27 अप्रैल को अनुबंध दिवस को यमल अनुबंध के तहत आपूर्ति को पूरी तरह से निलंबित कर देगी। सीएनएन न्यूज चैनल के अनुसार नवीनतम घोषणा ने मंगलवार को अमेरिकी प्राकृतिक गैस वायदा को लगभग तीन प्रतिशत उछाल दिया। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक रूस की दिग्गज ऊर्जा कंपनी गजप्रोम ने हालांकि अभी तक पुष्टि नहीं की है कि पोलैंड को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक दी गई है।

### मुख्तार अंसारी की 5.10 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति कुर्क

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में जिला प्रशासन ने बुधवार को कुख्यात आईएस 191 गैंग के सरगना और पूर्व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की पांच करोड़ रुपये से अधिक कीमत की एक बेनामी संपत्ति को शासन के अधीन कुर्क कर लिया। जिला प्रशासन की ओर से जारी बयान के अनुसार गाजीपुर के जिलाधिकारी ने गाजीपुर पुलिस की जांच रिपोर्ट के पर विचारोपरांत गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई की है। इसमें बताया गया कि कुर्क की गयी संपत्ति गाजीपुर में मोहल्ला बबेडी स्थित व्यवसायिक भूमि पर स्थित है। राजस्व विभाग के रिकार्ड में यह संपत्ति मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद और सरजील रजा के नाम दर्ज है। बयान में बताया गया कि संपत्ति की कुर्की के आदेश के क्रम में आज 27 अप्रैल को गाजीपुर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उक्त भूमि की कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। बबेडी स्थित इस भूमि का क्षेत्रफल 0.3134 हेक्टेयर है एवं इसका बाजारू मूल्य लगभग 5 करोड़ 10 लाख रुपये है। इस कुर्की को मिलाकर अब तक गाजीपुर पुलिस एवं प्रशासन ने मुख्तार अंसारी कि लगभग 65 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्की कर ली है। साथ ही मुख्तार अंसारी गैंग से सबंधित लगभग 109 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है।

### सूडान में हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या 200 के पार : अधिकारी

काहिरा। सूडान के पश्चिम डरफुर क्षेत्र में कबायली अरबियों और गैर अरबियों के बीच सप्ताहांत में हुई झड़पों में मृतकों की संख्या 200 के पार चली गयी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी डरफुर के प्रांतीय गवर्नर खमिस अब्दल्ला अबकर ने बताया कि क्रेनिक शहर में रविवार को हुई झड़पों में कम से कम 103 अन्य लोग घायल भी हुए। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने शहर में एक संयुक्त सुरक्षा बल पर हमला कर दिया। अबकर ने वीडियो संदेश में कहा, यह अपराध है, मानवता के खिलाफ अपराध है। उन्होंने बताया कि सरकारी प्रतिष्ठानों समेत शहर को नष्ट कर दिया गया है। हाल के वर्षों में सबसे जानलेवा झड़पों में से एक ये झड़प बृहस्पतिवार को जिनेना से करीब 80 किलोमीटर दूर क्रेनिक के बाहर दो अरब चरवाहों की हत्या के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इसके बाद जनजवीद के नाम से पहचाने जाने वाले अरब मिलिशिया बड़ी संख्या में रविवार तड़के भारी हथियारों के साथ शहर में घुस गए।

# पाकिस्तान की अदालत ने 14 अरब रुपयों के धन शोधन मामले में शहबाज शरीफ की अग्रिम जमानत अवधि बढ़ाई

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने 14 अरब रुपये के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे व पंजाब के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हमजा शहबाज की अग्रिम जमानत की अवधि बुधवार को 14 मई तक बढ़ा दी।

अदालत के एक अधिकारी ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की लाहौर स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को शहबाज के आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें एक दिन के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी गई थी। हालांकि, अदालत ने प्रधानमंत्री को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, अन्यथा वह अगली सुनवाई पर 14 मई को अभियोग की कार्यवाही शुरू करेगा।

**हमजा शरीफ हालांकि अदालत में पेश हुए।**

अधिकारी ने कहा कि अदालत ने शहबाज के वकील एडवोकेट अमजद परवेज को उनके इस दावे पर 14 मई को अदालत के समक्ष दलीलें पेश करने का निर्देश दिया कि उनके मुवक्किल को इस मामले में आरोपित नहीं किया जा सकता है।

शहबाज सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। शहबाज और उनके बेटों-हमजा और सुलेमान -पर एफआईए ने नवंबर 2020 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धन शोधन निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। सुलेमान फरार है और ब्रिटेन में रह रहा है।

एफआईए की जांच में कथित तौर पर शहबाज



परिवार के 28 बेनामी खातों का पता चला है, जिसके माध्यम से 2008 से 2018 तक 14 अरब पाकिस्तानी रुपये (7.5 करोड़ अमरीकी डॉलर) की राशि का हेरफेर किया गया था।

आरोपों के मुताबिक एफआईए ने 17,000 जमा लेनदेन की जांच की। आरोपों के अनुसार, राशि को गोपनीय खातों में रखा गया था और शहबाज को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में दिया गया था।

इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल ओमर सरफराज चीमा को, या तो खुद या किसी नामांकित व्यक्ति के माध्यम से, 28 अप्रैल तक निर्वाचित मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को शपथ दिलाने की प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया।

हमजा 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री चुने गए थे। हमजा और उनकी पार्टी ने शपथ ग्रहण में देरी के लिए अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया।

## अमेरिका के साथ शत्रुता नहीं रख सकता पाकिस्तानः शरीफ

इस्लामाबाद, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा, पाकिस्तान अमेरिका के साथ किसी कीमत पर शत्रुता नहीं रख सकता।
- शरीफ ने कहा कि धरना-प्रदर्शन हर व्यक्ति का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन किसी को भी सड़क पर अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश अमेरिका के साथ शत्रुता नहीं रख सकता है।

स्थानीय अखबार द डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, श्री शरीफ ने मंगलवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें खेद है कि पूर्ववर्ती तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार ने चीन, सऊदी अरब, कतर और अमेरिका सहित उन कई देशों को नाराज किया था, जिन्होंने मुश्किल समय में पाकिस्तान की सहायता की थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, पाकिस्तान अमेरिका के साथ किसी कीमत पर शत्रुता नहीं रख सकता।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के बीच अविश्वास को खत्म करने की आवश्यकता है और दोनों देशों को यह देखने की जरूरत है कि क्या उन्होंने अतीत में कोई गलती की है। पीटीआई सदस्यों को संसद में वापस लाने के बारे में पूछे गये सवाल पर श्री शरीफ ने कहा कि उनके इस्तीफे की जांच कर यह पता लगाना जरूरी है कि किसने अपनी मर्जी से इस्तीफा दिया है और किसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की इस्लामाबाद तक परेड निकालने की धमकी के बारे में श्री शरीफ ने कहा कि धरना-प्रदर्शन हर व्यक्ति का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन किसी को भी सड़क पर अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## ब्रिटेन, ईयू ने मस्क को दी चेतावनी, नियमों का पालन करें या प्रतिबंधों का सामना करें

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने श्री एलन मस्क की माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर को चेतावनी दी है कि वह सामग्री नियमों का पालन करने या जुमार्ना और पूर्ण प्रतिबंध जैसी पाबंदियों का सामना करने के तैयार रहे। ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ ने ट्विटर को यह चेतावनी ट्विटर पर अभद्र भाषा में वृद्धि पर चिंता के बीच दी है।

ब्रिटिश सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, ट्विटर और सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपने उपयोगकताओं को अपनी साइटों पर नुकसान से बचाना चाहिए। हम बच्चों की सुरक्षा, अपमानजनक व्यवहार को रोकने और स्वतंत्र रूप से बोलने की आजादी की रक्षा के लिए नए ऑनलाइन सुरक्षा कानून पेश कर रहे हैं। ब्रिटेन में उपयोगकताओं के साथ सभी तकनीकी फर्म्स को नए कानूनों का पालन करना होगा या भारी जुमार्ना का सामना करना पड़ेगा और उनकी साइटों को अवरुद्ध कर दिया जाएगा।

ब्रिटिश अखबार द गार्डियन ने आंतरिक बाजार के लिए यूरोपीय संघ के आयुक्त थियरी ब्रेटन के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि टेस्ला प्रमुख मस्क को नए सहमत डिजिटल सेवा अधिनियम का पालन करना होगा, जो अभद्र भाषा जैसी अवैध सामग्री से निपटने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए आवश्यकता होती है। श्री ब्रेटन ने कहा, चाहे कार हो या सोशल मीडिया यूरोप में काम करने वाली किसी भी कंपनी को शेयरधारिता की परवाह किए बिना हमारे नियमों का पालन करने जरूरी है। श्री मस्क यह अच्छी तरह से जानते हैं। वह ऑटोमोटिव पर यूरोपीय नियमों से परिचित हैं और जल्द ही डिजिटल सेवा अधिनियम को अपनाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि 2024 में लागू होने वाले नए नियमों का उल्लंघन करने पर वैश्विक कारोबार के छह प्रतिशत तक का जुमार्ना और दोहराने वाले अपराधियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा। उधर, ईयू और ब्रिटेन की चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मस्क ने ट्वीट कर कहा, स्वतंत्र भाषण से डरने वाले इस तरह की प्रतिक्रिया देते हैं। फ्री स्पीच से मेरा सीधा मतलब है, जो कानून के अनुसार हो। मैं सेंसरशिप के खिलाफ हूं, जो कानून से बहुत आगे जाती है। उन्होंने कहा, यदि लोग कम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं, तो वे सरकार से इस संबंध कानून पारित करने के लिए कहेंगे। इसलिए, कानून से परे जाना लोगों की इच्छा के विपरीत है। उल्लेखनीय है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क ने सोमवार को ट्विटर को 44 अरब खरीदा और इस प्रकार उसे 21.7 करोड़ उपयोगकताओं वाले मंच का नियंत्रण पा लिया।

## कोविड-19 को खत्म करने के लक्ष्य से आगे बढ़े देशों में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतरः अध्ययन

टोरंटो (कनाडा), एजेंसी

कोविड-19 से निपटने के लिए कड़ी पाबंदियां लगाने वाले देशों में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य, उन देशों की तुलना में खराब पाया गया है जिन्होंने वैश्विक महामारी को खत्म करने की दिशा में कदम उठाए। द लैंसेट पब्लिक हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया है।

कनाडा में साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के नेतृत्व वाले एक दल ने अप्रैल 2020 से जून 2021 के बीच 15 देशों के दो सर्वेक्षणों के आंकड़ों पर गौर किया।

अध्ययन में देशों को दो श्रेणियों में बांटा गया। एक श्रेणी में उन देशों को रखा गया, जिन्होंने वैश्विक महामारी को खत्म करने की कोशिश की और दूसरी श्रेणी में उन देशों को शामिल किया गया, जिनका उद्देश्य देश के भीतर संक्रमण के प्रसार को रोकना या कम करना था।

वैश्विक महामारी को खत्म करने की कोशिश करने वाले देशों की सूची में ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर और



दक्षिण कोरिया को शामिल किया गया। वहीं, संक्रमण को फैलने से रोकने की कोशिश करने वाले देशों की सूची में कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन और ब्रिटेन को रखा गया।

दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों ने जल्दी और लक्षित कार्रवाइयां कीं, जैसे कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंध लगाएं जिससे कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप वहां कम दिखा, इससे संक्रमण से मौत के मामले कम सामने आए और इससे लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव भी कम पड़ा।

कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे संक्रमण को फैलने से रोकने की कोशिश करने वाले देशों ने यात्रा प्रतिबंधों में ढिलाई दिखाई और सामाजिक दूरी कायम करने, समारोह पर रोक लगाने और लोगों को घर तक सीमित करने की नीति पर अधिक जोर दिया। अध्ययन में कहा गया कि इन कदमों से ऐसे देशों में सामाजिक संबंध सीमित हो गए, जो मनोवैज्ञानिक परेशानियों का कारण बने।

साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी की मनोविज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर लारा अकनिन ने कहा कि ऐसे समय में सरकार द्वारा अपनाई नीतियां चर्चा का विषय रही हैं। वैश्विक महामारी को खत्म करने की कोशिश करने वाले देशों की बात करें तो ऐसा लगता है कि उन्होंने कड़े कदम उठाए लेकिन सच्चाई यह है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंध लगाने से देश के अंदर मौजूद लोग आजादी का अनुभव कर पाए।

शोधकताओं ने कहा कि वैश्विक महामारी से निपटने की प्रभावी नीतियों में मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के तरीकों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### रूसी बलों ने पूर्वी यूक्रेन पर गोलाबारी तेज की

**पोकरोव्स्क (यूक्रेन)।** रूसी बलों ने पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज कर दिए हैं,जिससे बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। दोनेत्सक क्षेत्र के पोकरोव्स्क शहर में लोग मंगलवार को देश के सुदूर पश्चिमी इलाके में जाने के लिए एक ट्रेन में सवार होने के वास्ते कतार में लगे नजर आए। व्हीलचेयर पर बैठे एक व्यक्ति और स्ट्रेचर पर लेटे एक व्यक्ति को ट्रेन में चढ़ाया गया। कतार में लगे कुछ लोगों के साथ उनके कुत्ते और बिल्लियां भी थीं। स्थानीय नागरिक मायकोला कारशेंको ने कहा कि सोमवार को गोलाबारी के दौरान, हम भूतल में थे और मेरी बेटी वहां नहीं आ पायी और दरवाजे पर ही उसे छर्रे लग गए। हमें उसे पास के ही एक बाग में दफनाना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके गांव रेमिवका जो यहां से कम से कम 70 किलोमीटर दूर है, वहां चार दिन से भारी गोलीबारी हो रही है और सब कुछ तबाह हो गया है।

## चेर्नोबिल पर रूसी कब्जे के बाद हादसे का खतरा काफी बढ़ गया है : परमाणु संयंत्र के प्रमुख

चेर्नोबिल (यूक्रेन), एजेंसी

चेर्नोबिल में दुनिया की सबसे भीषण परमाणु आपदा के करीब 36 साल बाद, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रूसी सैनिकों के कब्जे के बाद वहां हादसे का खतरा काफी बढ़ गया है।

बारिश में अपना छाता थामे क्षतिग्रस्त संयंत्र के बाहर खड़े एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि विकिरण का स्तर सामान्य है, लेकिन स्थिति अब भी स्थिर नहीं है। परमाणु संयंत्र के अधिकारियों को सतर्क रहना होगा।

यूक्रेनी राजधानी की ओर बढ़ते हुए फरवरी में रूसी सैनिक चेर्नोबिल के अपवर्जन क्षेत्र में दाखिल हो गए थे। रूस के यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के क्षेत्रों से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के मद्देनजर पिछले महीने के अंत में वह वहां से निकले। रूसी सेना अब पूर्वी यूक्रेन की ओर अपना ध्यान केन्द्रित कर रही है। रूसी सेना के हटने के बाद से



- यूक्रेनी राजधानी की ओर बढ़ते हुए फरवरी में रूसी सैनिक चेर्नोबिल के अपवर्जन क्षेत्र में दाखिल हो गए थे।

यह क्षेत्र वापस यूक्रेन के कब्जे में आ गया है और बाधित संचार बहाल कर दिया गया है।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि एक महीने से अधिक समय तक उस पर कब्जा करने वाले रूसी लोगों ने बंदूकों के दम पर संयंत्र के कर्मचारियों को वहां रखा। इस दौरान कर्मचारी मेज के ऊपर सोते थे और उन्हें ठीक से भोजन भी नहीं मिल रहा था।

ग्रॉसी ने बिजली व्यवधान सहित कब्जे के दौरान संभावित जोखिमों को कम करने के लिए कर्मचारियों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हम आपदा के कितने करीब हैं, लेकिन स्थिति यकीनन असामान्य और बहुत, बहुत खतरनाक है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्विटर पर कहा कि हर कोई परमाणु ऊर्जा के खतरे को नहीं समझ सकता। उन्होंने कहा, यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में रूस की कार्रवाई से मानवता के लिए एक नया खतरा उत्पन्न हो गया है।

गौरतलब है कि चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र पर 26 अप्रैल, 1986 में दुनिया की सबसे भीषण परमाणु दुर्घटना हुई थी, जब एक परमाणु रिएक्टर में विस्फोट के बाद रेडियोधर्मी विकिरण फैल गया था। रूस सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने क्षेत्र में स्थिति सामान्य करने और उसे सुरक्षित बनाने के लिए अरबों डालर खर्च किए थे।

### सऊदी अरब के पर्यटन के लिए भारत प्रमुख बाजार हैः फाहद हमीदाद्दीन

**मनीला।** सऊदी अरब ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया है और वह भारत को एक प्रमुख बाजार मानता है। सऊदी अरब के पर्यटन बोर्ड के सीईओ फाहद हमीदाद्दीन ने यह जानकारी दी। हमीदाद्दीन ने कहा, हम भारत की यात्रा पर गए थे, वहां कई यात्रा एजेंटों से मुलाकात की और कुछ आशाजनक साझेदारियां कीं। अब हमारा ध्यान हवाई परिवाहकों पर है। हम भारत से मार्गों को विकसित करना चाहते हैं और इन मार्गों को बढ़ाना चाहते हैं। हम भारत से अपने व्यापार साझेदारों के साथ स्थलों को बढ़ावा देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस साल हस्ताक्षर होने वाले द्विपक्षीय समझौतों से काफी उम्मीद कर रहा हूं क्योंकि हम मानते है कि भारत सऊदी अरब के लिए निश्चित तौर पर एक अहम बाजार है। सरकार आराम, व्यापार और धार्मिक यात्रा के लिए वीजा और हवाई संपर्क के मुद्दे पर भी काम कर रही है। उन्होंने उमरा को आसान और मुस्लिम दुनिया के यात्रियों के लिए कम महंगी बनाने के प्रयासों का भी जिक्र किया। हमीदाद्दीन ने कहा कि भारतीय यात्री पश्चिम एशिया से भलीभांति परिचित हैं। उन्होंने कहा, मुसलमान ऐतिहासिक रूप से सऊदी अरब आते हैं। जहां तक पहुंच का सवाल है तो हम इसे काफी आसान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में भारतीय मूल के मलेशियाई व्यक्ति को फांसी

सिंगापुर, एजेंसी

मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए गए भारतीय मूल के मलेशियाई व्यक्ति नागेंद्रन धर्मलिंगम को बुधवार को सिंगापुर में फांसी दे दी गई। उनके परिवार ने मीडिया को यह जानकारी दी। ऐसा कहा जाता है कि धर्मलिंगम मानसिक रूप से अस्वस्थ था। सजा के संबंध में धर्मलिंगम की मां की एक अपील मंगलवार को कोर्ट ऑफ अपील ने खारिज कर दी थी।


धर्मलिंगम (34) को 2009 में 42.72 ग्राम हेरोइन आयात करने के मामले में 2010 में दोषी ठहराया गया था और मौत की सजा सुनाई गई थी। वह सिंगापुर में प्रवेश करते समय वुडलैंड्स चेकपॉइंट (प्रायद्वीपीय मलेशिया के साथ एक कॉजवे लिंक) पर पकड़ा गया था, उसकी जांघ पर नशीले पदार्थों के बंडल बंधे थे। सिंगापुर का मादक पदार्थ से जुड़ा कानून दुनिया का सबसे सख्त कानून है। धर्मलिंगम के भाई नवीन कुमार ने बरनामा न्यूज एजेंसी को बताया कि धर्मलिंगम को बुधवार सुबह फांसी दे दी गयी और उनका अंतिम संस्कार मलेशिया के इपोह में किया जाएगा। धर्मलिंगम ने 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में दोषी ठहराए जाने के बाद से सजा से बचने के सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर लिया था। उसे पिछले साल 10 नवंबर को फांसी दी जानी थी, लेकिन उसने इसके खिलाफ याचिका दायर कर दी थी। धर्मलिंगम का मामला अत्यधिक विवादास्पद था, चिकित्सकों ने उसकी जांच की थी और उसका आईक्यू स्तर 69 पाया गया था, जो दिखाता है कि व्यक्ति बौद्धिक रूप से कमजोर है। सिंगापुर के गृह मंत्रालय ने पहले के एक बयान में कहा था, कोर्ट ऑफ अपील ने पाया कि यह कृत्य एक आपराधिक दिमाग का काम था....


उत्तरी मलेशिया से सिंगापुर आई धर्मलिंगम की मां ने अपने बेटे को बचाने की आखिरी कोशिश करते हुए अदालत का रुख किया था, लेकिन मंगलवार को कोर्ट ऑफ अपील ने उनका आवेदन खारिज कर दिया। अदालत ने अपील खारिज करते हुए कहा था कि धर्मलिंगम के खिलाफ कानून के तहत उचित प्रक्रिया का पालन किया गया।
















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129